जबलपुर मंगलवार 28 जुलाई 2026 > शक संवत 1948, अषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी

वर्ष 32 अंक 33 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत



अब हर रोज दर्पण ⏩ 3

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

मौसम
अधिकतम तापमान 34.4°C
न्यूनतम तापमान 26.4°C
सूर्योदय - 5.40 | सूर्यास्त - 6.54


चावल घोटाले की आंच भाजपा संगठन तक... ⏩ 4


मां के साथ तस्वीर शेयर कर भावुक हुए सनी देओल... ⏩ 7


टीएल बैठक में कलेक्टर के सख्त निर्देश... ⏩ 8

# शांतिपूर्ण विरोध संवैधानिक हक, पुलिस की ज्यादती नहीं चलेगी

नई दिल्ली

देशभर और खासकर दिल्ली में छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस की ज्यादती पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी सामने आई है। शांतिपूर्वक तरीके से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज और आंसू गैस चलाने वाले में मामले सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस प्रशासन को जमकर फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार एक संवैधानिक गारंटी है। सिर्फ आंदोलन होने की वजह से प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की कथित ज्यादती को सही नहीं ठहराया जा सकता। सीजेआई सूर्यकांत सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने यह भी संकेत दिया कि देश भर में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों को आसान बनाने और अधिकारियों को असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने में सक्षम बनाने के लिए एक समान प्रोटोकॉल की जरूरत है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार संविधान में है। शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार पूरी तरह से गारंटीकृत है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता। सिर्फ इसलिए कि आंदोलन हो रहा है, पुलिस की ज्यादती को सही नहीं ठहराया जा सकता। हालांकि, कोर्ट ने विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिसकर्मियों पर हमले के आरोपों पर भी चिंता जताई। जब एक वकील ने बेकाबू भीड़ द्वारा पुलिसकर्मियों के घायल होने और उनके परिवारों पर हमले की घटनाओं का जिक्र किया, तो जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने कहा, पुलिस को चोट पहुंचना भी उतनी ही चिंता की बात है। हम राज्य से जवाब मांग सकते हैं कि पर्याप्त सुरक्षा उपाय क्यों नहीं किए गए।

छात्रों पर लाठीचार्ज के मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त!



## प्रदर्शन के लिए गाइडलाइन बनाने की जरूरत

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि देश भर में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों के लिए एक प्रोटोकॉल होना चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, जब कोई शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन करना चाहता है, तो एक प्रोटोकॉल होना चाहिए। उसके लिए उचित जगह होनी चाहिए। इस मामले में कोई बाधा नहीं है। लेकिन अगर कोई असामाजिक तत्व है, तो उससे निपटा जा सकता है। कोर्ट ने आगे कहा कि इस मुद्दे के लिए पूरे देश में एक जैसा नजरिया अपनाने की जरूरत है और एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए जरूरी गाइडलाइंस बनाने की बात कही। इस मामले की अगली सुनवाई मंगलवार को होगी।

## टास्क फोर्स के सुझावों पर नजर: सुप्रीम कोर्ट

नीट परीक्षा मामले में पीएम नरेंद्र मोदी ने टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम देखेंगे कि नंदन नीलेकणि की अगुवाई वाली हाई-पावर्ड टास्क फोर्स नीट परीक्षा को ऑनलाइन आयोजित करने के बारे में क्या सुझाव देती है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि कुछ अलग और नए सुझावों की जरूरत है, खासकर तब जब नीट परीक्षा को फिजिकल मोड से ऑनलाइन मोड में बदला जा रहा हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऑनलाइन नीट परीक्षा आयोजित करने के लिए हमें साइबर सिक्योरिटी और डेटाबेस की सुरक्षा के मामले में कुछ अतिरिक्त सुरक्षा उपायों की जरूरत है।

### नीट केस: फास्ट ट्रैक कोर्ट में पहले दिन सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में राउज एवेन्यू की स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट में सोमवार को पहले ही दिन सुनवाई टल गई। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से कोई सरकारी वकील मौजूद नहीं था। इसके बाद कोर्ट ने डायरेक्टर ऑफ प्रोसिक्यूशन को सीबीआई का पक्ष रखने के लिए सरकारी वकील नियुक्त करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आरोपी दिनेश बिवाल और विकास बिवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई 3 अगस्त तक टाल दी।

### इंडिगो फ्लाइट की राजकोट में इमरजेंसी लैंडिंग

**राजकोट।** दुबई से मुंबई आ रही इंडिगो की फ्लाइट आईजीओ1452 की राजकोर्ट एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक पायलट ने विमान के कार्गो कंपार्टमेंट से धुआं निकलते देखा था, इसके बाद राजकोट एयरपोर्ट को इमरजेंसी की सूचना देकर फ्लाइट को राजकोट में लैंड कराया। इंडिगो की फ्लाइट में पायलट क्रू समेत 194 यात्री सवार थे। एयरपोर्ट के अफसरों के अनुसार फ्लाइट में सवार सभी पैसेंजर और क्रू को सुरक्षित उतार लिया गया है।

### एसआईटी में सीए को भी शामिल करो: सुको

**नई दिल्ली।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की सोमवार दोपहर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया- नई एसआईटी बना दी गई है। आईजी किरण एस इसे लीड कर रहे हैं। टीम में एक डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल, एक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भी शामिल हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने सॉलिसिटर जनरल से पूछा- क्या चोरी की जांच कर रही एसआईटी की इस नई टीम को हर चीज का एक्सेस होगा? इसपर तुषार मेहता ने हामी भरी। सीजेआई ने कहा- हम इस जांच को बंद नहीं कर रहे हैं। चोरी के इस मामले में और भी सुधार के कदम उठाने होंगे। एसआईटी में फोरेंसिक ऑडिटर को शामिल करिए।

# अब पेपर लीक माफिया की खैर नहीं

## विपक्षी हंगामे के बीच लोकसभा में पेश हुआ एंटी पेपर लीक बिल

नई दिल्ली

देशभर में नीट पेपर लीक मामले को लेकर हुए छात्र आंदोलनों और शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवालों के बीच केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया। इस विधेयक में पेपर लीक और परीक्षा में धांधली करने वालों के खिलाफ पहले से कहीं ज्यादा सख्त सजा का प्रस्ताव रखा गया है। विधेयक को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में पेश किया। इस दौरान विपक्ष छात्र प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में नारेबाजी कर रहा था। प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति पेपर लीक या सार्वजनिक परीक्षा में अनुचित साधनों का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा जाता है तो उसे कम से कम 5 साल और अधिकतम 10 साल तक की जेल हो सकती है। साथ ही 50 लाख रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जा सकेगा। अगर मामला संगठित अपराध से जुड़ा हुआ पाया जाता है तो दोषियों को कम से कम 7 साल की जेल और 10 करोड़ रुपये तक का जुर्माना भरना होगा। विधेयक में प्रश्नपत्र लीक करना, ओएमआर शीट से छेड़छाड़, फर्जी वेबसाइट बनाना, नकली एडमिट कार्ड जारी करना, परीक्षा से जुड़ी अन्य धोखाधड़ी जैसे 15 प्रकार के अपराधों को स्पष्ट रूप से शामिल किया गया है।




### मौजूदा कानून से कैसे अलग है नया प्रस्ताव?

वर्तमान कानून के तहत पेपर लीक और नकल जैसे मामलों में 3 से 5 साल तक की जेल का प्रावधान है। वहीं संगठित तरीके से परीक्षा में धांधली करने वालों के लिए 5 से 10 साल की सजा और कम से कम 1 करोड़ रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया है। अब सरकार ने नये विधेयक में सामान्य पेपर लीक के मामलों में भी सजा और जुर्माने को और अधिक कड़ा करने का प्रस्ताव रखा है।

### तीन महीने में मुकदमे का फैसला

पेपर लीक मामलों की जांच दो महीने के भीतर पूरी करनी होगी। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का अधिकार होगा। चार्जशीट दाखिल होने के बाद तीन महीने के भीतर मुकदमे का निपटारा करने का लक्ष्य रखा गया है। फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामलों की रोजाना सुनवाई होगी। विधेयक में केंद्र सरकार को जरूरत पड़ने पर विशेष जांच दल गठित करने का अधिकार भी दिया गया है।

### परीक्षा प्रक्रिया के लिए नए मानक

विधेयक में परीक्षा की पूरी प्रक्रिया को सुरक्षित बनाने के लिए कई नए प्रावधान भी जोड़े गए हैं। इनमें परीक्षा केंद्रों का प्री-ऑडिट, उम्मीदवारों की बायोमेट्रिक जांच, सुरक्षा और स्क्रीनिंग, सीट आवंटन की व्यवस्था, प्रश्नपत्र तैयार करने और सुरक्षित अपलोड करने की प्रक्रिया, परीक्षा के दौरान निगरानी, परीक्षा के बाद की प्रक्रिया, दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए स्क्राइब संबंधी दिशा-निर्देश शामिल हैं।

### आज होगी विधेयक पर चर्चा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विभिन्न राजनीतिक दलों के फ्लोर नेताओं से लगातार बातचीत की। उन्होंने इस विधेयक पर छह घंटे की विशेष चर्चा का प्रस्ताव रखा और कहा कि देश की प्रतियोगी परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए सभी दलों का एकजुट होना जरूरी है। इस पहल के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों इस बात पर सहमत हो गए कि मंगलवार को विधेयक पर विस्तार से चर्चा होगी।

### स्तीफे के बाद संसद में बोले धर्मेंद्र प्रधान

## मैं एसी कमरों में बैठने वाला एक्टिविस्ट नहीं, स्ट्रीट फाइटर हूं

**नई दिल्ली।** पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सोमवार को संसद पहुंचे। संसद परिसर में प्रधान के पहुंचते ही भाजपा और एनडीए सांसदों की भीड़ उनका स्वागत करने पहुंची। विपक्षी सांसदों ने भी उनसे मुलाकात की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक विपक्षी सांसद ने तंज कसा कि यह पहली बार है, जब किसी मंत्री ने आरोप का सामना किए बिना इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने भी कहा- ऐसा होता रहता है। इस पर धर्मेंद्र प्रधान ने जवाब दिया, मैं स्ट्रीट फाइटर हूं, एसी कमरों में बैठने वाला एक्टिविस्ट नहीं। प्रधान ने 25 जुलाई को शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। कॉकरोच जनता पार्टी ने नीट पेपर लीक केस में उनके इस्तीफे की मांग करते हुए 36 दिन तक जंतर-मंतर पर धरना दिया था। कांग्रेस ने सोमवार को संसद भवन परिसर में पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का स्वागत करने पर बीजेपी की कड़ी आलोचना की। पार्टी ने कहा कि यह पूरी घटना बेहद शर्मनाक है और देश के युवाओं का घोर अपमान है। विपक्षी सांसदों ने 'चोर-चोर, पेपर चोर' जैसे नारे भी लगाए। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि बीजेपी सांसद प्रधान का ऐसे स्वागत कर रहे थे जैसे उन्होंने कोई बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की हो। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश पहले ही देख चुका है कि पेपर लीक के मामले में इस्तीफा देते समय माफी मांगने के बजाय, प्रधान ने छात्रों पर ही गुमराह होने का आरोप लगाया था, और उसके बाद सभी केंद्रीय मंत्रियों ने सोशल मीडिया पर उनकी तारीफ की थी। उन्होंने लिखा- बीजेपी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या पेपर लीक, चरमराती शिक्षा व्यवस्था, छात्रों पर लाठीचार्ज और पैलेट गन चलाने के बावजूद प्रधान का काम सराहनीय था? अगर नहीं, तो यह सम्मान किसलिए है? और अगर हां, तो क्या बीजेपी देश के युवाओं और छात्रों को यही संदेश देना चाहती है?



# अवैध लकड़ी पकड़ने गई वन विभाग की टीम पर हमला

## डिप्टी रेंजर का पैर टूटा, दो अन्य वनकर्मियों को भी पीटा

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली वन परिक्षेत्र के किरौला गांव के पास सोमवार को वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। जंगल से अवैध लकड़ी से भरी बैलगाड़ी जब्त करने की कार्रवाई के दौरान यह घटना हुई। हमले में डिप्टी रेंजर कमलेश बाथम गंभीर रूप से घायल हो गए, उनके पैर में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। दो अन्य वनकर्मियों को भी चोटें आई हैं। वन विभाग को सूचना मिली थी कि किरौला के जंगल से अवैध रूप से पेड़ काटकर बैलगाड़ियों में लकड़ी ले जाई जा रही है। इस सूचना पर आठ सदस्यीय वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने लकड़ियों से भरी एक बैलगाड़ी जब्त कर उसे ट्रैक्टर के जरिए मुंगावली ला रही थी। रेंजर विनिता साहू के अनुसार, इसी दौरान बैलगाड़ी के साथ मौजूद तीन लोगों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में 10 से 12 ग्रामीण पांच बाइकों पर मौके पर पहुंच गए और रास्ते में ट्रैक्टर को रोक लिया। ट्रैक्टर ड्राइवर मौके से भाग निकला, जबकि पीछे आ रही वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला बोल दिया। वन विभाग के मुताबिक, हमलावरों ने पत्थरों की बरसात की और डंडों व कुल्हाड़ी से मारपीट की। इस हमले में डिप्टी रेंजर कमलेश बाथम का पैर टूट गया।



### आयुष्मान भारत 'निरामयम' के तहत एनएबीएच मान्यता प्राप्त अस्पतालों को मिलेगी सहज संबद्धता

**भोपाल।** आयुष्मान भारत 'निरामयम' मध्यप्रदेश के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तरीय समिति (एसईसी) ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके तहत पूर्ण एनएबीएच मान्यता प्राप्त अस्पतालों को बिना भौतिक निरीक्षण के योजना में संबद्धता प्रदान की जाएगी। साथ ही, उनकी एनएबीएच मान्यता के अनुरूप विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को भी स्वीकृति दी जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद शाह ने बताया कि इस व्यवस्था से अस्पतालों की संबद्धता प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध होगी। साथ ही प्रदेश के आयुष्मान हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण एवं विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी। यह निर्णय प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के मानकीकरण, गुणवत्ता संवर्धन और हितग्राही-केंद्रित स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करेगा। निर्णय के तहत सुयश अस्पताल, इंदौर एवं चित्रकूट अस्पताल, जबलपुर को बिना भौतिक निरीक्षण के योजना में संबद्ध किया गया है। वहीं चिरायु अस्पताल, भोपाल एवं रामकृष्ण अस्पताल, भोपाल को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# छात्रों के खिलाफ पूरा सिस्टम ही जानलेवा: राहुल

## बिहार में एके-47 से फायरिंग करनेवाला पुलिसकर्मी सस्पेंड

सीवान

छात्रों पर लाठीचार्ज और धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर 25 जुलाई को बिहार बंद बुलाया गया। इस दौरान पूरे प्रदेश में जमकर हंगामा और बवाल हुआ। 11 जिलों से पथराव और लाठीचार्ज की खबर आई। सबसे ज्यादा हंगामा सीवान में हुआ। जहां प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग की गई। अब इस मामले में कार्रवाई हुई है, सीवान में स्टूडेंट प्रोटेस्ट के दौरान, एके-47 से फायरिंग करने वाले एसपी पूरन झा के बॉडीगार्ड अभिषेक पटेल को सस्पेंड कर दिया गया है। अब ये मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने जनहित याचिका दायर की है। मामले पर कल सुनवाई होगी। पूरे मामले पर राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधते हुए एक्स पर लिखा- छात्रों के खिलाफ पूरा का पूरा सिस्टम ही जानलेवा है। खबर आ रही है कि बिहार में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर एके-47 से गोलियां चलाई गई हैं और सैकड़ों छात्रों को गिरफ़्तार करके उनपर एफआईआर की जा रही है। मोदी जी, कहां गया आपका वादा कि छात्रों पर कोई एफआईआर नहीं की जाएगी और उन्हें रिहा कर दिया जाएगा? उल्टा उनपर घातक हमले और बर्बरता की जा रही है। दिल्ली में छात्रों पर पेलेट गन चली और बिहार में एके-47। उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार हो या दिल्ली -हर जगह पैटर्न एक ही है। पहले भी कहा है, ये सरकार झूठी है। सुधार इनके बस का नहीं है। अपनी बातों से मुकर जाएगी और हर तरकीब से छात्रों की आवाज़ दबाएगी। मोदी जी, देश के छात्रों से माफ़ी मांगिए। और जिन्होंने छात्रों पर हमला किया है, उन्हें कुचला है उनपर कार्रवाई कीजिए, छात्रों पर नहीं।



### सीजेपी का सरकार को अल्टीमेटम

# वादे के बावजूद हो रही पुलिस कार्रवाई

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने सरकार पर समझौते के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए एक बार फिर से आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह को एक्स पर सीधे तौर पर लिखते हुए पुलिस कार्रवाई और छात्रों की गिरफ्तारी पर कड़ी आपत्ति जताई है। आशुतोष ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगें तुरंत नहीं मानी गईं, तो वे दोबारा धरने पर बैठने को मजबूर होंगे। आशुतोष रांका का कहना है कि सरकार के साथ यह तय हुआ था कि किसी भी प्रदर्शनकारी पर पुलिस कार्रवाई नहीं की जाएगी, लेकिन इस वादे को पूरी तरह से तोड़ा जा रहा है। आरोप है कि बिहार और बंगाल में सैकड़ों छात्रों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली और अन्य राज्यों में सैकड़ों छात्रों की निगरानी की जा रही है और उन्हें परेशान किया जा रहा है। दिल्ली से ऐसी कई रिपोर्टें सामने आ रही हैं कि जो वालंटियर्स प्रदर्शनकारियों तक रसद और अन्य जरूरी सामान पहुंचा रहे थे, उन्हें भी हिरासत में लिया गया है। रांका ने मांग की है कि कानूनी मामलों की वापसी को लेकर हुए समझौते का लिखित मसौदा, तय समय-सीमा के अनुसार कल तक उनके साथ साझा किया जाए। रांका ने लिखा है कि यदि इन मांगों को नजरअंदाज किया गया और वादे के मुताबिक कार्रवाई नहीं रोकी गई, तो उनके पास दोबारा बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन शुरू करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।



# निवेश का नया केंद्र बनेगा मध्यप्रदेश

## कल नई दिल्ली में होगी हितधारक परामर्श राउण्ड टेबल बैठक

भोपाल

मध्यप्रदेश को देश के अग्रणी लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग हब के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए 29 जुलाई 2026 को नई दिल्ली स्थित नवीन मध्यप्रदेश भवन में स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन राउंडटेबल ऑन लॉजिस्टिक्स का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में उद्योग जगत, लॉजिस्टिक्स कंपनियों, निवेशकों तथा नीति-निर्माताओं के साथ मध्यप्रदेश लॉजिस्टिक्स नीति एवं योजना-2025 के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा होगी। मध्यप्रदेश अपनी देश के मध्य में स्थित रणनीतिक भौगोलिक स्थिति, उत्कृष्ट सड़क, रेल एवं हवाई संपर्क तथा उद्योग-अनुकूल नीतियों के कारण देशभर में लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग निवेश के लिए सबसे उपयुक्त राज्यों में तेजी से उभर रहा है। राज्य सरकार का उद्देश्य मध्यप्रदेश को पैन-इंडिया वितरण नेटवर्क का प्रमुख केंद्र बनाना है। राज्य में 5 लाख किलोमीटर से अधिक सड़क नेटवर्क, 46 से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग, 8 संचालित हवाई अड्डे, विशाल रेल संपर्क तथा आधुनिक लॉजिस्टिक्स अवसंरचना निवेशकों को आकर्षित कर रही है। राज्य में मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क, इनलैंड कंटेनर डिपो तथा अत्याधुनिक वेयरहाउसिंग सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश में वर्तमान में 40 मिलियन मीट्रिक टन वेयरहाउसिंग क्षमता, 13.2 मिलियन मीट्रिक टन कोल्ड स्टोरेज क्षमता तथा अधिशेष भंडारण क्षमता उपलब्ध है। राज्य में अदाणी लॉजिस्टिक्स, ऑलकार्गो, टीसीआई, एफएससी जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों की मजबूत उपस्थिति भी निवेशकों के विश्वास को दर्शाती है। राज्य सरकार की निवेशक-अनुकूल नीतियां, मजबूत आधारभूत संरचना, आकर्षक प्रोत्साहन तथा सुगम व्यवसायिक वातावरण मध्यप्रदेश को लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग क्षेत्र में निवेश के लिए एक आदर्श गंतव्य बना रहे हैं। इंदौर और भोपाल में प्रस्तावित मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क इस क्षेत्र को नई गति प्रदान करेंगे। नई दिल्ली में आयोजित होने वाली यह राउण्ड टेबल बैठक उद्योग जगत के सुझावों के आधार पर राज्य की लॉजिस्टिक्स नीति के प्रभावी क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त करेगी तथा मध्यप्रदेश को देश के प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।



# लिंग परीक्षण की शिकायत पर सोनोग्राफी सेंटरों पर की गई छापेमार कार्यवाही

### अवैध गर्भपात के नेटवर्क की जांच शुरू, दस्तावेज जब्त, दोनों सेंटर सील



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार शाम एक बड़े संयुक्त अभियान में दो सोनोग्राफी सेंटरों पर छापा मारकर उन्हें सील कर दिया। प्रारंभिक जांच में लिंग परीक्षण, रिकॉर्ड में गड़बड़ी और अवैध गतिविधियों के संकेत मिलने पर दस्तावेज जब्त किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर सेंटर संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनु बेनीवाल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओमती थाना क्षेत्र में अंजुमन स्कूल के सामने संचालित डॉ. राजेंद्र अग्रवाल के सोनोग्राफी सेंटर में लंबे समय से अवैध रूप से लिंग परीक्षण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर सीएमएचओ डॉ. नवीन कोठारी की टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई। इसी दौरान अधारताल स्थित उनके दूसरे सोनोग्राफी सेंटर पर भी एक साथ छापा मारा गया।

#### रिकॉर्ड व दस्तावेज जब्त किए

कार्रवाई के समय दोनों सेंटरों पर कई गर्भवती महिलाएं मौजूद थीं। जांच के दौरान टीम ने रजिस्टर, रिकॉर्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए। प्रारंभिक जांच में रिकॉर्ड में कई अनियमितताएं सामने आईं। अधिकारियों के अनुसार रजिस्टर में दर्ज कई महिलाओं की उम्र कम पाई गई, जबकि कुछ मामलों में नाम और पते भी संदिग्ध मिले हैं। एएसपी अनु बेनीवाल ने बताया कि जब्त दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। रजिस्टर में दर्ज महिलाओं के नाम, पते और मोबाइल नंबरों के आधार पर उनसे भी पूछताछ की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद सेंटर संचालक के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान अवैध लिंग परीक्षण और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों से जुड़े तथ्यों की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने दोनों सोनोग्राफी सेंटरों को सील कर दिया है। पुलिस का मानना है कि शहर में इस तरह के अन्य मामलों की भी जांच की जाएगी। यदि जांच में नियमों के उल्लंघन या अवैध गतिविधियों के प्रमाण मिलते हैं तो संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# जिनसार ने तिलवारा घाट पर दिया जल सुरक्षा का संदेश

### विश्व डूबने से बचाव दिवस पर नर्सिंग छात्रों ने सिखाए डूबने से बचाव के तरीके

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विश्व डूबने से बचाव दिवस के अवसर पर हितकारिणी सभा द्वारा संचालित जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़ एंड रिसर्च द्वारा यूनिटी टू टर्न द टाइड ऑन ड्राविंग थीम पर तिलवारा घाट में जल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को डूबने की घटनाओं से बचाव के प्रति जागरूक करना तथा जल स्त्रोतों के आसपास सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर बी.एससी. नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उपस्थित नागरिकों को डूबने के प्रमुख कारणों, जल सुरक्षा संबंधी सावधानियों एवं प्रभावी बचाव उपायों की जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों ने प्राथमिक जीवनरक्षक तकनीकों का प्रदर्शन किया तथा लाइफ जैकेट के उपयोग, असुरक्षित स्थानों पर तैराकी से बचने तथा जल स्त्रोतों के समीप बच्चों की निरंतर निगरानी रखने के महत्व पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई तथा विद्यार्थियों के इस जनजागरूकता अभियान की सराहना की।

**जल सुरक्षा के प्रति किया जागरुक**-इस पहल ने समुदाय में जल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा डूबने की घटनाओं की रोकथाम के लिए सुरक्षित व्यवहार अपनाने का प्रभावी संदेश दिया। कार्यक्रम प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी, प्राचार्य, जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़ एंड रिसर्च के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम मोहम्मद अलीम नर्सिंग ट्यूटर एवं सुश्री साक्षी पटेल नर्सिंग ट्यूटर द्वारा किया गया, जिनके कुशल निर्देशन एवं सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित हुआ। समग्र रूप से यह कार्यक्रम ज्ञानवर्धक, सहभागितापूर्ण एवं सफल रहा तथा जल सुरक्षा एवं डूबने से बचाव के प्रति जन-जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।



## पूर्व पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष का कांग्रेस सेवादल द्वारा सम्मान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

पावला के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं पूर्व पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष नेतराम पटैल के जन्मदिवस के अवसर पर कांग्रेस सेवादल द्वारा एक गरिमामयी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस खास मौके पर वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रमुख दिनेश यादव ने उपस्थित जनसमुदाय की हर्षध्वनि और करतल ध्वनि के बीच नेतराम पटैल को सार्वजनिक रूप से शाल एवं श्रीफल भेंट कर उनका आत्मीय अभिनंदन किया। दिनेश यादव ने समाज के प्रति श्री पटैल के योगदान की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, समृद्ध और दीर्घायु जीवन की कामना की।

# संगठन होगा मजबूत, हक की लड़ाई होगी तेज

### जबलपुर से लघु वेतन कर्मचारी संघ का बड़ा संकल्प



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के सशक्त संगठन संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत आज संभागीय मुख्यालय जबलपुर स्थित इंडियन कॉफी हाउस में एक महत्वपूर्ण संभागीय सम्मेलन एवं संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संघ के यशस्वी प्रांताध्यक्ष माननीय महेंद्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। संभागीय अध्यक्ष विपिन पीपरे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कार्यक्रम में संगठन को अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। साथ ही कर्मचारियों की वर्षों से लंबित ज्वलंत समस्याओं पर विस्तृत चर्चा कर आगामी आंदोलन एवं संगठनात्मक रणनीति तैयार की गई। बैठक में प्रमुख रूप से चतुर्थ श्रेणी के सभी पात्र कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान करने, पदोन्नति में सीपीसीटी की बाध्यता समाप्त करने, कार्यभारित एवं स्थायी कर्मचारियों के नियमितीकरण सहित अन्य कर्मचारी हितैषी मांगों को लेकर सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रदेश स्तर पर अब तक किए गए प्रयासों एवं उपलब्धियों की जानकारी भी उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को दी गई। कार्यक्रम के दौरान नवगठित संभागीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए तथा सभी पदाधिकारियों ने संगठन को गांव-गांव और विभाग-दर-विभाग मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संघ के प्रदेश महामंत्री अजय कुमार दुबे, उपप्रांताध्यक्ष अजय गौतम एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुशवाहा की विशेष गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष विपिन पीपरे, प्रशांत श्रीवास्तव, संजय रजक, सुरेश वाल्मीकि, रोहित कुशवाहा, ओमप्रकाश पनगरहा, नरेश कुलस्ते, दिवेंद्र पटेल, पुणेश उइके, प्रेम नारायण ठाकुर, शंकर वानखेड़े, शिव नारायण साहू, चतुरु प्रसाद यादव, पुरुषोत्तम यादव, राजू महतो, हबीब खान, महबूब खान, सुधीर सोनी, सुनील पाठक, मनीष खरे, लालचंद मल्लाह, नंदकिशोर केवट, सुरेश धूलिया, निशा बैगा, अनीता पांडे सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सुरक्षित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने आयोजित हुई कार्यशाला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) की जीरो एक्सीडेंट नीति के प्रभावी क्रियान्वयन तथा सुरक्षित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्मिकों एवं आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए सुरक्षा एवं कार्यस्थल जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। अधीक्षण अभियंता एम.पी. पटेल की पहल एवं निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य प्रणाली, दुर्घटना निवारण, कार्यस्थल पर सतर्कता तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों के पालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सुरक्षा नियमों का पालन प्रत्येक कर्मचारी की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इससे न केवल मानव जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित होती है, बल्कि विद्युत पारेषण व्यवस्था की विश्वसनीयता भी बनी रहती है।

**वर्क परमिट प्रक्रिया से कराया अवगत**

220 केवी सबस्टेशन सिरमौर तथा 132 केवी सबस्टेशन कटरा एवं मऊगंज में आयोजित कार्यशाला में सबस्टेशनों की सुरक्षा, दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। कर्मचारियों को वर्क परमिट जारी करने एवं निरस्त करने की निर्धारित प्रक्रिया से अवगत कराया गया तथा इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रतिदिन रात्रि में स्विचयार्ड के हॉट प्वाइंट सर्वे, यार्ड में स्थापित पावर ट्रांसफार्मरों के दैनिक एवं गहन निरीक्षण तथा उपकरणों की नियमित मॉनिटरिंग के महत्व पर विशेष जोर दिया गया।

# हेरिटेज से टाइगर रिजर्व तक... पर्यटन क्विज में परखा जाएगा स्टूडेंट्स का नॉलेज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहर, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन स्थलों के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड, जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (जेएटीसीसी) तथा स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज-2026 का आयोजन 7 अगस्त को किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रत्येक विद्यालय से तीन-तीन विद्यार्थियों की टीम इस ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी।

**पंजीयन में बढ़ा उत्साह, स्कूलों ने तेज की तैयारी**- जेएटीसीसी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीयूष दुबे ने बताया कि पर्यटन विषय के प्रति विद्यार्थियों की रुचि लगातार बढ़ रही है। इस वर्ष प्रतियोगिता के लिए पंजीयन की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रही है। क्विज मास्टर सुनीता शर्मा के अनुसार ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद विद्यालयों में प्रतियोगिता की तैयारियां तेज हो गई हैं और छात्र-छात्राएं पर्यटन, इतिहास एवं संस्कृति से जुड़े विषयों का अध्ययन कर रहे हैं। प्रतियोगिता का आयोजन 7 अगस्त को चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। सुबह 9 से 10 बजे तक प्रतिभागियों का पंजीयन होगा। इसके बाद 10 से 12 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। दोपहर 12 से 2.30 बजे तक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा तथा 2.30 से 4.30 बजे तक अंतिम चरण के रूप में मल्टीमीडिया क्विज आयोजित होगी, जिसमें चयनित टीमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

#### ऐसे होंगे सवाल, पर्यटन ज्ञान की होगी असली परीक्षा

प्रतियोगिता में पर्यटन, कला, संस्कृति, आध्यात्म, प्राकृतिक पर्यावरण, वन्यजीव, ऐतिहासिक धरोहरों तथा मध्य प्रदेश में फिल्मांकित फिल्मों से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रतिभागियों से यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों, प्रसिद्ध मंदिरों, टाइगर रिजर्व, ऐतिहासिक स्मारकों और प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों से संबंधित तथ्यात्मक एवं रोचक प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान के साथ-साथ प्रदेश की विरासत के प्रति उनकी समझ को भी विकसित करना है।

#### विजेताओं को मिलेगा पर्यटन का पुरस्कार

प्रतियोगिता की प्रथम तीन विजेता टीमों को मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होटलों में दो रात्रि एवं तीन दिन के ठहराव का पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं अगली तीन उपविजेता टीमों को एक रात्रि एवं दो दिन के ठहराव का अवसर मिलेगा। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं आकर्षक उपहार प्रदान किए जाएंगे।

## अंजुमन इस्लामिया कॉलेज में दिखे देशभक्ति के रंग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पीडी अंजुमन इस्लामिया महिला महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर वीर शहीदों की शहादत को नमन करते हुए विविध देशभक्ति कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने और राष्ट्रगान के साथ हुई। इस मौके पर महाविद्यालय परिसर देशभक्ति के जज्बे और भारत माता के जयकारों से गुंजायमान रहा। कारगिल युद्ध के वीरों के अदम्य साहस को याद करने के लिए महाविद्यालय में निबंध लेखन, चित्रकला, पोस्टर मेकिंग, भाषण और देशभक्ति गीत प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

## बेटी-दामाद ने मां को फर्जी लॉकर की चाबी थमाकर कर दी ठगी

### एक साल तक फर्जी लॉकर का झांसा, बेटी-दामाद पर 22 लाख हड़पने का आरोप

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर में 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने अपनी ही बेटी, दामाद और उनके एक साथी पर करीब 22 लाख रुपए, एफडी और जेवर हड़पने का आरोप लगाया है। महिला का दावा है कि एक साल तक उसे फर्जी लॉकर की चाबी गले में लटकाकर यह विश्वास दिलाया जाता रहा कि उसकी जमा पूंजी और जेवर बैंक लॉकर में सुरक्षित हैं। बैंक पहुंचने पर पता चला कि उसके नाम से कोई लॉकर ही नहीं है। रांझी निवासी 75 वर्षीय लल्ली बाई केवट सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचीं और बेटी राजकुमारी केवट, दामाद चंद्रभान केवट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

महिला ने आरोप लगाया कि तीनों ने धोखे से उनकी एफडी, पेंशन की राशि और जेवरात अपने कब्जे में कर लिए। महिला ने पुलिस को वह चाबी भी दिखाई, जिसे बेटी-दामाद ने बैंक लॉकर की चाबी बताकर एक साल पहले उनके गले में पहनवा दिया था। जब वह यूनियन बैंक पहुंचीं तो बैंक प्रबंधन ने स्पष्ट कर दिया कि उनके नाम से कोई लॉकर मौजूद ही नहीं है लल्ली बाई ने बताया कि बेटी और दामाद हर महीने पेंशन आने पर उन्हें बैंक ले जाते थे। चेक पर अंगूठा लगवाकर रुपये निकाल लेते और कहते कि रकम बैंक लॉकर में जमा की जा रही है। इसी तरह उन्होंने घर के सभी जेवर भी यह कहकर अपने पास रख लिए कि उन्हें सुरक्षित लॉकर में रखा जाएगा। महिला का आरोप है कि बैंक में उनसे दस्तावेजों पर अंगूठा लगवाकर कई एफडी भी तुड़वा ली गईं और पूरी जमा राशि अपने नाम कर ली गई लल्ली बाई ने बताया कि वह जीसीएफ फैक्ट्री में कार्यरत थीं। पति की मृत्यु के बाद उन्हें अनुकंपा नियुक्ति मिली थी।

नौकरी और रिटायरमेंट के दौरान जमा की गई पूरी पूंजी, एफडी और लाखों रुपए के जेवर बेटी-दामाद ने धोखे से अपने कब्जे में ले लिए। कुल हेराफेरी करीब 22 लाख रुपए की बताई जा रही है। पुलिस ने शिकायत पर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# सावन की फुहारों के बीच सीनियर सिटीजन क्लब में रची मेहंदी



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

सावन के पावन महीने की फुहारों के बीच सैम सीनियर सिटीजन क्लब में लगातार 14वें वर्ष आओ सखी मेहंदी रचाएं प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में 22 से अधिक महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपनी उत्कृष्ट मेहंदी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान किसी प्रतिभागी ने पारंपरिक अरेबियन मेहंदी रचाई, तो किसी ने दुल्हन की आकृति उकेरी। वहीं कई प्रतिभागियों ने स्वस्तिक, और भगवान श्री गणेश के मनमोहक चित्र बनाकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। इन सुंदर कलाकृतियों ने उपस्थित सदस्यों और आगंतुकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में गायिका जुली राठौर एवं गीतकार विवेक श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों के बीच प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान की घोषणा करने के बजाय सभी 22 प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें समान रूप से घरेलू उपयोग की सामग्री भेंट कर सम्मानित किया। क्लब के सभी सदस्यों ने अतिथियों की इस पहल की सराहना की।कार्यक्रम का सफल संचालन नीरज शुक्ला ने किया, जबकि आयोजन की कमान संयोजक जादूगर एस.के. निगम के हाथों में रही। अंत में विंग कमांडर चंदन शर्मा ने सभी अतिथियों व सदस्यों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में रश्मि श्रीवास्तव, प्रभा श्रीवास्तव, सुनीता शुक्ला, सुनीता मेहंदीरत्ता, राजकुमारी रैकवार, आरती जायसवाल, सुनीता चौहान, उर्मिला श्रीवास्तव, माया गुप्ता, कमलेश, शोभा आचार्य एवं लक्ष्मी कटारिया की मेहंदी आकृतियों की विशेष रूप से प्रशंसा की गई।

### गौ सम्मान आवाहन अभियान

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** संपूर्ण भारत में चल रहे गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत सिहोरा नगर में गांव की सुरक्षा और सम्मान के लिए केंद्रीय स्वर पर कड़ा कानून बनाने व गौ माता को राष्ट्रमाता / राष्ट्र आराध्य या राष्ट्र धरोहर का सम्मान देने केंद्रीय गौ सेवा मंत्रालय वी गोचर बोर्ड आदि की मांग को लेकर विचार रैली मिलकर राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति के नाम अनु विभागीय अधिकारी को ज्ञापन सोपा गया ।

## पचेली काव्य वीथिका' का लोकार्पण तथा काव्य गोष्ठी संपन्न

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** नगर की साहित्यिक संस्था अभिव्यक्ति द्वारा रविवार को पचेली साहित्य को समर्पित एक भव्य साहित्यिक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक ने की, मुख्य अतिथि डॉ. कौशल दुबे तथा राजेंद्र सिंह ठाकुर रहे। अतिथियों ने विजय बागरी 'विजय' के संपादन, मदन पेंटर के सहसंपादन तथा राजेंद्र सिंह ठाकुर के अथक प्रयासों से प्रकाशित पचेली काव्य संग्रह 'पचेली काव्य वीथिका' का लोकार्पण किया। इसी अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. कौशल दुबे की पचेली काव्य कृति 'बाबा हरें बतात ते' का भी विधिवत लोकार्पण किया गया।'पचेली काव्य वीथिका' की विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत करते हुए पुस्तक में संकलित रचनाओं की भाषा, भाव एवं लोकजीवन के सजीव चित्रण की सराहना की। गोष्ठी में डॉ. श्रीकृष्ण तिवारी, सुरेश मिश्र 'विचित्र', डॉ. उदय भानु तिवारी 'मधुकर', नारायण तिवारी, प्रमोद दाहिया, मुकेश त्रिपाठी ने अपनी रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# नशे से दूरी, है जरूरी 2.0 अभियान: 50 लोगों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प, मैहर तीर्थ यात्रा के लिए बस रवाना

### लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, कलेक्टर और एसपी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ भव्य जन-जागरूकता कार्यक्रम



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रदेश भर में चलाए जा रहे नशे से दूरी, है जरूरी 2.0 अभियान के तहत आज रामपुर छापर स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के ऑडिटोरियम में एक भव्य जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य, साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी के विशिष्ट आतिथ्य तथा कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सबसे मुख्य आकर्षण नशे की लत से मुक्त होने का संकल्प लेने वाले 50 व्यक्ति रहे। इन सभी लोगों ने मंत्री, प्रशासनिक अधिकारियों और जनसमुदाय के समक्ष जीवनभर नशे से दूर रहने तथा जिम्मेदार जीवन जीने की शपथ ली। इस अवसर पर नशामुक्त हुए इन 50 प्रतिभागियों को सम्मानित करने और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से माँ शारदा धाम, मैहर की आध्यात्मिक यात्रा पर भेजा गया। मंत्री राकेश सिंह, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर तीर्थ यात्रियों की बस को रवाना किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, नशा छोड़ने वालों का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें धार्मिक यात्रा पर भेजने की यह मध्यप्रदेश शासन और पुलिस प्रशासन की एक अनूठी व अभिनव पहल है।

#### नशा मुक्त समाज का निर्माण


लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि नशे से मुक्ति केवल एक व्यक्ति का बदलाव नहीं है, बल्कि यह पूरे परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत है। शासन-प्रशासन के ऐसे अभियान युवाओं को नशे के जाल से निकालकर समाज में सकारात्मक दिशा दे रहे हैं।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर एक स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक समाज का निर्माण करना है। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने कहा जबलपुर पुलिस नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और यह अभियान इस संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम है।

कार्यक्रम में एएसपी सुश्री पल्लवी शुक्ला, सीएसपी एम.डी. नागोतिया, डीएसपी ट्रैफिकवैजनाथ प्रजापति, थाना प्रभारी गोरखपुर नितिन कमल, चौकी प्रभारी रामपुर महेंद्र जाटव सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, महिलाएं और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# डिजिटल युग में गणित और विज्ञान

आज का युग डिजिटल क्रांति का युग है। कंप्यूटर, इंटरनेट, स्मार्टफोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता ,रोबोटिक्स और आधुनिक तकनीकों ने मानव जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, उद्योग, कृषि और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे लगभग सभी क्षेत्रों में डिजिटल तकनीकों का व्यापक उपयोग हो रहा है। इन सभी तकनीकों की मजबूत नींव गणित और विज्ञान पर आधारित है। यदि गणित और विज्ञान का विकास न हुआ होता, तो आज की डिजिटल दुनिया की कल्पना भी संभव नहीं होती।



## गणित, डिजिटल तकनीक की आधारशिला

गणित को सभी विज्ञानों की भाषा कहा जाता है। कंप्यूटर केवल 0 और 1 (बाइनरी संख्या प्रणाली) को समझता है, जो गणित का ही एक महत्वपूर्ण रूप है। कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन बैंकिंग और मोबाइल ऐप्स के निर्माण में गणित की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एल्गोरिद्म, सांख्यिकी और तार्किक विश्लेषण के बिना आधुनिक डिजिटल तकनीकों का विकास संभव नहीं है।

## विज्ञान से बदलती दुनिया

विज्ञान ने मानव जीवन को नई दिशा और नई गति प्रदान की है। आधुनिक चिकित्सा उपकरण, उपग्रह, ड्रोन, रोबोट, इंटरनेट और अंतरिक्ष तकनीक विज्ञान की ही देन हैं। वैज्ञानिक अनुसंधान के कारण नई दवाइयों, टीकों और अत्याधुनिक मशीनों का विकास हुआ है, जिससे मानव जीवन अधिक सुरक्षित, स्वस्थ और सुविधाजनक बना है।

## शिक्षा में डिजिटल तकनीक का प्रभाव

डिजिटल तकनीक ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं। अब विद्यार्थी ऑनलाइन कक्षाओं, डिजिटल पुस्तकालयों, स्मार्ट बोर्ड, शैक्षणिक ऐप्स और वर्चुअल प्रयोगशालाओं के माध्यम से कहीं भी और कभी भी अध्ययन कर सकते हैं। गणित और विज्ञान जैसे जटिल विषयों को एनीमेशन, वीडियो और सिमुलेशन के माध्यम से सरल एवं रोचक बनाया जा रहा है।

## स्वास्थ्य और अनुसंधान में योगदान

स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल तकनीक और विज्ञान का महत्व लगातार बढ़ रहा है। आधुनिक मशीनों की सहायता से रोगों का शीघ्र और सटीक निदान किया जा रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से डॉक्टर बेहतर उपचार देने में सक्षम हो रहे हैं। वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से नई दवाओं और उपचार पद्धतियों का विकास भी तेजी से हो रहा है।



**दीपशिखा गुप्ता**
**शिक्षक**
**आदर्श हितकारिणी चिल्ड्रन एकेडमी, गोविंदगंज, जबलपुर।**



# बिग डेटा और गणित एक नई शक्ति

इक्कीसवीं सदी को यदि डेटा का युग कहा जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। आज हमारे द्वारा किए जाने वाले लगभग हर कार्य, मोबाइल का उपयोग, ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल भुगतान, सोशल मीडिया, स्वास्थ्य सेवाएँ, बैंकिंग, शिक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान, से प्रतिदिन विशाल मात्रा में डेटा उत्पन्न होता है। इस अत्यधिक मात्रा में उपलब्ध जानकारी को बिग डेटा कहा जाता है। लेकिन यह डेटा तभी उपयोगी बनता है जब उसका सही विश्लेषण किया जाए, और यही कार्य गणित की सहायता से संभव होता है। गणित बिग डेटा की आधारशिला है, क्योंकि इसके बिना डेटा का विश्लेषण, पूर्वानुमान और निर्णय लेना संभव नहीं है।

## बिग डेटा में गणित की भूमिका

बिग डेटा का वास्तविक महत्व उसके विश्लेषण में है। गणितीय सिद्धांतों और सांख्यिकीय विधियों की सहायता से लाखों-करोड़ों आँकड़ों में छिपे पैटर्न, प्रवृत्तियों और संबंधों की पहचान की जाती है। प्रायिकता, सांख्यिकी, रेखीय बीजगणित, कलन तथा अनुकूलन जैसी गणितीय शाखाएँ बिग डेटा विश्लेषण की प्रमुख आधारशिलाएँ हैं। गणितीय मॉडल यह अनुमान लगाने में सक्षम होते हैं कि भविष्य में कौन-सी घटनाएँ घट सकती हैं, किस उत्पाद की माँग बढ़ेगी, कौन-सी बीमारी फैल सकती है या किसी क्षेत्र में किस प्रकार का परिवर्तन आने वाला है।

## एआइ और बिग डेटा

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की सफ लता का आधार बिग डेटा और गणित है। मशीनें जितना अधिक डेटा प्राप्त करती हैं, उतना ही बेहतर सीखती हैं। गणितीय एल्गोरिद्म डेटा से पैटर्न पहचानकर भविष्यवाणियाँ करते हैं और स्वचालित निर्णय लेने में सहायता करते हैं।

## विद्यार्थियों के लिए महत्व

आज के समय में गणित केवल परीक्षा का विषय नहीं, बल्कि भविष्य के अनेक रोजगारों का आधार बन चुका है। डेटा साइंटिस्ट, डेटा एनालिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर, बिजनेस एनालिस्ट, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और वित्तीय विश्लेषक जैसे आधुनिक व्यवसायों में गणित और डेटा विश्लेषण का गहन ज्ञान आवश्यक है। इसलिए विद्यार्थियों को गणित के साथ-साथ सांख्यिकी, कंप्यूटर विज्ञान और डेटा विश्लेषण की मूलभूत जानकारी भी प्राप्त करनी चाहिए।

## क्या आप जानते हैं? (गणितीय तथ्य)

- 1 महान भारतीय गणितज्ञ आर्यभट्ट और ब्रह्मगुप्त ने शून्य की अवधारणा को विकसित किया, जिसने आधुनिक गणित और कंप्यूटर विज्ञान की नींव रखी।
- 2 पाई कभी समाप्त नहीं होती। वृत्त की परिधि और व्यास का अनुपात एक अपरिमेय संख्या है। इसके दशमलव अंक कभी समाप्त नहीं होते और न ही किसी निश्चित क्रम में दोहराते हैं।
- 3 दुनिया की भाषाएँ अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन गणित के चिन्ह और सूत्र पूरे विश्व में एक समान समझे जाते हैं। इसलिए गणित को सार्वभौमिक भाषा भी कहा जाता है।
- 4 फिबोनाची श्रेणी प्रकृति में भी दिखाई देती है। 1, 1, 2, 3, 5, 8, 13 यह क्रम केवल गणित तक सीमित नहीं है। सूरजमुखी के बीज, पाइन कोन, अनानास और कई फूलों की पंखुड़ियों में भी यही क्रम दिखाई देता है।
- 5 मधुमक्खियाँ अपने छत्ते की कोशिकाएँ षट्भुज आकार की बनाती हैं, क्योंकि यह आकार कम मोम में अधिक स्थान उपलब्ध कराता है। इसे प्रकृति की सर्वोत्तम ज्यामितीय संरचनाओं में माना जाता है।

# शकुंतला देवी: मानव कंप्यूटर के नाम से विश्वविख्यात भारतीय गणितज्ञ

भारत ने गणित के क्षेत्र में अनेक महान प्रतिभाओं को जन्म दिया है, जिन्होंने अपनी अद्भुत क्षमता और ज्ञान से विश्वभर में देश का गौरव बढ़ाया। ऐसी ही एक विलक्षण प्रतिभा थीं शकुंतला देवी, जिन्हें पूरी दुनिया ह्यूमन कंप्यूटर के नाम से जानती है। उनकी असाधारण मानसिक गणना क्षमता ने उस समय दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया, जब बिना कागज़, कलम या कैलकुलेटर के वे कुछ ही सेकंड में अत्यंत जटिल गणितीय प्रश्नों का उत्तर दे देती थीं।



***प्रारंभिक जीवन***- शकुंतला देवी का जन्म 4 नवंबर 1929 को बेंगलुरु (कर्नाटक) में हुआ। उनके पिता सी. वी. सुंदरराजन सर्कस में कलाकार थे। परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत नहीं थी, कहा जाता है कि मात्र तीन वर्ष की आयु में उन्होंने ताश के पत्तों के खेल के माध्यम से अपनी अद्भुत स्मरण शक्ति और संख्याओं को समझने की क्षमता का परिचय दिया।

## असाधारण गणितीय प्रतिभा


शकुंतला देवी बिना किसी यांत्रिक सहायता के बड़ी से बड़ी संख्याओं का जोड़, घटाव, गुणा, भाग, वर्गमूल, घनमूल और जटिल गणनाएँ कुछ ही क्षणों में कर देती थीं। उन्होंने भारत के अनेक विश्वविद्यालयों के साथ-साथ यूरोप, अमेरिका, एशिया और अफ्रीका के अनेक देशों में सार्वजनिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जहाँ भी वे गईं, लोगों ने उनकी गणना क्षमता को विस्मय और सम्मान की दृष्टि से देखा।

## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान

18 जून 1980 को इम्पीरियल कॉलेज, लंदन में शकुंतला देवी ने दो अत्यंत बड़ी 13 अंकों वाली संख्याओं का मानसिक गुणन मात्र 28 सेकंड में कर सही उत्तर दिया। यह उपलब्धि इतनी असाधारण थी कि उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया। इस घटना के बाद उनकी पहचान विश्व स्तर पर और अधिक मजबूत हो गई तथा उन्हें ह्यूमन कंप्यूटर की उपाधि से सम्मानित किया जाने लगा।

# प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता की कुंजी, गणित की प्रभावी तैयारी

संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, बैंकिंग, रेलवे, पुलिस, रक्षा सेवाएँ, व्यापम सहित लगभग सभी प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित अथवा गणितीय योग्यता का विशेष महत्व है। कई विद्यार्थी गणित को कठिन विषय मानकर उससे घबराते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि गणित ऐसा विषय है जिसमें नियमित अभ्यास, सही मार्गदर्शन और प्रभावी रणनीति के माध्यम से उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की जा सकती है। गणित में सफ लता किसी विशेष प्रतिभा पर नहीं, बल्कि अनुशासित अध्ययन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास पर आधारित होती है।




## मूलभूत अवधारणाओं को मजबूत बनाना

यदि विद्यार्थी प्रतिशत, अनुपात एवं समानुपात, औसत, लाभ-हानि, समय एवं कार्य, समय एवं दूरी, बीजगणित, ज्यामिति और त्रिकोणमिति जैसे विषयों की मूल अवधारणाओं को अच्छी तरह समझ लेते हैं, तो कठिन प्रश्नों का समाधान भी सरल हो जाता है। केवल सूत्र याद करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके पीछे के सिद्धांतों को समझना अधिक आवश्यक है।

## नियमित अभ्यास ही सफ लता का आधार

गणित ऐसा विषय है जिसमें जितना अधिक अभ्यास किया जाए, उतनी ही अधिक दक्षता विकसित होती है। सरल प्रश्नों से शुरुआत कर धीरे-धीरे कठिन स्तर के प्रश्नों का अभ्यास करना चाहिए। अभ्यास के दौरान अपनी गलतियों को नोट कर उन्हें दोहराने से बचना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

## समय प्रबंधन की कला

प्रतियोगी परीक्षाओं में केवल प्रश्न हल करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें कम समय में सही ढंग से हल करना भी आवश्यक है। इसके लिए समयबद्ध अभ्यास, शॉर्टकट विधियों, वैदिक गणित की तकनीकों तथा मानसिक गणना का अभ्यास अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है। प्रत्येक प्रश्न पर अनावश्यक समय व्यर्थ करने के बजाय कठिन प्रश्नों को बाद में हल करने की रणनीति अपनानी चाहिए।

## मॉक टेस्ट और आत्ममूल्यांकन

मॉक टेस्ट परीक्षा का वास्तविक अनुभव प्रदान करते हैं तथा समय प्रबंधन, प्रश्न चयन और मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायता करते हैं। प्रत्येक टेस्ट के बाद अपनी गलतियों का विश्लेषण करना और कमजोर विषयों पर विशेष ध्यान देना सफलता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।


## महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान

यद्यपि गणित का प्रत्येक अध्याय महत्वपूर्ण है, फि र भी प्रतियोगी परीक्षाओं में कुछ विषयों से अपेक्षाकृत अधिक प्रश्न पूछे जाते हैं। इनमें प्रतिशत, लाभ-हानि, अनुपात एवं समानुपात, साधारण एवं चक्रवृद्धि ब्याज, औसत, समय एवं कार्य, समय एवं दूरी, संख्या पद्धति, बीजगणित, ज्यामिति, सांख्यिकी तथा प्रायिकता प्रमुख हैं। इन विषयों का गहन अध्ययन और बार-बार अभ्यास बेहतर परिणाम देता है।

## मानसिक गणना और तार्किक सोच का विकास

मानसिक गणना की आदत विकसित करने से कैलकुलेटर पर निर्भरता कम होती है और प्रश्न हल करने की गति बढ़ती है। साथ ही, पहेलियाँ, रीजनिंग और गणितीय गतिविधियाँ विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक क्षमता को भी सुदृढ़ बनाती हैं।

## शब्द पहेली - 8933



**बाएँ से दाएँ**

1. अभिप्राय, अभिव्यक्ति-3
3. सादापन, भोलापन-4
6. अवश्य-3
7. कांच का मर्तबान-2
8. पानी से सराबोर-2
10. करधनी, कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
12. उद्धार, उत्कृष्ट-3
15. माला का मोती-3
17. सेवक, रोगी की देखभाल करने वाला-5
20. एक छोटी सवारी गाड़ी-2
22. चलने का ढ़ंग-2
23. गर्भ-3
24. निम्न, निकृष्ट-4
25. कथा, गाथा-3

**ऊपर से नीचे**

2. कमरे में बंद करना-5
3. ईमान, नियत-3
4. क्षारीय-4
5. दीदार-3
7. आशिक, यार-2
9. एक विदेशी मदिरा-2
11. लीन, व्यस्त, मशगूल-3
13. उपस्थित-3
14. चलाने वाला, संचालक-5
15. मतवाला, उन्मादी-4
16. चाचा, अंकल-2
18. पैंतरा, वेग-2
19. काफी, कोको -3
21. गिरवी वस्तु-3

**शब्द पहेली -8932 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ज | ग | | ह | सी | न | |
| वा | दा | | र | | म | | व | ध |
| प | | फि | ल | हा | ल | | | मा |
| सी | र | त | | नि | | रु | ब | ल |
| | | र | ज | | न | ख | | |
| नी | जा | त | | जो | | सा | हि | ल |
| र | | | क | र | ता | र | | ह |
| व | श | | स | | मी | | ता | जा |
| | क | ल | म | | ल | की | र | |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# चावल घोटाले की आंच भाजपा संगठन तक रामकिशोर कावरे की कुर्सी जायेगी?

## एसआईटी की जांच से बढ़ा सियासी दबाव, 13 व्यापारी अब तक गिरफ्तार

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

बहुचर्चित फोर्टिफाइड चावल घोटाला अब केवल आर्थिक अपराध की जांच तक सीमित नहीं रह गया है। करीब 5 हजार मीट्रिक टन सरकारी फोर्टिफाइड चावल के कथित दुरुपयोग से जुड़े इस मामले ने मध्यप्रदेश की राजनीति में भी हलचल मचा दी है। विशेष जांच दल (एसआईटी) की लगातार कार्रवाई और अब तक 13 व्यापारियों की गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक चर्चाओं का केंद्र भाजपा जिला संगठन और उसके नेतृत्व पर आ गया है। जानकारी अनुसार, हर्ष राइस मिल से जुड़े 20 प्रतिशत हिस्सेदार विनोद शर्मा की गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक हलकों में यह सवाल तेजी से उठने लगा है कि यदि जांच में अन्य प्रभावशाली लोगों की भूमिका सामने आती है तो इसका सीधा असर भाजपा के जिला नेतृत्व पर पड़ सकता है। हालांकि, इस संबंध में अब तक एसआईटी या पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है।





### रामकिशोर कावरे की राजनीति पर क्यों उठ रहे सवाल?

भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे लंबे समय से जिले की राजनीति में प्रभावशाली चेहरा माने जाते हैं। संगठनात्मक पकड़ और चुनावी रणनीति के कारण उन्होंने जिले में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। लेकिन चावल घोटाले की जांच के दौरान उनके परिवार से जुड़े कुछ नाम राजनीतिक चर्चाओं में आने के बाद विपक्ष को भाजपा पर हमला करने का अवसर मिल गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि किसी भी राजनीतिक दल के लिए सबसे बड़ी चुनौती तब पैदा होती है, जब जिला भाजपा संगठन के शीर्ष पद पर बैठे व्यक्ति के परिवार या करीबी लोगों का नाम किसी बड़े आर्थिक अपराध की जांच में चर्चा का विषय बनने लगे। ऐसी स्थिति में भले ही किसी व्यक्ति की कानूनी जिम्मेदारी सिद्ध न हुई हो, लेकिन राजनीतिक जवाबदेही का प्रश्न स्वत: खड़ा हो जाता है।

### विनोद की गिरफ्तारी के बाद बढ़ी राजनीतिक बेचैनी

एसआईटी द्वारा हर्ष राइस मिल से जुड़े 20 प्रतिशत हिस्सेदार विनोद शर्मा को गिरफ्तार किए जाने के बाद राजनीतिक समीकरण तेजी से बदलते दिखाई दिए। सूत्रों के अनुसार, इसके बाद भाजपा के कई स्थानीय नेता भोपाल पहुंचे और संगठन स्तर पर लगातार मंथन का दौर शुरू हुआ। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि यदि जांच की दिशा इसी प्रकार आगे बढ़ती रही और प्रभावशाली नामों तक पहुंची, तो संगठन के लिए जिलाध्यक्ष के पद पर बने रहना कठिन हो सकता है। जनता और विपक्ष दोनों यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या जांच सभी संबंधित व्यक्तियों तक समान रूप से पहुंचेगी या कार्रवाई सीमित दायरे में ही रहेगी। एसआईटी लगातार पूछताछ कर रही है, लेकिन इस संबंध में अंतिम निष्कर्ष जांच पूरी होने और उपलब्ध साक्ष्यों पर निर्भर करेगा। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, वर्तमान समय में संसद सत्र और दतिया उपचुनाव जैसे महत्वपूर्ण राजनीतिक कार्यक्रमों के कारण भाजपा नेतृत्व संगठनात्मक स्तर पर कोई बड़ा निर्णय लेने से बच रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी किसी ऐसे फैसले से बचना चाहती है जिसका चुनावी या संसदीय राजनीति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े।

### ऐसे सामने आया पूरा मामला

3 जून को एफसीआई गोदाम, बालाघाट से एवीजे एथेनॉल प्लांट, छिंदवाड़ा के लिए सरकारी फोर्टिफाइड चावल से भरे ट्रक रवाना किए गए थे। जांच के दौरान इनमें से कुछ ट्रक कथित रूप से अन्य राइस मिलों में पाए गए। पुलिस के अनुसार, सरकारी चावल को निजी मिलों में ले जाकर दोबारा मिलिंग के नाम पर शासन को ही बेचने की कथित साजिश की जांच की जा रही है। अब तक 22 ट्रकों की जब्ती, लगभग 5 हजार मीट्रिक टन चावल की जांच तथा करोड़ों रुपये के सरकारी अनाज के कथित दुरुपयोग की पड़ताल की जा चुकी है। एसआईटी अब तक 200 से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी है। जांच का दायरा बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ तक फैल चुका है। ट्रांसपोर्टरों, ट्रक चालकों, राइस मिल संचालकों और वेयरहाउस से जुड़े लोगों के बयानों का मिलान किया जा रहा है।

### अब तक 13 आरोपी गिरफ्तार

इस मामले में अब तक गिरफ्तार आरोपियों में दुर्गेश शेंडे (ट्रक चालक), राहुल प्रताप (एवीजे एथेनॉल प्लांट प्रतिनिधि), राकेश श्रीवास्तव (सुपरवाइजर), उबेद खान (ट्रांसपोर्टर), बिहारी पटले (श्री बिहारी राइस मिल), अजीत बिसेन (मुनीम), सुरेंद्र राणा (शांति राइस मिल एवं विराज राइस मिल संचालक), किशनलाल खंडेलवाल और जुगल खंडेलवाल (खंडेलवाल राइस मिल, गोंदिया), राजेश संचेती, विनोद शर्मा तथा सोनू जैन शामिल हैं। एसआईटी अब इस पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है। फिलहाल, पूरे जिले की नजर एसआईटी की अगली कार्रवाई पर टिकी है। आने वाले दिनों में जांच जिस दिशा में आगे बढ़ेगी, उसी से तय होगा कि यह मामला केवल आर्थिक घोटाला रहेगा या मध्यप्रदेश की राजनीति में बड़े बदलाव का कारण भी बनेगा।

## तेज बहाव में बाइक समेत बहा ग्राम पंचायत सचिव, देर शाम तक जारी रहा रेस्क्यू



**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** लगातार हो रही बारिश के बीच सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। ग्राम पंचायत रानककोड़ी के सचिव सीताराम घोरमारे ड्यूटी से घर लौटते समय तेज बहाव वाले नाले में अपनी टू-व्हीलर सहित बह गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तथा एसडीआरएफ के सहयोग से रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार, यह हादसा 27 जुलाई 2026 को शाम करीब 4.30 बजे पीपलगांव काला और कोसमारा के बीच स्थित नाले पर हुआ। सचिव सीताराम घोरमारे कार्यालय से कार्य समाप्त कर अपने घर कोसमारा लौट रहे थे। लगातार बारिश के कारण नाले में पानी का बहाव अत्यधिक तेज था। नाला पार करने के दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर तेज धारा की चपेट में आ गई और वे वाहन सहित बह गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और प्रशासन को सूचना दी। इसके बाद किरनापुर एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों की मदद से नाले और आसपास के क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक सचिव का कोई पता नहीं चल सका था। प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि लगातार बारिश के दौरान उफनते नदी-नालों को पार करने का प्रयास न करें तथा सावधानी बरतें। पुलिस ने घटना को दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है, जबकि लापता सचिव की तलाश लगातार जारी है।

## राजा भोज शासकीय महाविद्यालय कटंगी में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई, विद्यार्थियों से समय पर आवेदन की अपील

**कटंगी (स्वतंत्र मत)।** राजा भोज शासकीय महाविद्यालय, कटंगी के प्राचार्य ने जानकारी दी है कि उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने अभी तक प्रवेश नहीं लिया है, वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर लें। अंतिम तिथि के बाद प्रवेश का अवसर उपलब्ध नहीं होगा। महाविद्यालय में बी.ए., बी.कॉम., बी.एससी. सहित विभिन्न स्नातक तथा एम.ए., एम.कॉम. और एम.एससी. जैसे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

# दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता जांच के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष अभियान जारी

उमरिया (स्वतंत्रमत)

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावट रोकने के लिए 21 से 31 जुलाई तक विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत डेयरियों और दुग्ध विक्रेताओं पर औचक निरीक्षण किया जा रहा है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के निर्देशानुसार जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विशेष अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त दूध उपलब्ध कराने के लिए दूध विक्रेताओं, डेयरियों एवं चिलिंग सेंटरों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजू वर्मा द्वारा शुक्रवार 24 जुलाई को मानपुर में नीरज ट्रेडर्स से मिल्क प्रोडक्ट के नमूने लिये और रामसुंदर किराना से सागर मिल्क पावडर,घी सहिय अन्य दुग्ध उत्पादों के नमूने लिये। शनिवार 25 जुलाई जिले के नौरोजा बाद में माँ बिरासनी डेयरी,ईश्वर डेयरी,लवकुश किराना, सुनील किराना से दूध, दही, पनीर, मावा (खोया) और घी, सहित अन्य दूध पैकेट के नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजू वर्मा ने बताया कि मानकों का पालन न करने या स्वच्छता में कमी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं और एक्सपायरी सामग्री जब्त की जा रही है। प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट में यदि कोई नमूना निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता है, तो संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# उपसरपंच ने सरपंच के हस्ताक्षर कर फर्जीवाड़ा किया!

## ग्राम पंचायत दिग्धा का मामला, बीडीसी और सरपंच ने सीईओ को की शिकायत

कटंगी(स्वतंत्र मत)

ग्राम पंचायत दिग्धा में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर अनियमितता और फर्जीवाड़े के आरोप लगे हैं। इस पूरे मामले को लेकर महिला सरपंच समलो कंगाली और जनपद सदस्य नितेश पुष्पतोड़े ने जनपद पंचायत सीईओ और तिरोड़ी थाने में सोमवार को लिखित शिकायत करते हुए जांच की मांग की है। जनपद सदस्य और सरपंच दोनों जनपद कार्यालय पहुंचे। महिला सरपंच ने सीईओ को बताया कि उपसरपंच दिलीप गुप्ता और पंच चंदन बोंबरडे ने उनके फर्जी हस्ताक्षर कर पंचायत के सभी बिलों और मस्टरों का भुगतान कर रहे हैं। सरपंच के अनुसार उपसरपंच और पंच उनका मोबाइल फोन अपने पास रख लेते हैं और ओटीपी लेकर सीधे भुगतान कर देते हैं। कब कौन सा काम चलता है, क्या सामान आता है, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं दी जाती और अधिक सवाल-जवाब करने पर डराया-धमकाया जाता है कि फंसा देंगे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि अनुसूचित वर्ग आगे बड़े, लेकिन दिग्धा पंचायत में उन्हें ही उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने मामले की जांच कर उपसरपंच और पंच के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जनपद सदस्य और सरपंच से मिली शिकायतों पर सीईओ ने जांच कराने का भरोसा दिया है। उन्होंने एक टीम भी गठित कर दी है।



### जनपद सदस्य ने 4 बिंदुओं में जांच कराने की रखी मांग

जनपद सदस्य नितेश पुष्पतोड़े ने भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी को अलग से एक आवेदन पत्र सौंपा है। इसमें ग्राम पंचायत दिग्धा में घोर अनियमितता व लापरवाही का उल्लेख है। उन्होंने शिकायत में आरोप लगाया है कि उपसरपंच दिलीप गुप्ता द्वारा अनुसूचित जाति की महिला सरपंच के फर्जी हस्ताक्षर कर बिलों/मस्टरों का भुगतान किया जा रहा है। इसकी सूक्ष्मता से जांच जरूरी है ताकि महिला सरपंच के अधिकार सुरक्षित रहें। वर्ष 2024-2025 और 2025-2026 में मनरेगा योजना से निर्मित मिनाक्षी तालाबों उषा/निलमचंद पारधी, प्रमोद बावने, परमानंद जगजीवन और अन्य 1 मिनाक्षी तालाब में जेसीबी से काम कराया गया। लेकिन प्रत्येक मस्टर में 30-35 लेबरों के नाम से फर्जी भुगतान दर्शाया गया है। मजदूरों से पूछताछ पर घोटाला सामने आ जाएगा।

गांव के बस स्टैंड पर बना शौचालय मानक प्राक्कलन के अनुसार नहीं बनाया गया है। कार्य गुणवत्ताविहीन है और उससे अधिक भुगतान किया गया है। वर्ष 2025-2026 और 2026-2027 में 15वें वित्त और 5वें वित्त से किए गए सभी कार्यों की सूक्ष्म जांच कराई जाए। जनपद सदस्य ने मांग की है कि पंचायत की बिंदुवार अनियमितताओं की जांच हो ताकि सरकारी योजनाओं और राशि का सही उपयोग हो सके। साथ ही सरकारी राशि का दुरुपयोग करने वाले उपसरपंच दिलीप गुप्ता और उनके साथियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### इनका कहना है

सरपंच और जनपद सदस्य से शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत की जांच के लिए एक टीम गठित की गई है।

**गायत्री कुमार सारथी, सीईओं**
**कटंगी**

# जिले में अवैध खनिज उत्खनन परिवहन एवं भंडारण के विरूध्द कार्यवाही जारी

उमरिया (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के निर्देशन में जिले मे अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूध्द लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला खनि अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी ने बताया कि अवैध खनिज परिवहन करते हुए तीन वाहनों को जप्त किया गया है। गत दिनों तहसील मानपुर अंतर्गत ग्राम रक्शा बिजौरी रोड में एक वाहन स्वराज 834 एक्सएम ट्रेक्टर मय ट्राली के खनिज गिट्टी बिना अभिवहन परिपत्रबिना ईटीपी के अवैध परिवहन करते हुए जप्त कर थाना मानपुर में अभिरक्षार्थ किया गया। इसी प्रकार ग्राम अमरपुर के पास एक वाहन डम्फर क्रमांक केए51एजी8079 खनिज गिट्टी बिना अभिवहन पारपत्र बिना ईटीपी के अवैध परिवहन करते हुए जप्तकर थाना अमरपुर में अभिरक्षार्थ जमा कराया गया। अवैध उत्खनन व परिवहन को रोकने के क्रम में गत दिनों तहसील बांधवगढ अंतर्गत ग्राम बडेरी में एक वाहन ट्रेक्टर मय ट्राली के खनिज रेत बिना अभिवहन परिपत्र बिना ईटीपी के अवैध परिवहन करते हुए जप्तकर थाना कोतवाली उमरिया में अभिरक्षार्थ खडा कराया गया। उक्त प्रकरणों में म.प्र. खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) प्रावधानों में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। सहायक खनि अधिकारी प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक एन.एस. आर्मो की टीम द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम हेतु जिले में सतत् भ्रमण एवं जांच की जा रही है। खनिज अमले द्वारा महानदी फारेस्ट बैरियर..माइनिंग चेक पोस्ट महानदी चंदिया मे खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की निरंतर जाँच और कार्यवाही जारी है।



# पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने मछराड़ नदी व उमरार नदी के उद्गम स्थल में पूजा अर्चना कर पौधारोपण किया

उमरिया (स्वतंत्रमत)

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि बड़ी नदियों को बारहमासी रखने के लिए छोटी नदियों को बारहमासी बनाना होगा। हमें पानी की कीमत को पहचानना होगा। नदी का उद्गम स्थल प्रकृति का दिया हुआ वरदान है जहां विशेष ऊर्जा होती है । पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने करकेली विकासखंड के ग्राम कटरिया में मछराड़ एवं ग्राम मरदरी में उमरार नदियों के उद्गम स्थल में पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना की तथा वृक्षारोपण किया। प्रकृति की गोद में बसे उद्गम स्थंल में बसे ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि हर नदी का अपना चरित्र होता है। नदियों में बारहों महीने पानी रहें इसके लिए आवश्यक है कि उद्गम स्थल के आस पास प्रचुर मात्रा में वृक्षारोपण किया जाए तथा लगाए गए वृक्षों की सुरक्षा व उनकी सिंचाई का भी प्रबंध हो। उन्होने कहा कि नदियों के पास वही वृक्ष लगाए जाने चाहिए जो स्थान के अनुकूल हो । नई पीढ़ी को अपने अतीत को सहेजने संवारनें के लिए आगें आना होगा क्योकि हमारी धरती , नदियां व प्रकृति अनादि काल तक रहेगी और इनकी कीमत को पहचानना आवश्यक है । पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि जहां एक ओर नदी के उद्गम स्थल में ऊर्जा होती है वहीं संगम जीवन की संभवनाओं का केंद्र होता है । उन्होंने कहा कि मैं सौभाग्याशाली हूं कि आज मुझे मछराड़ व उमरार नदियों के उद्गम स्थल के दर्शन करने का अवसर मिला। मैं मां नर्मदा का परिक्रमावासी हूं। मैंने अब तक 115 नदियों के उद्गम स्थल की यात्रा की है । मैं उमरियावासियों से अपेक्षा करता हूं की जिस नदी के कारण उमरिया का नाम है उसके उद्गम स्थल को हरा भरा बनाकर उमरार नदी को सदैव जीवित रखें। उन्होंने स्थानीय रहवासियों एवं युवाओं से अपील की कि नदियों को साफ रखनें का संकल्प लें । इस अवसर पर विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने कहा कि बांधवगढ़ की यह धरा कई नदियों का उद्गम स्थल है। यहां विश्व प्रसध्दि पर्यटक स्थल है । पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री मां नर्मदा के अनन्य भक्त है, उनके यहां आकर नदियों के उदगम स्थल में पहुंचने से जिलेवासियों को प्रेरणा मिलेगी । इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यवक्ष अनुजा पटेल, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, श्री आशुतोष अग्रवाल, एसडीएम बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह, मिथिलेश मिश्रा, दीपक छत्तवानी, जिला पंचायत सदस्य बेला अर्जुन सिंह सैययाम, ज्ञानेंद्र सिंह, शैलेंद्र व्दिवेदी , सुमित गौतम सरपंच श्री गोविंद , पुन्नू सिंह सहित अधिकारी तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# भाजपा उपाध्यक्ष ने पिपरिया के लिए रखी नवीन ग्राम पंचायत भवन की मांग

उमरिया (स्वतंत्रमत)

भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुमित गौतम ने ग्राम पंचायत पिपरिया के लिए नवीन ग्राम पंचायत भवन बनाए जाने हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल के समक्ष मांग रखी है। भाजपा नेता की मांग पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने सहमति जताते हुए नवीन पंचायत भवन बनाने का आश्वासन दिया है। भाजपा नेता श्री गौतम ने बताया कि ग्राम पंचायत पिपरिया का पंचायत भवन काफी पुराना हो गया है अत: ग्राम पंचायत के लिए नवीन ग्राम पंचायत भवन बनाया जाना अति आवश्यक है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के समक्ष नवीन पंचायत भवन की मांग रखे जाने के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, वरिष्ठ नेता मिथिलेश पयासी, महामंत्री दीपक छतवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष अरविंद बंसल सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।



## अपनी विभिन्न मांगों को लेकर श्रमजीवी सफाई कर्मचारी संघ की रैली 28 जुलाई को

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी सफाई कर्मचारी संघ के द्वारा 28 जुलाई मंगलवार को अपने विभिन्न मांगों को लेकर रैली निकालकर ज्ञापन सौपने का निर्णय लिया है। सफाई कर्मचारी संघ के द्वारा जानकारी दी गई है कि 28 जुलाई को दोपहर 2बजे गांधी चौक से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक रैली के माध्यम से पहुंचकर अपने 21 सूत्रीय विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस दौरान जिले की पांचो नगर पालिकाध्परिषदों के लगभग 250 सफाई कर्मचारी और सफाई मित्र शामिल रहेंगे।

## सामान्य सभा की बैठक 31 को

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आगामी 31 जुलाई को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत मंडला के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी बैठक के एजेंडे के अनुसार सबसे पहले पिछली सामान्य सभा की बैठक में लिए गए निर्णयों के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी बैठक में कृषि विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपलब्धियों की भी समीक्षा होगी।

## जल गुणवत्ता परीक्षण कार्यशाला

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जनपद पंचायत सभाकक्ष में जल गुणवत्ता परीक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने और ग्राम स्तर पर जल स्त्रोतों की नियमित जांच के लिए जनप्रतिनिधियों एवं मैदानी अमले को प्रशिक्षित करना था कार्यशाला में फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को जल के नमूने लेने, विभिन्न मानकों की जांच करने तथा परीक्षण परिणामों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जानकारी प्रदान की गई।

## कृषक ने बढ़ाई अपनी आय

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले के विकासखंड बीजाडांडी के ग्राम बारंगदा निवासी प्रगतिशील कृषक तान सिंह मरावी ने समन्वित कृषि प्रणाली प्राकृतिक खेती एवं कृषि नवाचारों को अपनाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। उनके द्वारा कृषि उद्यानिकी मत्स्य पालन पशुपालन एवं मुर्गीपालन जैसी विभिन्न गतिविधियों का सफल समन्वय कर अपने खेत को समन्वित कृषि मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। तालाब में मत्स्य पालन कर उन्होंने लगभग 25,000 रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित की। इस प्रकार फसल उत्पादन के साथ मत्स्य पालन को जोड़कर उन्होंने आय के अतिरिक्त स्त्रोत विकसित किए हैं।

## वित्तीय साक्षरता शिविर

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** वित्तीय साक्षरता केंद्र सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा ग्राम पंचायत खुर्सीपार में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया शिविर में वित्तीय साक्षरता केंद्र के अधिकारी कृष्णकांत अवस्थी ने ग्रामीणों एवं किसानों को विभिन्न सरकारी एवं बैंकिंग योजनाओं की जानकारी प्रदान की कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खुर्सीपार सरपंच सोन सिंह उइके, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा महाराजपुर की शाखा प्रबंधक श्रीमती ऋतु राय तथा आरसेटी के फैकल्टी राजीव शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## तंबाकू कानून पर कार्यक्रम

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू नियंत्रण कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से पुलिस अधिकारियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मोहंती के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी डॉ. रानी मरावी ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं टोबैको सेसेशन सेंटर की कार्यप्रणाली उपलब्ध परामर्श एवं उपचार सुविधाओं की जानकारी दी।

# एसी साहब और क्षेत्रीय संयोजक किस दुनिया में जी रहे हो आप, अगर यही हालात रहे तो छात्रावासों में कैसे चलेगा काम...

## शर्म करो साहब ये आदिवासी जिला है

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)

पूरे जिले के छात्रावासों में इन दिनों छात्रावास अधीक्षकों को टारगेट कर दबाव बनाकर अनाप-सनाप बिल लगाए जा रहे हैं। जबकि बीते दिनों कलेक्टर और मीडिया की बैठक में कलेक्टर ने कहा था कि शीघ्र ही समस्याओं का निराकरण होगा। इसके बाद भी दूर दूर तक सुरक्षा के इंतजाम दिखाई नही दे रहे हैं। लेकिन इन दिनों आदिवासी छात्रों के सुरक्षित भविष्य और अनुशासित शिक्षा के लिए बनाए गए शासकीय छात्रावास की गंभीर सवालों के घेरे में आ गई है। जिले के टाटरी स्थित शासकीय सीनियर बालक छात्रावास का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में छात्रावास अधीक्षक पन्नूलाल बट्टी और उनके बेटे के छात्रावास परिसर में कथित रूप से शराब पीते और मुर्गा खाने का आरोप छात्रों ने लगाया है। बताया गया कि छात्रावास अधीक्षक और उनके बेटे द्वारा देर रात शराब के नशे में छात्रों






और छात्रावास कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज, अभद्र व्यवहार और धमकी दी गई। वीडियो सामने आने के बाद पूरे आदिवासी छात्रावास प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। छात्रों का आरोप है कि जिस छात्रावास में उन्हें शिक्षा अनुशासन और संस्कार का माहौल मिलना चाहिए था वहां देर रात शराबखोरी और अभद्रता का माहौल बना दिया गया। छात्रों के अनुसार यह कोई पहली घटना नहीं है बल्कि पिछले कई दिनों से छात्रावास परिसर में शराब और मांसाहार की महफिलें सजाई जा रही थीं। जब छात्रों ने इसका विरोध किया और वीडियो बनाना शुरू किया तो उन्हें छात्रावास से निकालने तक की धमकी दी गई। छात्रों के मुताबिक घटना देर रात लगभग दो बजे की है। आरोप है कि छात्रावास अधीक्षक पन्नूलाल बट्टी शराब के नशे में छात्रावास पहुंचे और छात्रों को अपशब्द कहने लगे। उन्होंने छात्रों पर काम नहीं करने और वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए कथित रूप से कहा कि यदि वीडियो बनाना बंद नहीं किया तो छात्रावास से बाहर कर दिया जाएगा। वायरल वीडियो में एक युवक कथित रूप से शराब पीते और उसके साथ भोजन करते दिखाई दे रहा है। छात्रों का दावा है कि वह अधीक्षक का बेटा है जो अक्सर छात्रावास में आकर शराबखोरी करता है। हालांकि इस वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन वीडियो ने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं। सरकारी छात्रावास उन गरीब और आदिवासी विद्यार्थियों के लिए बनाए गए हैं जिनके परिवार उन्हें बेहतर शिक्षा उपलब्ध नहीं करा सकते। ऐसे छात्रावासों में अधीक्षक की भूमिका अभिभावक जैसी मानी जाती है। लेकिन यदि छात्रों के आरोप सही साबित होते हैं तो यह केवल अनुशासनहीनता नहीं, बल्कि सरकारी जिम्मेदारी और नैतिकता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न है। छात्रावास में पदस्थ भृत्य संजय तेकाम ने बताया कि छात्रों ने फोन कर उन्हें सूचना दी थी कि अधीक्षक शराब के नशे में छात्रों से गाली-गलौज कर रहे हैं। सूचना मिलने पर जब वे छात्रावास पहुंचे और समझाने का प्रयास किया तो उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। छात्रावास परिसर में कई बार शराब और मांस का सेवन किया जाता है तथा अधीक्षक का व्यवहार छात्रों और कर्मचारियों के प्रति लगातार अपमानजनक रहता है। यदि कर्मचारी के आरोप भी जांच में सही पाए जाते हैं तो मामला और अधिक गंभीर हो सकता है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद आदिम जाति कल्याण विभाग भी हरकत में आ गया है। सहायक आयुक्त कार्यालय के कार्यपालिक शासक एवं क्षेत्रीय संयोजक विष्णु सिंगौर ने कहा कि वीडियो उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की तत्काल जांच कराई जाएगी। यदि जांच में आरोप और वीडियो की पुष्टि होती है तो नियमानुसार संबंधित अधीक्षक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर को प्रतिवेदन भेजा जाएगा। फिलहाल यह मामला जांच के अधीन है। वायरल वीडियो और छात्रों द्वारा लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। यदि आरोप सही साबित होते हैं तो यह केवल एक कर्मचारी के आचरण का मामला नहीं रहेगा बल्कि सरकारी छात्रावासों की निगरानी व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही पर भी बड़ा प्रश्न बन जाएगा।

## महाविद्यालय में व्याख्यानमाला कार्यक्रम




**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआ बिछिया में नेशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रोहिणी कुमार कोस्टा की अध्यक्षता में किया गया कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राखी वंशकार ने किया। कार्यक्रम की मुख्यवक्ता अपूर्वा मिश्रा ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं उन्होंने कहा कि मानसिक अस्वस्थता सामाजिक एवं व्यक्तिगत कारणों से उत्पन्न होती है जिससे व्यक्ति तनाव और अवसाद का शिकार हो सकता है उन्होंने विद्यार्थियों से सदैव सकारात्मक सोच रखने एवं अपनी समस्याओं को परिवार मित्रों या विश्वसनीय व्यक्तियों से साझा करने की अपील की। वहीं प्राचार्य प्रो. रोहिणी कुमार कोस्टा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन अमूल्य है इसलिए इसे निराशा में व्यर्थ न गंवाएं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राखी वंशकार ने नेशनल टास्क फोर्स की गतिविधियों की जानकारी देते हुए मानसिक स्वास्थ्य परामर्श के लिए उपलब्ध टोल-फ्री हेल्पलाइन और परामर्शदाताओं के बारे में जानकारी साझा की तथा अतिथियों प्राध्यापकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

मण्डला(स्वतंत्र मत)

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत द्वारा नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन सरदार पटेल महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों महाविद्यालयों एवं युवा समूहों के लगभग 150 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए वाद-विवाद, चित्रकला, स्लोगन लेखन, रील एवं लघु फिल्म, संगीत एवं रैप स्लैम पोएट्री, विषय आधारित नृत्य तथा नुक्कड़ नाटक जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशामुक्त भारत का सशक्त संदेश प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा ने युवाओं का



उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नशे से दूर रहकर शिक्षा खेल संस्कृति एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने का आव्हान किया। समापन अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिताओं का निष्पक्ष मूल्यांकन विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों एवं विशेषज्ञों द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री तेंबरे, अरविंद शुक्ला, अरविंद ठाकुर सहित अन्य प्राध्यापक एवं विशेषज्ञों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सरदार पटेल महाविद्यालय के प्राचार्य आशीष ज्योतिषी एवं महाविद्यालय परिवार का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला युवा अधिकारी भुवन सिंह सोलंकी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। व्यवस्थाओं के समन्वय में लेखापाल एवं कार्यक्रम सहायक रघुनंदन झारिया, कार्यालयीन सहयोगी अनुराग राय सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रतियोगिताओं में जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र राजकवि ने स्लैम पोएट्री प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि एक्सीलेंस विद्यालय की टीम ने विषय आधारित नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भोपाल में मंडला जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## विश्व आदिवासी दिवस को लेकर बैठक संपन्न

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 9 अगस्त 1982 को जिनेवा में मानव अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण पर पहली बैठक कर 1994 में यूएनओ द्वारा 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस घोषित किया गया तब से लेकर अब तक लगातार 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस आदिवासी समाज बड़े जोर से मनाते आ रहा है। इसी क्रम में रविवार को आदिवासी विकास परिषद रेन बसेरा कार्यालय गढ़ा मंडला में आदिवासी महापंचायत गढ़ा मंडला एवं सभी सामाजिक संगठनों के द्वारा बैठक आयोजित की गई बैठक में समाज से जुड़े मुद्दों को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर समाज के बीच रखा जाएगा और प्रशासन तथा मध्य प्रदेश सरकार भारत सरकार



को ज्ञापन सोंपा जाएगा ।विश्व आदिवासी दिवस का कार्यक्रम जिला स्तर पर हर साल मनाते आ रहे हैं आदिवासी समाज बच्चों से लेकर के बुजुर्ग तक महिला पुरुष सभी कार्यकम में शामिल होते हैं। इस वर्ष भी कार्यक्रम अनुशासन और सीमित संसाधनों के साथ करने का निर्णय लिया गया है ताकि अनावश्यक खर्चों से बचा जा सके और समाज को शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार व्यापार जल जंगल जमीन भाषा संस्कृति पर्यावरण और अपने ऐतिहासिक किला महलों के संरक्षण अतिक्रमण मुक्त कराने एवं बच्चों के उच्च शिक्षा पर फोकस किया जाएगा। बैठक में सभी समाज प्रमुख सगा समाज आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता मातृशक्ति पितृ शक्ति तिरूमाल गुलाब सिंह मदरिया, डॉ अशोक मर्सकोले, कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेश उईके, भूपेंद्र सिंह वरकडे ,संतू लाल मरावी, रामेश्वर मरावी, मानसिंह कोकड़िया, राजाराम मरावी, भगत सिंह धुर्वे, कमलेश तिलगाम, अजीत मरावी, सोमवती धुर्वे, सरिता मरावी बंटी सिरसाम, धनेश्वरी मसराम, सुकल सिंह पट्टा एवं सभी सगा समाज उपस्थित रहे।

## मनोनीत पार्षदों का भाजपा ने किया स्वागत

मण्डला(स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जिले के नगर निकायों के लिए मनोनीत पार्षदों की घोषणा के बाद भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में नव-नियुक्त पार्षदों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सभी मनोनीत पार्षदों का फूलमाला से अभिनंदन किया तथा मिठाई खिलाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मीठा खिलाया और खुशी व्यक्त की। जारी आदेश के अनुसार नगर पालिका परिषद मंडला से वार्ड क्रमांक 1 की श्रीमती सुधा गौतम, वार्ड क्रमांक 23 की श्रीमती संध्या कांड्रा, वार्ड क्रमांक 11 की श्रीमती ममता साहू, वार्ड क्रमांक 10 के चंद्रकुमार पारस इसरानी, वार्ड क्रमांक 2 के



0वैशाखू नंदा एवं वार्ड क्रमांक 20 के भुवन बैरागी को मनोनीत पार्षद नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नगर परिषद निवास से वार्ड क्रमांक 4 के आशीष परोहा, वार्ड क्रमांक 14 के दरबारी पुषाम, वार्ड क्रमांक 10 के यशवंत चौकसे तथा वार्ड क्रमांक 12 के संजीव पाण्डेय को मनोनीत पार्षद बनाया गया है। वहीं नगर परिषद नैनपुर से वार्ड क्रमांक 1 के सालिकराम झारिया, वार्ड क्रमांक 3 के मदन यादव, वार्ड क्रमांक 8 की मंजू तिवारी, वार्ड क्रमांक 11 के सुभाष सेन, वार्ड क्रमांक 2 के प्रदीप मिश्रा तथा वार्ड क्रमांक 15 की किरण सोनी को मनोनीत पार्षद नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की।

## आवास में मिला वनकर्मी का शव

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत कालपी डिपो में पदस्थ वनकर्मी छन्नू लाल झारिया का शव उनके सरकारी आवास में फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शव घर के दरवाजे पर फंदे से लटका हुआ मिला और उसकी स्थिति को देखकर आशंका जताई जा रही है कि मौत करीब 3 से 4 दिन पहले हुई होगी। घटना की सूचना मिलते ही बीजाडांडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आवश्यक पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके से साक्ष्य जुटाए गए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## अधिकारी हर सप्ताह करें दो फील्ड विजिट : कलेक्टर



**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर ने जिला योजना भवन में आयोजित टीएल बैठक के दौरान समय-सीमा पत्रों एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकताओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा मैदानी स्तर पर नियमित निगरानी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी प्रत्येक सप्ताह कम से कम दो स्थानों का फील्ड विजिट कर योजनाओं की प्रगति का निरीक्षण करें और समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराएं। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जिले को टॉप-10 में लाने का लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। सीएम हेल्पलाइन में नॉन-अटेंडेंट पाए जाने वाले अधिकारियों पर नियमानुसार जुर्माना लगाने के निर्देश भी दिए। वहीं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उपसंचालक कृषि अश्विनी झारिया द्वारा बताया गया कि जिले में लगभग 2 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ फसलों की बोवनी पूर्ण हो चुकी है।

## दुकानों पर छापे, लिए सैंपल

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** महाराष्ट्र में सिंथेटिक और मिलावटी दूध के कारोबार की भनक लगते ही मध्यप्रदेश खाद्य सुरक्षा प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। संयुक्त खाद्य सुरक्षा आयुक्त के कड़े निर्देशों पर जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ विशेष जांच अभियान शुरू किया गया है। सीएमएचओ डॉ. डी.जे. मोहंती के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने जिले की कई डेयरियों, स्वीट्स और बेकरी दुकानों पर दबिश देकर ताबड़तोड़ छापेमार कार्रवाई की।

## आयोग सदस्य ने किया निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य भगत सिंह नेताम ने अपने प्रवास के दौरान स्थानीय शिक्षण संस्थान एवं छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय तथा अमर शहीद राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह सीनियर बालक छात्रावास का भ्रमण कर वहां की शैक्षणिक व मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनके खान-पान रहने की व्यवस्था और पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली।

## सिंधी साहित्य में पिंकी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नगर की पिंकी क्षत्री ने सिंधी साहित्य विषय में एमए प्रथम वर्ष परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 74 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। घोषित परिणाम में उन्होंने प्रावीण्य सूची में नौवां स्थान हासिल किया। पिंकी क्षत्री ने बताया कि बचपन से ही उनकी सिंधी साहित्य के प्रति विशेष रुचि रही है। उन्हें इस दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा



शदाणी दरबार, माना रायपुर के संत युधिष्ठिर लाल जी के सान्निध्य तथा सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता से मिली। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन को भी दिया उन्होंने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय शदाणी सिंधी पाठशाला रायपुर से एमए प्रथम वर्ष की परीक्षा दी जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की प्रावीण्य सूची में नौवां स्थान प्राप्त किया। पिंकी क्षत्री झूलेलाल कॉलोनी, सुभाष वार्ड निवासी देव क्षत्री की पत्नि हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, सामाजिकजनों शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## माध्यमिक शाला टिकरवारा में चोरी

**मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)।** जिले के शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला टिकरवारा में चोरी की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार 25 जुलाई की दरमियानी रात अज्ञात चोर स्कूल का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए और मिड-डे मील सहित अन्य उपयोगी सामग्री चोरी कर ले गए बताया गया कि मुखबिर से सूचना मिलने के बाद शनिवार सुबह करीब 12 बजे गांव के लोगों एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ ने मौके का निरीक्षण किया इस दौरान विद्यालय का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ मिला इसके बाद सभी शिक्षक एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुन्दन लाल नंदा को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया। निरीक्षण के दौरान स्कूल से दो गैस सिलेंडर, वॉल फैन, लगभग 4 क्विंटल चावल तथा लोहे की घंटी चोरी होना पाया गया चोरी गए सामान का उपयोग विद्यालय में मध्यान्ह भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए किया जाता था घटना की सूचना बम्हनी थाने में देकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**इस्तेहार (आम सूचना)**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार मण्डला के प्रकरण क्र. 0130 अ-6/2026 में आवेदक सुरेश कुमार पटेल व भगत सिंह पटेल निवासी-सेमरखापा ने अपनी स्वर्गीय माता श्रीमती अयोध्या बाई पटेल के नाम दर्ज ग्राम बिनैका, प.ह.नं. 70, खसरा नंबर 28, कुल रकबा 1.300 हेक्टेयर भूमि का नामांतरण पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु आवेदन किया है। अतः इस नामांतरण के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो आगामी पेशी दिनांक 06/08/2026 को या उसके पूर्व न्यायालय तहसीलदार मण्डला में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। नियत समय सीमा के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।**

**तहसीलदार**
**मण्डला (म.प्र.)**

संपादकीय

# भारत की गोल्डन गर्ल

भारत की स्टार भारोत्तोलक और ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू ने एक बार फिर पूरे देश का दिल जीत लिया है। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में मीराबाई ने शानदार प्रदर्शन किया। उनके दमदार खेल की बदौलत भारत की झोली में गोल्ड मेडल आ गिरा है। इस जीत के साथ ही मीराबाई चानू ने इन खेलों में लगातार तीन गोल्ड मेडल जीतकर अपनी गोल्डन हैट्रिक पूरी कर ली है। यानी लगातार तीसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों में सिर्फ और सिर्फ भारत का राष्ट्रगान गूंजा है। मणिपुर की स्टार वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने इतिहास रचते हुए कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। कॉमनवेल्थ गेम्स में महिलाओं की 48 किग्रा श्रेणी में मीराबाई ने 190 किग्रा के रिकॉर्ड-तोड़ कुल वजन उठाकर लगातार तीसरा गोल्ड मेडल जीतने में सफलता हासिल की। टोक्यो ओलंपिक की सिल्वर मेडल विनर मीराबाई ने अपनी इस बड़ी उपलब्धि के साथ ही पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।

जीत के बाद जब मीराबाई पोडियम पर राष्ट्रगान के दौरान गोल्ड मेडल के साथ खड़ी हुईं तो उनकी आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। मीराबाई की इस जीत के पीछे की कहानी संघर्ष भरी रही है। वजन को मेंटेन रखने के लिए मीराबाई ने दो दिनों से अन्न-जल का त्याग कर रखा था। मैच खत्म होते ही जब मीडियाकर्मी उनके पास पहुंचे तो उनके मुंह से सबसे पहला शब्द निकला। जल्दी-जल्दी करो, मैंने 2 दिन से कुछ खाया नहीं है। हालांकि, मैच की शुरुआत मीराबाई के लिए उम्मीद के मुताबिक नहीं रही थी। वह स्नेच में अपने पहले प्रयास (82 किग्रा) में चूक गईं। लेकिन मीराबाई ने तुरंत खुद को संभाला और दूसरे प्रयास में 82 किग्रा और फिर 85 किग्रा उठाकर नया राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड बना दिया। यहां भी पहले प्रयास में असफलता के बाद उन्होंने दूसरे प्रयास में 105 किग्रा का भार उठाकर कॉमनवेल्थ गेम्स रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कुल 190 किग्रा (85 किग्रा+105 किग्रा) वजन उठाकर रिकॉर्ड बुक्स में अपना नाम दर्ज करा लिया। यह राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में आज तक किसी भी खिलाड़ी द्वारा उठाया गया सबसे ज्यादा वजन है। यह केवल राष्ट्रमंडल खेलों तक सीमित नहीं है। यह राष्ट्रमंडल देशों के किसी भी खिलाड़ी द्वारा दुनिया की किसी भी बड़ी इंटरनेशनल प्रतियोगिता (जैसे वर्ल्ड चैम्पियनशिप, ओलंपिक आदि) में बनाया गया सबसे बड़ा रिकॉर्ड है।

कॉमनवेल्थ गेम्स में पदकों की हैट्रिक लगाने के बाद स्टार महिला खिलाड़ी ने अपनी भावनाएं जाहिर करते हुए कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है आज। ये कॉमनवेल्थ गेम्स का मेरा तीसरा गोल्ड है। मैं बहुत ही ज्यादा खुश हूं। इतना ज्यादा खुश हूं कि बता नहीं सकती, लगातार तीन बार गोल्ड जीता है। मैं भारत के लिए बहुत गर्व महसूस करती हूं और भारतीय वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के लिए भी। भारत के लिए मेडल दे पाई हूं, ये मेरे लिए बहुत ही बड़ी बात है।' उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी मां और कोच विजय शर्मा को दिया। उन्होंने कहा कि वे मेरे हर बुरे और अच्छे वक्त में मेरे साथ खड़े रहे। परिवार और देश की उम्मीदों का काफी दबाव था, लेकिन भारत के लिए तीसरा गोल्ड जीतकर बेहद खुशी हो रही है। मीराबाई की इस जीत को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सराहने का काम किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भारतीय वेटलिफ्टिंग में एक और ऐतिहासिक पल! हमारी देश की शान मीराबाई चानू ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 48 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर एक बार फिर तिरंगा लहराया है। राष्ट्रमंडल खेल में लगातार गोल्ड जीतना और कुल 4 मेडल अपने नाम करना साबित करता है कि मेहनत का कोई जवाब नहीं। मीराबाई हर भारतवासी की प्रेरणा हैं। इस शानदार जीत पर उन्हें बहुत-बहुत बधाई और आने वाले मैचों के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं।

## नीट पेपर लीक प्रकरण

# जब छात्रों की आवाज पर बैरिकेड खड़े कर दिए जाएं

कुमार कृष्णन

लोकतंत्र की पहचान केवल इस बात से नहीं होती कि चुनाव कितनी नियमितता से होते हैं, बल्कि इस बात से भी होती है कि सरकार अपने नागरिकों की असहमति को किस दृष्टि से देखती है। जब युवा अपने भविष्य को लेकर सड़कों पर उतरते हैं, तब सरकार के सामने दो रास्ते होते हैं-संवाद का या दमन का। इतिहास बताता है कि संवाद लोकतंत्र को मजबूत करता है, जबकि दमन केवल असंतोष को स्थगित करता है; समाप्त नहीं करता।

नीट पेपर लीक प्रकरण ने पूरे देश में करोड़ों छात्रों और अभिभावकों के मन में परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। बिहार, जहाँ प्रतियोगी परीक्षाएँ लाखों युवाओं के जीवन का सबसे बड़ा सहारा हैं, वहाँ इस मुद्दे ने स्वाभाविक रूप से व्यापक राजनीतिक और सामाजिक स्वरूप ग्रहण कर लिया है। दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की मांग को लेकर छात्र संगठन आइसा ने बिहार बंद का आह्वान किया। इस बंद को राष्ट्रीय जनता दल, विकासशील इंसान पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) सहित कई दलों का समर्थन मिला।

बंद के आह्वान के साथ ही पटना से लेकर राज्य के विभिन्न जिलों तक प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दिया। राजधानी के वीआईपी क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में बदल दिया गया। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। वाटर कैनन तैयार रखे गए। कई स्थानों पर छात्र नेताओं के घरों पर छापेमारी की खबरें सामने आईं। समस्तीपुर, सीवान, गया और अन्य जिलों में प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम किए, टायर जलाए और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाए।

इन घटनाओ को केवल कानून-व्यवस्था के दृष्टिकोण से देखना पर्याप्त नहीं होगा। इनके पीछे वह गहरी बेचैनी है जो वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं, भर्ती प्रक्रियाओ और रोजगार के संकट से जूझ रहे युवाओं के भीतर जमा होती रही है।

पेपर लीक किसी प्रश्नपत्र का अवैध प्रसार भर नहीं है। यह समान अवसर के संवैधानिक सिद्धांत पर सीधा आघात है। जो छात्र वर्षों तक कठिन परिश्रम करते हैं, सीमित संसाधनों में तैयारी करते हैं और अपने परिवारों की उम्मीदों का भार उठाते

हैं, उनके लिए प्रश्नपत्र लीक होना केवल परीक्षा का रद्द होना नहीं, बल्कि भविष्य की अनिश्चितता का प्रतीक बन जाता है।

बिहार इस पीड़ा को सबसे गहराई से समझता है। राज्य के हजारों गाँवों में ऐसे परिवार हैं जो अपनी सीमित आय का बड़ा हिस्सा बच्चों की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर खर्च करते हैं। कोई खेत गिरवी रखता है, कोई गहने बेचता है, कोई कर्ज लेकर बेटे-बेटी को कोचिंग भेजता है। जब परीक्षा रद्द होती है या उसकी निष्पक्षता पर प्रश्न उठते हैं, तब उसका आघात केवल अभ्यर्थी तक सीमित नहीं रहता; पूरा परिवार टूटता है।



इसी कारण छात्र आंदोलन को केवल राजनीतिक गतिविधि मान लेना वास्तविक समस्या से आँखें मूंद लेना होगा।

यह भी सही है कि राज्य की जिम्मेदारी कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। यदि कहीं हिंसा होती है, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचता है या न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन होता है, तो पुलिस को कार्रवाई का अधिकार है। लेकिन लोकतांत्रिक शासन की कसौटी यह है कि वह बल प्रयोग को अंतिम विकल्प बनाए, पहला नहीं। शांतिपूर्ण विरोध और हिंसक उपद्रव के बीच स्पष्ट अंतर किया जाना चाहिए। भारतीय संविधान नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण ढंग से एकत्र होने का अधिकार देता है। ये अधिकार निरपेक्ष नहीं हैं, परंतु इन पर लगाए जाने वाले प्रतिबंध भी संविधान की कसौटी पर खरे उतरने चाहिए। लोकतंत्र का उद्देश्य असहमति को समाप्त करना नहीं, बल्कि उसे संवैधानिक ढंग से अभिव्यक्ति का अवसर देना है।

दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और उसके विरोध में बिहार बंद की पृष्ठभूमि में यह प्रश्न और महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या सरकार ने संवाद के सभी रास्ते अपनाने के बाद ही कठोर प्रशासनिक उपाय किए? यदि संवाद की संभावना मौजूद थी, तो उसे प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी।

बिहार का राजनीतिक इतिहास छात्र आंदोलनों से गहराई से जुड़ा है। 1974 का संपूर्ण क्रांति आंदोलन इसी धरती से उठी छात्र चेतना का परिणाम था। उस आंदोलन ने भारतीय राजनीति की दिशा बदल दी। उस समय भी सत्ता ने आंदोलन को कानून-व्यवस्था का प्रश्न बताया था, लेकिन इतिहास ने उसे लोकतांत्रिक जागरण के रूप में स्वीकार किया।

आज परिस्थितियाँ भिन्न हैं, लेकिन मूल प्रश्न वही है- क्या युवा अपनी बात कह सकते हैं? और यदि कहते हैं, तो क्या उन्हें सुना जाएगा?

यह भी सच है कि किसी भी जनांदोलन में राजनीतिक दल सक्रिय हो जाते हैं। बिहार बंद को कई विपक्षी दलों का समर्थन मिला। सरकार इसे राजनीतिक रंग देने का प्रयास बता सकती है। लेकिन इससे यह तथ्य नहीं बदलता कि नीट पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता का संकट वास्तविक है। यदि मूल समस्या मौजूद है, तो उसका समाधान राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से नहीं होगा।

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे महत्वपूर्ण पक्ष युवाओ का मनोविज्ञान है। बेरोजगारी, भर्ती में विलंब, बार-बार परीक्षा रद्द होना और चयन प्रक्रियाओ पर संदेह-इन सबने युवाओं में गहरी निराशा पैदा की है। यदि इस निराशा का उत्तर केवल पुलिस बल से दिया जाएगा, तो लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति विश्वास कमजोर पड़ सकता है।

सरकार के सामने चुनौती दोहरी है। एक ओर उसे कानून-व्यवस्था बनाए रखनी है, दूसरी ओर युवाओं का विश्वास भी लौटाना है। यह विश्वास केवल आश्वासनों से नहीं लौटेगा। इसके लिए पारदर्शी जांच, दोषियों पर त्वरित कार्रवाई, समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया और परीक्षा प्रणाली में तकनीकी तथा प्रशासनिक सुधार आवश्यक होंगे। इसी प्रकार छात्र संगठनों की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। लोकतांत्रिक आंदोलन की सबसे बड़ी शक्ति उसका नैतिक बल होता है। यदि आंदोलन शांतिपूर्ण रहेगा, तथ्यों पर आधारित रहेगा और सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करेगा, तो उसकी नैतिक वैधता कहीं अधिक मजबूत होगी।

आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार विपक्ष को शत्रु और छात्र संगठनों को अपराधी मानने की प्रवृत्ति से बचे। विपक्ष को भी आंदोलन को केवल राजनीतिक अवसर के रूप में नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य के प्रश्न के रूप में देखना चाहिए।

नीट पेपर लीक का संकट केवल शिक्षा का संकट नहीं है, यह शासन, पारदर्शिता और सार्वजनिक विश्वास का संकट है। यदि लाखों छात्र यह महसूस करने लगें कि मेहनत से अधिक महत्व भ्रष्ट नेटवर्क का है, तो लोकतंत्र की आधारशिला कमजोर पड़ने लगती है।

बिहार के लिए यह समय आत्ममंथन का है। यह राज्य प्रतिभा की कमी से नहीं, अवसरों की कमी से जूझ रहा है। यहाँ के युवा देश की लगभग हर बड़ी प्रतियोगी परीक्षा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। इसलिए परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता उनके लिए जीवन-मरण का प्रश्न है।

सरकार यदि वास्तव में इस संकट का समाधान चाहती है, तो उसे पुलिस कार्रवाई से आगे बढ़कर संस्थागत सुधारों पर ध्यान देना होगा। परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही तय करनी होगी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को तकनीकी रूप से मजबूत बनाना होगा, पेपर लीक में शामिल संगठित गिरोहों पर कठोर कार्रवाई करनी होगी और छात्रों को समयबद्ध न्याय का भरोसा देना होगा।

लोकतंत्र की शक्ति बैरिकेडों में नहीं, भरोसे में होती है। भरोसा संवाद से बनता है, दमन से नहीं। यदि छात्र अपने भविष्य की रक्षा के लिए सड़कों पर हैं, तो उन्हें केवल कानून-व्यवस्था की समस्या मानना दूरदर्शी राजनीति नहीं होगी।

अंततः प्रश्न केवल बिहार बंद का नहीं है। प्रश्न यह है कि क्या भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था अपने युवाओं की बेचैनी को सुनने के लिए तैयार है? क्या वह उनके सवालों का जवाब पारदर्शिता और जवाबदेही से देगी, या हर बार पुलिस बल को ही पहला उत्तर बनाएगी?

इतिहास का अनुभव बताता है कि सत्ता की वास्तविक मजबूती विरोध को दबाने में नहीं, बल्कि उसे सुनने और उसका समाधान खोजने में होती है। यदि सरकार इस अवसर को संवाद और सुधार में बदलती है, तो यह लोकतंत्र की जीत होगी। लेकिन यदि असहमति का हर स्वर बैरिकेडों और गिरफ्तारियों के बीच दबा दिया जाएगा, तो हार केवल छात्रों की नहीं, लोकतांत्रिक मूल्यों की भी होगी।

आज बिहार की सड़कों पर जो संघर्ष दिखाई दे रहा है, वह केवल एक परीक्षा का संघर्ष नहीं है; वह भरोसे, न्याय और समान अवसर की लड़ाई है। इस लड़ाई का उत्तर लाठी नहीं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और संवैधानिक संवाद होना चाहिए। यही लोकतंत्र की असली कसौटी है और यही किसी भी जिम्मेदार शासन की सबसे बड़ी परीक्षा।

# जिसे खोज रहे हो वह तो भीतर ही है, पहले स्वयं को देखने का सूत्र अपनाकर देखें

रमण महर्षि

यह लेख आत्मचिंतन और आत्मज्ञान की ओर प्रेरित करता है। इसमें बताया गया है कि मनुष्य के अधिकांश प्रश्न बाहरी दुनिया से नहीं, बल्कि स्वयं के वास्तविक स्वरूप को न जानने से उत्पन्न होते हैं। जब व्यक्ति ईमानदारी से अपने भीतर झाँककर %मैं कौन हूं?% का प्रश्न करता है, तभी उसकी आध्यात्मिक यात्रा शुरू होती है। आत्मबोध होने पर भय, अहंकार और भ्रम कम होने लगते हैं तथा अनेक प्रश्न स्वतः शांत हो जाते हैं। अंततः यह अनुभूति होती है कि जिसकी खोज बाहर की जा रही थी, वह स्वयं के भीतर ही विद्यमान है।

मैं यह नहीं कहता कि ज्ञान प्राप्त करने के बाद तुम्हारे पास कोई प्रश्न नहीं रहेगा। प्रश्न रहेंगे, लेकिन उन्हें पूछने वाला बदल जाएगा। अब तुम प्रश्नों को अपने भय, इच्छाओं और अहंकार की धुंध से नहीं देखोगे।

### क्या हमारे सभी प्रश्नों का मूल वास्तव में बाहर है?


मनुष्य जीवन भर उत्तरों की खोज करता रहता है। वह जानना चाहता है कि ईश्वर है या नहीं, संसार क्यों बना, मृत्यु के बाद क्या होता है, कर्म क्या है, भाग्य क्या है, सुख कहाँ है और दुख क्यों है। ये सभी प्रश्न स्वाभाविक हैं। लेकिन क्या तुमने कभी यह देखा है कि इन सब सवालों को पूछने वाला कौन है? तुम्हारा मन बाहर की ओर दौड़ता है। वह हर घटना का कारण जानना चाहता है, पर जिसने यह जिज्ञासा उठाई, उसे जानने का प्रयास मनुष्य बहुत कम करता है। यह ऐसा ही है जैसे कोई व्यक्ति वृक्ष के हर पत्ते का अध्ययन करे, लेकिन यह न देखे कि वह निकला किस जड़ से है।

### क्या कभी उस 'मैं' को देखने की कोशिश की है?

मैं केवल इतना कहता हूँ कि एक क्षण रुककर उस 'मैं' को देखो, जो हर अनुभव में सबसे पहले उपस्थित होता है। तुम कहते हो- मैं सोचता हूं, मैं दुखी हूं, मैं प्रसन्न हूं। पर यह 'मैं' है कौन? तुम्हारे अधिकांश प्रश्न वास्तव में संसार के नहीं हैं, बल्कि उस 'मैं' की अस्थिरता से निकलते हैं, जिसे तुम अपना वास्तविक स्वरूप समझ बैठे हो।

### भय और प्रश्नों का रिश्ता आखिर क्या है?

जब यह 'मैं' स्वयं को केवल शरीर मानता है, तब उसे मृत्यु का भय सताता है। इसलिए प्रश्नों से लड़ो मत, बल्कि उनके स्रोत को देखो। हर प्रश्न के पीछे एक 'मैं' बैठा है, जो स्वयं को सीमित मानता है। इसी सीमितता से भय जन्म लेता है और भय से प्रश्नों की लंबी श्रृंखला शुरू होती है। जब तुम पूछते हो- मैं कौन हूं? तब तुम्हारी चेतना उसी दिशा में मुड़ने लगती है, जहाँ से सभी अनुभव उत्पन्न होते हैं।



### 'मैं' केवल एक विचार है या कुछ और?

धीरे-धीरे तुम देखोगे कि 'मैं' एक विचार की तरह उठता है। जागते ही सबसे पहले 'मैं' का भाव आता है और उसके बाद संसार उपस्थित हो जाता है- मेरा परिवार, मेरी स्मृतियां, मेरी योजनाएं। यदि इस प्रथम विचार की जाँच कर ली जाए, तो उसके पीछे एक मौन उपस्थिति दिखाई देने लगती है, जो किसी विचार पर निर्भर नहीं होती। वही तुम्हारा वास्तविक स्वरूप है।

### ज्ञानी और अज्ञानी में वास्तविक अंतर क्या है?

ज्ञानी और अज्ञानी दोनों एक ही संसार में रहते हैं, लेकिन उनका अनुभव एक जैसा नहीं होता। अज्ञानी हर घटना को अपने छोटे-से 'मैं' से जोड़ता है, जबकि ज्ञानी उसी घटना को आते-जाते हुए देखता है। वह न भागता है, न किसी चीज़ से चिपकता है। वह जीवन के साथ संघर्ष नहीं करता, क्योंकि उसने स्वयं को जीवन से अलग मानना छोड़ दिया है।

### क्या ज्ञान मिलने के बाद सभी प्रश्न समाप्त हो जाते हैं?


इसलिए मैं यह नहीं कहता कि ज्ञान प्राप्त करने के बाद तुम्हारे पास कोई प्रश्न नहीं रहेगा। मैं केवल इतना कहता हूँ कि प्रश्न पूछने वाला बदल जाएगा। अब तुम प्रश्नों को अपने भय, इच्छाओं और अहंकार की धुंध से नहीं देखोगे।

### सभी प्रश्नों का अंत किस एक प्रश्न में छिपा है?

यदि तुम सचमुच सभी प्रश्नों का अंत चाहते हो, तो प्रश्नों की संख्या कम मत करो। उस पहले प्रश्न को पूरी गंभीरता से पूछो, जिससे सभी प्रश्न जन्म लेते हैं- मैं कौन हूं? जब यह प्रश्न अपने अंतिम मौन में विलीन हो जाता है, तब न कोई विजेता बचता है, न कोई पराजित। केवल वही शांति शेष रहती है, जिसे न शब्द व्यक्त कर सकते हैं और न विचार पकड़ सकते हैं।

बात पते की

# गुजरात की बारिश, बिगड़ैल मौसम की चेतावनी



देव शंकर अवस्थी

इस साल मौसम के मिजाज कुछ अलग हैं। आधा वर्षाकाल बीता लेकिन देश के अधिकांश हिस्से को अच्छी बारिश का इंतजार है। जैसा कि पहले से विदित रहा कि अबकी दफा बारिश रुलाएगी, मानसून गड़बड़ाएगा, ठीक वैसे ही आसार दिख रहे। दूसरा, यह कि मौसम अपना बिगड़ैल रूप दिखाएगा। गुजरात के दक्षिणी हिस्से में मानसून का जो रूप दिखा, वह किसी बड़ी प्राकृतिक आपदा से कम नहीं। वलसाड़ जिले में 45 घंटे के अंदर 50 इंच वर्षा। यहां तो बारिश कहर बनकर टूटी। गुजरात के कई और जिलों में इसी अवधि में 20 से 25 इंच तक वर्षा हुई। महज दो दिन से भी कम समय में हुई ताबड़तोड़ बारिश से पूरा जनजीवन चरमरा गया। पॉश इलाकों में भारी जलभराव हो गया। सैकड़ों वाहन पानी में डूबे। हजारों दुकान-मकानों में लबालब पानी भरा। सैकड़ों करोड़ की संपत्ति नष्ट हो गई। पानी का प्रकोप भले ही गुजरात तक सीमित रहा लेकिन उसका प्रचंड प्रहार दुनिया को डराने के लिए काफी है। इतने कम समय में इतनी बारिश पहले तो कभी नहीं सुनी। लग रहा, जैसे बादलों की खेप चली पूरे देश के लिए और बरस गए केवल गुजरात में। मौसम विज्ञानियों के अनुसार यह अच्छी बात नहीं है। यह असंतुलित होते पर्यावरण चक्र का नतीजा है। देश के अनेक हिस्से जब कम वर्षा या सूखे से जूझ रहे हों, तब गुजरात की बारिश से भविष्य के संकेत अच्छे तो नहीं मिलते। अब मौसम यह बता रहा कि हम कहीं सूखे से तो कहीं डुबा के मारेंगे। बारिश, गर्मी और ठंड का विकृत रूप अब और विकृत होने से इंकार नहीं किया जा सकता। इस बात की चेतावनी प्रकृति अरसे से दे रही, नासमझ तो हम हैं, जो इन मामलों में बिल्कुल भी गंभीर नहीं।

### पालतू कुत्तों से ऐसा सुलूक

महंगे नस्लों के कुत्ते पालना फैशन बन गया है। लोग दिखावे के चक्कर में कुत्ते तो पाल लेते हैं लेकिन जब कुत्तों की खुराक, देखभाल और इलाज की बारी आती है तो दम फूल जाता है। नतीजा, सबसे आसान तरीका कुत्ते से छुटकारा पाना होता है। पिछले दिनों मेडिकल कॉलेज के मुख्य गेट के पास एक लेब्राडोर प्रजाति का कुत्ता डरा, सहमा सा बैठा था। वह हर आती-जाती कार को देखने लगता, जैसे उसे अपने मालिक का इंतजार हो। घंटों बीत गए लेकिन मालिक कहां आने वाला। अंत में नजदीक के चाय वाले को दया आई। चाय वाले ने कुत्ते को बिस्किट, पानी और आश्रय दिया। दरअसल, कोई कार वाला कुत्ते को यहां छोड़कर चला गया। बाद में कुत्ता मालिक का दिल पसीज गया होगा, जो तीन दिन बाद आया और कुत्ते को वापस ले गया। सब कुत्ते इतने भाग्यशाली नहीं होते कि उन्हें दोबारा स्वीकार कर लिया जाए।

### ... और अंत में

इंसान कितना नीचे गिर सकता है, इसकी बानगी जब-तब देखने मिल जाती है। नैनपुर के निकट एक गांव में पिछले दिनों मवेशियों के तस्कर कुछ भैंसों को भरकर ले जा रहे थे। एक भैंस को संभवतः गाड़ी में बैठा नहीं पाए। उन्होंने भैंस का एक पैर काट दिया और उसे वहीं छोड़कर भाग गए। सुबह लोगों ने तड़पती भैंस को देखा तो हंगामा मच गया। तस्कर पकड़े जाएंगे या नहीं, यह पता नहीं लेकिन इतने निकृष्ट होते मनुष्य का कभी कोई हल निकल पाएगा या नहीं।

# सौ दो सौ बूँदें टपका कर कहां गायब हो गए प्यारे मानसून...

गर्मी, गर्मी, गर्मी, हाय गर्मी लोग मरे जा रहे है गर्मी से, सूर्य देवता भी अपनी पूरी ताकत लगाए पड़े हैं कि कितनी गर्मी धरती पर बरसा दें, जनता पसीने से भीग चुकी है,कूलर, एसी सब फेल हो चुके हैं नदियों तालाबों का पानी सूख गया है बस इंतजार है तो मानसून के बादलों का लेकिन मानसून देखो तो इस तरफ नजरें इनायत नहीं कर रहा। वंही दूसरी तरफ मुंबई हो, सूरत हो, अहमदाबाद हो ऐसा बरसा कि शहर समुद्र नजर आने लगे लेकिन पता नहीं मध्यप्रदेश से क्या खुंदक हो गई है कि इस तरफ झाँक भी नहीं रहा। रोजाना मौसम विभाग वाले भविष्यवाणी करते है कि बस इंतजार की घड़ियाँ खत्म हुई बादल ऐसे बरसेंगे कि भागते गैल नहीं मिलेगी लेकिन होता क्या है दस पचास बूंदे टपका कर गायब हो जाते हैं ये बादल।

अपन ने तो ये सुना था मुंबई से तुम सीधे जबलपुर आते हो यानी मध्यप्रदेश में प्रवेश कर लेते हो लेकिन ये भी नहीं हो रहा ,वैसे तुम्हारा पुराना रिकॉर्ड भटकने का रहा है अपने को तो एक बात आज तक समझ में नहीं आई कि तुम हर साल आते हो तो फिर एक साल में अपना रास्ता कैसे भूल जाते हो तुम्हारे इंतजार में लोग काला चश्मा लगाकर आसमान की तरफ देख रहे लेकिन अभी दूर-दूर तक तुम्हारे बादलों का पता नहीं है, अगर सीधे-सीधे मुंबई से गरीब रथ में बैठ जाते या मुंबई से जबलपुर आने वाली और किसी ट्रेन से आ जाते तो दूसरे दिन ही पहुंच जाते आना होता तो सीधे-सीधे फ्लाइट से आ जाते आने के तो बहुत से रास्ते थे लेकिन लगता है तुम भी नेता टाइप हो गए हो कहते कुछ हो और करते कुछ हो, जनता परेशान है लेकिन करना तुमको वही है जो तुम्हारे मन में आता है जितना इंतजार तुम्हारा हो रहा है उतना इंतजार तो आशिक अपनी महबूबा का भी नहीं करता । तुम तो उनसे भी बढ़कर हो गए हो खैर अब सब कुछ तुम पर ही डिपेंड है तुम्हें जिस भी रूट से आना है आ जाओ तुम्हें फ्लाइट से आना है ट्रेन से आना है या अपनी खुद की गाड़ी से बाय रोड आना है ये तुम डिसाइड कर लो लेकिन आ जरूर जाओ भैया, वरना गर्मी सबकी लाई लूट लेगी अब तो तुम्हारे इंतजार में बस यही गाना तमाम लोग गा रहे हैं- इंतहा हो गई इंतजार की, आई ना कुछ खबर मानसून की।




### गधे रसगुल्ले खा रहे

लोग बात कहते हैं कि गधे की किस्मत सबसे खराब होती है बेचारा सामान ढोता रहता है और चूं तक नहीं करता, गधे को बतौर गाली भी मान लिया जाता है मां-बाप जब बेटा पढ़ाई नहीं करता तो यही कहते हैं पक्का गधा बनेगा ये,, लेकिन कहते हैं कि भगवान ने हर एक की किस्मत लिखी है ये बात अलग है कि कभी-कभी समय अच्छा होता है और कभी-कभी खराब, अब देखो ना इन गधों की किस्मत ने क्या गुल खिलाया मानसून आ नहीं रहा पानी बरस नहीं रहा तो एक मान्यता है कि यदि गधों को गुलाबजामुन खिलाओ तो पानी बरसता है तो अपने प्रदेश की राजधानी भोपाल में लोग गुलाबजामुन लेकर गधों को ढूंढ रहे हैं कि कहीं से कोई गधा मिल जाए तो उसको गुलाब जामुन खिला दें लेकिन गधे हैं कि ढूंढे नहीं मिल रहे गधों ने भी सोच लिया है कि बहुत बेइज्जती हमारी कर ली अब बेटा हम तुम्हें अलसेट देंगे । जब तक हम गुलाब जामुन नहीं खा लेंगे तब तक पानी बरसेगा नहीं और जब तक पानी बरसेगा नहीं तो तुम समझ लो तुम्हारी हालत क्या होने वाली है । इसी को कहते हैं कि कभी किसी को कमजोर नहीं समझना चाहिए। जिस गधे को लोग दूर से भगा देते थे अब उसके हाथ पैर जोड़ रहे हैं कि भैया गधा गुलाब जामुन तो खा लो यार लेकिन गधे हैं तो गुलाब जामुन देखकर मुंह फेर लेते हैं अपना तो कहना इन लोगों से यही है कि आज से कसम खाओ कि कभी किसी को गधा नहीं कहोगे चाहे कोई भले ही कितना गधा क्यों ना हो, और जहां भी गधा देखो तुरंत उसको प्रणाम कर लेना और अकेले मानसून के लिए ही नहीं बल्कि जब भी वो दिखाई दे उसे दो चार गुलाब जामुन जरूर खिला देना ताकि उसको गुलाब जामुन खाने की प्रैक्टिस हो जाए ।

### आनंद ही तो छीन लिया

मध्य प्रदेश के पशुपालन मंत्री लखन पटेल के सितारे गर्दिश में क्या आए अच्छा खासा विभाग उनसे छीन लिया गया। बताया जाता है कि उनके विभाग में भारी गड़बड़ी चल रही थी और जिससे सरकार की बदनामी हो रही थी इसके चलते दिल्ली से आए फोन ने लखन भैया की गद्दी छीन ली अब पशुपालन विभाग तो छीन लिया तो दिया क्या जाए क्योंकि सभी विभाग तो मलाईदार होते हैं और उन्हें मलाई देना नहीं है। सोच विचार के बाद उन्हें आनंद विभाग दे दिया। बरसों पहले ये आनंद विभाग बनाया गया था लेकिन कितने लोगों को आनंद विभाग ने आनंद दिया ये बहुत बड़ी खोज का विषय है यहां तक कि आनंद विभाग में जो लोग काम कर रहे हैं क्या उन्हें इस विभाग में आनंद आ रहा है ये भी एक दूसरी खोज का विषय है कहने को तो लखन पटेल जी को आनंद विभाग का जुम्मा दे दिया है लेकिन अपने को लगता है कि पशुपालन विभाग से उनको हटाकर उनका पूरा आनंद सरकार ने छीन लिया है अब वे दुखी होकर आनंद विभाग का जुम्मा संभालेंगे । अब आप खुद ही सोचो कि जिसके पास आनंद विभाग का चार्ज हो वही खुद आनंद में ना हो तो ऐसे आनंद विभाग की जरूरत ही क्या है लेकिन सरकार भी बहुत बुद्धिमान होती है ऐसे दो-चार डिपार्टमेंट बना के रखती है जिसमें पंजी का भी आनंद नहीं है लेकिन कहने को होता है कि आपके पास एक पोर्टफोलियो है और यही लखन पटेल जी के साथ हो रहा है।

### सुपर हिट ऑफ द वीक

कौन कहता है कि बीवियां अपनी गलती नहीं मानती श्रीमान जी ने अपने दोस्त से कहा

आपकी पत्नी ने ऐसी कौन सी गलती मान ली दोस्त ने पूछा

कल उसने साफ-साफ कह दिया कि तुमसे शादी करके सचमुच मुझसे बहुत बड़ी गलती हो गई श्रीमान जी ने उत्तर दिया।

स्वतंत्र मत
जबलपुर
मंगलवार 28 जुलाई 2026



# 330-मेगावाट का एआई डेटा सेंटर और पानी की लड़ाई... कैलिफोर्निया में किसानों और टेक कंपनी के बीच रस्साकशी

वाशिंगटन

एआई का बूम दुनिया भर में डेटा सेंटर बनवा रहा है। लेकिन ये सेंटर बहुत ज्यादा बिजली और पानी खाते हैं। इसी वजह से अब टेक कंपनियों और स्थानीय लोगों के बीच झगड़ा शुरू हो गया है। कंपनी और किसानों के बीच टकराव शुरू हो गया है।

दक्षिणी कैलिफोर्निया की इंपीरियल वैली में राज्य का सबसे बड़ा AI डेटा सेंटर बन रहा है। ये 330 मेगावाट का प्रोजेक्ट है। पहले कंपनी ने वादा किया था कि वो कोलोराडो नदी का पानी नहीं लेगी। लेकिन अब कंपनी उसी नदी के 287 मिलियन गैलन पानी के लिए कोर्ट चली गई है।

कोलोराडो नदी 4 करोड़ लोगों के लिए पानी का स्त्रोत है। इंपीरियल वैली में तो यही मीठे पानी का एकमात्र जरिया है। यहां पहले से ही सूखे की समस्या है। राज्य का 80 प्रतिशत पानी किसान इस्तेमाल करते हैं।



कंपनी के मालिक सेबेस्टियन रूची का कहना है कि पानी की मांग नहीं बढ़ेगी। वो पास के खेतों से जमीन और पानी के अधिकार खरीद लेंगे और खेती बंद कर देगे। उस पानी से डेटा सेटर चलाएंगे। उनका कहना है नदी से एक बूंद अतिरिक्त पानी नहीं लगेगा। लेकिन स्थानीय लोग नाराज हैं।

एल सेंट्रो और इंपीरियल शहरों ने रीसाइकिल पानी देने से मना कर दिया। पानी देने वाली सरकारी एजेंसी ने भी मांग ठुकरा दी। स्थानीय नेता एरिक रेयेस का कहना है कि ये आईआईडी को दरकिनार करने की साजिश है। मार्च में एक मीटिंग में लोग इतना भड़क गए कि मीटिंग रोकनी पड़ी। पानी के जानकारों का कहना है कि मुद्दा सिर्फ पानी का नहीं है। सवाल ये है कि क्या खेती का पानी, टेक कंपनियों को दिया जाए। खेती विशेषज्ञों का कहना है कि अगर खेत बंद हुए तो नुकसान सिर्फ किसानों का नहीं होगा। ट्रैक्टर वाले, खाद बेचने वाले, टीचर और छोटे दुकानदारों की भी नौकरी जाएगी। वहीं कंपनी का दावा है कि इससे 1688 अस्थायी और 100 से ज्यादा पक्की नौकरी मिलेगी और 30 साल में 2.95 बिलियन डॉलर का फायदा होगा। इंपीरियल काउंटी में बेरोजगारी 17 प्रतिशत है इस विवाद में जल विशेषज्ञ रेट लार्सन का कहना है कि हमारे पास बहुत अच्छे काम करने के लिए काफी पानी है। लेकिन हर अच्छे काम के लिए पानी नहीं है।

# जिहाद और प्रतिरोध ही रास्ता, मोजतबा खामेनेई ने हिज्बुल्लाह को भेजा संदेश

तेहरान

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने लेबनान के हिज्बुल्लाह लड़ाकों को समर्थन दिया है। मोजतबा ने इजराइल के खिलाफ हिज्बुल्लाह के मजबूत रुख की तारीफ की है। मोजतबा ने कहा कि जिहाद और प्रतिरोध के अलावा आगे बढ़ने का कोई रास्ता नहीं हैं। उन्होंने कहा कि लेबनान के हिज्बुल्लाह लड़ाकों की रक्षा करना ईरान की रणनीतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ये बात हिज्बुल्लाह के महासचिव शेख नईम कासिम और समूह के लड़ाकों को ङ्ग पर भेजे संदेश में कही।

खामेनेई ने मांग की कि अमेरिका के साथ ईरान का कोई भी समझौता तभी होगा जब इजरायल लेबनान के खिलाफ आक्रामकता पूरी तरह और बिना



शर्त बंद करेगा। मोजतबा ने हिज्बुल्लाह को इजरायल के खिलाफ जिहाद में लगे समूहों का अगुआ बताया और कह कि ये समूह अटल चट्टान की तरह खड़ा है।

उन्होंने कहा आज दुनिया के देश अमेरिका और अपराधी जायोनियों के अत्याचार से तंग आ चुके हैं। जिहाद और प्रतिरोध के अलावा आगे बढ़ने का कोई रास्ता नहीं है। मोजतबा का यह बयान उस पत्र के जवाब में आया है जिसमें समूह ने ईरान के इस्लामिक गणराज्य के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया था।

### शहीदों को मोजतबा ने दी श्रद्धांजलि

मोजतबा ने खामेनेई ने हिज्बुल्लाह के उन लड़ाकों को भी श्रद्धांजलि दी जो अमेरिका-इजरायल के हमलों में मारे गए। इसमें पूर्व महासचिव सैयद हसन नसरल्लाह का नाम भी शामिल था। उन्होंने कहा कि शहीदों की कुर्बानी की वजह से हिज्बुल्लाह एक छोटे पौधे से विशाल पेड़ बन गया है और इससे इस्लामिक दुनिया में लेबनान का मान बढ़ा है। अंत में उन्होंने हिज्बुल्लाह के लड़ाकों, विस्थापित नागरिकों और शहीदों के परिवारों के लिए प्रार्थना की और उनकी जीत का भरोसा जताया।

# उत्तर कोरिया की परमाणु क्षमताओं का लगातार होगा उन्नयन : किम यो जोंग



**मास्को, (स्पुतनिक/वार्ता)।** उत्तर कोरिया की परमाणु क्षमताओं का लगातार उन्नयन किया जाएगा और वे सुरक्षा की सबसे अच्छी गारंटी बने रहेंगे। यह बात कोरियन वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति का सामान्य विभाग की निदेशक और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने कही। कोरियन सेंट्रल न्यूज़ एजेंसी के अनुसार, किम यो जोंग ने कहा, हमारा रुख़ एक जैसा और स्पष्ट है कि परमाणु प्रतिरोध देश की संप्रभुता के लिए एक भरोसेमंद ढाल और सुरक्षा की सबसे अच्छी गारंटी है। उत्तर कोरिया की परमाणु क्षमता को बिना किसी रुकावट के लगातार बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विरोधी ताकतों के कारण उत्पन्न हुए संकट के बीच यह बचाव ज़रूरी है।

# अपराधी ही नहीं, उनके परिवार को भी नहीं मिलेगा अमेरिका का वीजा

नई दिल्ली

अमेरिका की ट्रंप प्रशासन ने आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम के तहत एक नए वीजा नियम की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य अरबों डॉलर की धोखाधड़ी करने वाले विदेशी आपराधिक नेटवर्कों को नष्ट करना है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने नई वीजा प्रतिबंध नीति का एलान करते हुए कहा कि यह प्रतिबंध न केवल अरबों डॉलर की ठगी करने वाले विदेशी अपराधियों पर लागू होगा, बल्कि उनके करीबी परिजनों को भी अमेरिका का वीजा नहीं मिलेगा। रूबियो ने स्पष्ट किया कि नई नीति का मुख्य मकसद साइबर घोटालों और अवैध वसूली करने वाले गिरोहों पर नकेल कसना है, जिन्होंने लाखों अमेरिकी परिवारों की जीवन भर की कमाई छीनकर उन्हें बर्बाद कर दिया है।



अमेरिकी प्रशासन इन साइबर नेटवर्कों को पूरी तरह से ध्वस्त करने और दोषियों को सजा दिलाने के लिए अपने सभी अधिकारों का इस्तेमाल कर रहा है। इसके लिए प्रतिबंध, कानूनी अभियोजन, संपत्ति की जब्ती, प्रत्यर्पण की मांग और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का उपयोग कर रहा है। गौरतलब है कि अमेरिकी प्रशासन की यह घोषणा राष्ट्रपति ट्रंप के मार्च में जारी किए गए उस आदेश पर आधारित है, जिसमें साइबर धोखाधड़ी के मामलों में अभियोजन को प्राथमिकता दी गई थी और एजेंसियों को अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठनों के खिलाफ कार्रवाई को मजबूत करने का निर्देश दिया गया था।

उस आदेश में साफ-साफ निर्देश दिया गया था कि ऐसे मामलों को बर्दाश्त करने वाले देशों को प्रतिबंधों, वीजा प्रतिबंधों, विदेशी सहायता पर रोक और दोषी अधिकारियों के निष्कासन का सामना करना पड़ सकता है। एपॉक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमरीकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अपने बयान में चीनी अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठनों को पिग बुचरिंग जैसे ऑनलाइन साइबर घोटालों का मुख्य सूत्रधार बताया है। इन घोटालों में फर्जी ऑनलाइन रिश्तों और दोस्ती के जाल में फंसाकर लोगों को धोखाधड़ी वाले निवेश शामिल है।

# अफगानिस्तान में अफीम संकट... 95% तक घट गई खेती, फिर भी स्टॉक और तस्करी का खेल जारी

**काबुल।** जमीन और नशे के लिए दुनिया में हमेशा लड़ाइयां हुई हैं। कभी ट्रॉय के लिए हजारों जहाज भेजे गए, तो कभी ब्रिटेन ने चीन से अफीम बेचने के लिए 2 युद्ध लड़ लिए। चीन की हार हुई और 100 साल तक अफीम का अपना बाजार खो बैठा। अब अफगानिस्तान ने उल्टा काम किया। 2022 में तालिबान के मुखिया मुल्ला हैबतुल्लाह अखुंदजादा ने पूरे देश में अफीम की खेती पर बैन लगा दिया। तालिबान के अफीम पर बैन लगाने का असर तुरंत दिखाई दिया। ह्व की रिपोर्ट के मुताबिक 1 साल में अफीम की खेती 95 प्रतिशत तक गिर गई। 2022 में 2,33,000 हेक्टेयिर में खेती होती थी, जो 2023 में घटकर सिर्फ 10,800 हेक्टेयर रह गई। पहले अफगानिस्तान दुनिया की 80-90 प्रतिशत अफीम और यूरोप की 95 प्रतिशत हेरोइन सप्लाई करता था। तो लगा कि अब हेरोइन खत्म हो जाएगी। पर ऐसा नहीं हुआ। हेरोइन की सप्लाई कम नहीं होने की वजह बैन करने की गलत टाइमिंग थी. तालिबान ने बैन फसल कटने से 2 हफ्ते पहले लगाया और 2 महीने का समय भी दिया। इसका नतीजा यह निकला कि 2022 में तीसरी सबसे बड़ी फसल हो गई। लोगों ने स्टॉक कर लिया। बैन के बाद अफीम की कीमत 70 डॉलर से बढ़कर 1000 डॉलर प्रति किलो हो गई। यानी 15 गुना की बढ़ोतरी हुई।

अफीम खराब नहीं होती, इसलिए जिनके पास जमीन थी। लोगों ने फसल को बेचा नहीं बल्कि स्टोर कर लिया। सैटैलाइट डेटा बताता है कि सिर्फ रेगिस्तानी इलाकों में ही 13,700 टन अफीम का स्टॉक जमा है। कुल मिलाकर करीब 16,550 टन अफीम पड़ी है। ये अब तक का सबसे बड़ा स्टॉक है। इसके अलावा सब जगह बैन नहीं माना गया। बदख्शां जैसे इलाकों में जहां तालिबान का जोर कम है, वहां खेती चलती रही। 2024 में जब सख्ती हुई तो लोगों ने हथियारों से विरोध किया। फिर सरकार को झुकना पड़ा। हेरोइन की कमी नहीं है। दिक्कत ये है कि अफीम महंगी हो गई है। अब तस्कर पुराना स्टॉक बेच रहे हैं और हेरोइन में मिलावट कर रहे हैं। दक्षिण-पश्चिम अफगानिस्तान के बाजारों में अब मिलावटी माल दिखने लगा है। सीधी बात 2000 में जब तालिबान ने बैन लगाया था तब फसल कटने के बाद लगाया था, इसलिए सप्लाई तुरंत रुकी थी। लेकिन इस बार बैन कटाई से पहले लगा, इसलिए सबने माल स्टोर कर लिया। इसलिए बैन के बावजूद पाकिस्तान, ईरान की सीमा पर तस्करी रुक नहीं और 2025 के अंत तक यूरोप में भी हेरोइन की कमी नहीं दिखी।

# हर उचित शिकायत का होगा निष्पक्ष और समयबद्ध समाधानः योगी

लखनऊ, (वार्ता)



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जनपदों से आए लोगों की समस्याएं सुनकर उनके शीघ्र, निष्पक्ष और समयबद्ध समाधान का भरोसा दिया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी पात्र व्यक्ति को न्याय मिलने में देरी न हो। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने एक-एक फरियादी से मुलाकात कर उनके प्रार्थना पत्र लिए और संबंधित मामलों की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि लोग किसी भी प्रकार की चिंता न करें, सरकार प्रत्येक उचित समस्या का निष्पक्ष समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का तय समयसीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न मामलों से जुड़े प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों को भेजकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

अपराध और जमीन पर अवैध कब्जे से संबंधित शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं, गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगने वाले लोगों के मामलों में अस्पतालों से एस्टिमेट शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने आश्वस्त किया कि एस्टिमेट प्राप्त होते ही सरकार की ओर से आवश्यक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

जनता दर्शन में अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे बच्चों से भी मुख्यमंत्री ने आत्मीयता से बातचीत की। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई, रुचियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा तथा उन्हें चॉकलेट देकर आशीर्वाद दिया।

मुख्यमंत्री ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के साथ-साथ खेल, संगीत, कला और नाट्य जैसी गतिविधियों में भी भाग लेने और अपनी प्रतिभा को निखारने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनसुनवाई की व्यवस्था के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है।

# ई-20 पेट्रोल के मुद्दे पर देशव्यापी अभियान चलायेगी आप : केजरीवाल

नयी दिल्ली, (वार्ता)

आम आदमी पार्टी (आप) ने ई-20 पेट्रोल के मुद्दे पर देशव्यापी अभियान तेज करने का ऐलान किया है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी की ओर से एक अगस्त को यहाँ कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में नेशनल टाउनहॉल अगेंस्ट ई-20 का आयोजन किया जायेगा जिसमें देशभर से लोग प्रत्यक्ष और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से जुड़ सकेंगे। कार्यक्रम में ई-20 के मुद्दे में रुचि रखने वाले विशेषज्ञों, वाहन मालिकों और इससे प्रभावित लोगों को अपनी बात रखने का अवसर दिया जायेगा। इसके साथ ही ई-20 पेट्रोल के मुद्दे पर आगे की रणनीति पर भी चर्चा की जायेगी। उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में टाउनहॉल में शामिल होने की अपील की। उन्होंने बताया कि दिल्ली और आसपास के शहरों से आने वाले लोग कॉन्स्टिट्यूशन क्लब पहुंचकर कार्यक्रम में प्रत्यक्ष रूप से हिस्सा ले सकते हैं, जबकि देश के अन्य हिस्सों में रहने वाले लोग ऑनलाइन जुड़ सकेंगे। ऑनलाइन जुड़ने के लिए 8588833212 नंबर पर शुक्रवार तक व्हाट्सऐप करने को कहा गया है। इसके बाद प्रतिभागियों को एक लिंक भेजा जायेगा, जिसके जरिए वे शनिवार को कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़ सकेंगे।



श्री केजरीवाल ने प्रधानमंत्री से ई-20 पेट्रोल के मुद्दे पर हस्तक्षेप करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोग इस मुद्दे को लेकर परेशान हैं और वाहन मालिकों की ओर से माइलेज तथा वाहनों पर प्रतिकूल असर की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह युवाओं ने एकजुट होकर अपनी आवाज उठायी और सरकार को पीछे हटने के लिए मजबूर किया, उसी तरह ई-20 के मुद्दे पर भी लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। उन्होंने कहा कि ई-20 से जुड़े सभी पक्षों को एक मंच पर लाकर उनकी समस्याओं और सुझावों को सामने रखा जायेगा। उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे का भी जिक्र किया। उन्होंने इसे युवाओं की एकजुटता का परिणाम बताते हुए कहा कि देश के युवाओं ने एकजुट होकर अपनी आवाज उठायी और सरकार को झुकना पड़ा।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# मां के साथ तस्वीर शेयर कर भावुक हुए सनी देओल, बंटवारा 1947 दुनिया की हर मां को किया समर्पित



बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल ने अपनी आगामी फिल्म बंटवारा 1947 के ट्रेलर रिलीज से पहले मां प्रकाश कौर के साथ एक भावुक तस्वीर साझा कर फिल्म को अपनी मां और दुनिया की हर मां को समर्पित किया है। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी और राजकुमार संतोषी निर्देशित बंटवारा 1947 इस वर्ष की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल है। भारत विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित इस ऐतिहासिक ड्रामा में सनी देओल मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के पोस्टर और टीजर पहले ही दर्शकों के बीच उत्सुकता जगा चुके हैं।

सनी देओल ने सोशल मीडिया पर मां के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, मेरी मां ही मेरा रब हैं। मेरा प्यार, मेरा हौसला, मेरी ताकत। बंटवारा 1947 मैं अपनी मां और दुनिया की हर मां को समर्पित करता हूं। ट्रेलर कल रिलीज होगा। उन्होंने फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से बिना किसी कट के ए प्रमाणपत्र मिलने पर भी खुशी जताई। सनी ने कहा कि इंसानियत और प्यार की कहानी कहने वाली इस फिल्म को दर्शक 14 अगस्त से सिनेमाघरों में देख सकेंगे। फिल्म बंटवारा 1947 भारत के बंटवारे के दर्द, उससे जुड़े मानवीय जज्बातों, प्रेम, साहस और त्याग की कहानी को बड़े पर्दे पर प्रस्तुत करेगी। फिल्म में शबाना आज़मी, प्रीति जिंटा, करण देओल, अली फज़ल और अभिमन्यु सिंह भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। करीब 30 वर्ष बाद निर्देशक राजकुमार संतोषी और सनी देओल की सफल जोड़ी एक बार फिर साथ आई है। फिल्म का संगीत ए.आर. रहमान ने तैयार किया है, जबकि गीत जावेद अख्तर ने लिखे हैं।

# द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज में वीरांगना बेलवाड़ी मल्लम्मा बनेंगी भूमि सतीश पेडणेकर



अभिनेत्री भूमि सतीश पेडणेकर आगामी ऐतिहासिक फिल्म द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज में वीरांगना बेलवाड़ी मल्लम्मा की भूमिका निभाती नजर आएंगी। फिल्म में उनके साथ अभिनेता ऋषभ शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के निर्माताओं ने भूमि सतीश पेडणेकर के किरदार का आधिकारिक अनावरण किया। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर चर्चा और उत्साह तेज हो गया है।

यह पहला अवसर होगा जब भूमि सतीश पेडणेकर और ऋषभ शेट्टी किसी फिल्म में साथ दिखाई देंगे। दोनों कलाकार अपने प्रभावशाली अभिनय और किरदारों में पूरी तरह रम जाने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं, ऐसे में उनकी जोड़ी को लेकर दर्शकों में खास उत्सुकता है।

भूमि सतीश पेडणेकर ने अब तक कई चुनौतीपूर्ण और सशक्त भूमिकाएं निभाई हैं। वहीं ऋषभ शेट्टी के साथ उनकी नई जोड़ी इस ऐतिहासिक गाथा को और अधिक आकर्षक बना रही है। फिल्म में वह बेलवाड़ी मल्लम्मा जैसे वीर और प्रेरणादायी ऐतिहासिक चरित्र को पर्दे पर जीवंत करेंगी।

भव्य पैमाने पर बनाई जा रही द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज वर्ष 2027 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में गिनी जा रही है। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही काफी उत्साह है। संदीप सिंह निर्देशित द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज 21 जनवरी, 2027 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# को-एड कॉलेज में कदम रखने वाली हर लड़की की कहानी है 'ये फितूर तेरा' : देबचंद्रिमा



अभिनेत्री देबचंद्रिमा ने कहा है कि स्टार प्लस का आगामी शो 'ये फितूर तेरा' हर उस लड़की के दिल को छू लेगा, जो पहली बार अपने कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकलकर को-एड कॉलेज की दुनिया में कदम रखती है।देबचंद्रिमा इस शो में सौम्या का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि 'ये फितूर तेरा' एक खूबसूरत कमिंग-ऑफ-एज प्रेम कहानी है, जो रिश्तों, आत्म-खोज और जीवन में आगे बढ़ने की हिम्मत को दर्शाती है। यह सिर्फ रोमांस की कहानी नहीं, बल्कि खुद को पहचानने और अपनी आवाज़ खोजने का सफर भी है।

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए देबचंद्रिमा ने कहा कि सौम्या उनकी वास्तविक जिंदगी की शख्सियत से बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा, मैं काफी बेबाक हूं, जबकि सौम्या शर्मीली, अंतर्मुखी और बेहद धीमी आवाज़ में बोलने वाली लड़की है। इस किरदार को निभाने के लिए मुझे अपनी गति और बोलने के अंदाज़ दोनों में बदलाव करना पड़ा। उन्होंने कहा कि अक्सर शर्मीले लोगों को कमजोर समझ लिया जाता है, लेकिन सौम्या इस सोच को गलत साबित करती है। वह पूरी जिंदगी गर्ल्स स्कूल में पढ़ने के बाद कॉलेज में प्रवेश करती है और घबराहट के बावजूद लगातार सीखती और आगे बढ़ती रहती है। यही उसकी असली ताकत है।

देबचंद्रिमा का मानना है कि युवा महिलाएं सौम्या के सफर से खुद को जोड़ पाएंगी, क्योंकि नई शुरुआत का डर हर किसी ने महसूस किया है। चाहे कॉलेज का पहला दिन हो, नया शहर हो या नया माहौल, सौम्या का संघर्ष और उसका धीरे-धीरे आत्मविश्वास हासिल करना दर्शकों को प्रेरित करेगा।

शो के शीर्षक 'ये फितूर तेरा' पर उन्होंने कहा कि वास्तविक जीवन में उनका सबसे बड़ा 'फितूर' एक अभिनेत्री के रूप में लगातार आगे बढ़ना और चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं निभाना है।उन्होंने कहा कि सौम्या का किरदार निभाने से उन्हें यह समझने में मदद मिली कि अच्छे रिश्ते किसी को बदलने के लिए नहीं, बल्कि एक-दूसरे पर भरोसा करने और साथ मिलकर आगे बढ़ने के लिए होते हैं।

# टीएल बैठक में कलेक्टर के सख्त निर्देश

## लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करें, योजनाओं के लक्ष्य हर हाल में पूरे हों

नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी, सीएम मॉनिट, कृषि, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, जल जीवन मिशन, गौशालाओं, खाद्य सुरक्षा, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, हिट एंड रन प्रकरण सहित विभिन्न विषयों पर विभागवार प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गजेंद्र कुमार नागेश सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने हितग्राही मूलक शिविरों में संबल कार्ड बनाने की अपेक्षाकृत कम प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए श्रम विभाग एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) को समन्वय स्थापित कर मिशन मोड में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री श्रम योगी




मानधन योजना के पंजीयन ऑपरेटर के माध्यम से कराए जाएं तथा शिविरों में प्राप्त सभी आवेदनों की ऑनलाइन प्रविष्टि अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। जिन स्थानों पर शिविर आयोजित होना शेष है, वहां नए संबल पंजीयन एवं अनुग्रह सहायता राशि से संबंधित प्रकरणों का भी निराकरण किया जाए। उन्होंने इन कार्यों की प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश श्रम अधिकारी को दिए। समग्र ई-केवायसी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लंबित स्थिति स्वीकार्य नहीं होगी। सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ मिशन मोड में कार्य करते हुए शत-प्रतिशत ई-केवायसी पूर्ण करें। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान जून माह की लंबित शिकायतों पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एल-1 से एल-2 तथा एल-2 से एल-3 स्तर पर बिना संतोषजनक निराकरण शिकायतें जाने पर संबंधित अधिकारियों पर जुर्माना अधिरोपित करने केलिए भी निर्देशित किया। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ने तथा रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिले में संचालित गौशालाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने उप संचालक पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. सुनील बृजपुरिया को गौशालाओं का संचालन और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में एनआरएलएम के माध्यम से कौशल विकास एवं अन्य आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाए।कलेक्टर ने सशस्त्र झंडा सेना दिवस के अंतर्गत निर्धारित राशि समय पर जमा कराने के निर्देश दिए। साथ ही हिट एंड रन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में इस श्रेणी का कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए तथा सभी मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उप संचालक कृषि श्री आर.पी. झारिया ने बताया कि जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द उपार्जन का कार्य सुचारु रूप से जारी है।

अब तक 36 हजार 822 किसानों ने स्लॉट बुक कराया है, जिनमें से 11 हजार 476 किसानों से 77 हजार 221 क्विंटल मूंग एवं उड़द का समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जा चुका है। 922 किसानों को ?5.85 करोड़ की भुगतान राशि उनके खातों में अंतरित की जा चुकी है, जबकि 8 हजार 820 किसानों की ?17.62 करोड़ की राशि ईपीओ प्रक्रिया में है, जो शीघ्र ही उनके बैंक खातों में जमा कर दी जाएगी। इस पर कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने निर्देश दिए कि समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्य पूरी पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपादित किया जाए तथा किसानों को भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो।

# जिला दंडाधिकारी ने किया संतोष कीर को एक वर्ष के लिए जिला बदर

नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।

मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के प्रावधानों के तहत जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर डोंगरगांव थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम कुड़ारी निवासी संतोष कीर पिता सत्तू उर्फ सत्यनारायण कीर को जिला बदर किया गया है।

संतोष कीर को नरसिंहपुर जिला और उससे लगे जिलों छिंदवाड़ा, सिवनी, जबलपुर, दमोह, सागर, रायसेन एवं नर्मदापुरम की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया गया है। जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने संतोष कीर को आदेशित किया है कि वह उक्त आदेश की प्राप्ति के 48 घण्टों के भीतर उक्त जिलों की सीमाओं से बाहर चला जावे तथा अपने आचरण में सुधार करें। साथ ही इस जिले की सीमाओं में एक वर्ष की अवधि तक जिला दण्डाधिकारी की अनुमति के बगैर प्रवेश नहीं करे। जिला बदर की अवधि में जारी आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरूद्ध मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि संतोष कीर के विरूद्ध गंदी गालियां देकर मारपीट करना व जान से मारने की धमकी देना, चोरी करना, अवैध शराब विक्रय के उद्देश्य से रखे मिलना, सार्वजनिक स्थान पर हारजीत का दाव लगाकर ताश पत्ती का खेल खेलना, एकराय होकर गंदी गालियां देकर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाना, मारपीट कर नुकसान पहुंचाना, गंदी गालियां देकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देना, महिला के साथ छेड़छाड़ करना और आदतन अपराधी होने के प्रकरण दर्ज हैं।

## गुरु पूर्णिमा परववाड़ा में स्वच्छता रैली से सांदीपनि विद्यालय नरसिंहपुर के विद्यार्थियों ने दिया जन-जागरूकता का संदेश

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय नरसिंहपुर में स्वच्छता जन-जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता संबंधी जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर स्टेशन क्षेत्र एवं कृष्णा वार्ड के विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः विद्यालय परिसर पहुँची। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता से जुड़े नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। रैली के दौरान श्री महेन्द्र सिंह लोधी, श्री विनोद बमनेले, सुश्री नीतू श्रीवास्तव, सुश्री शायना उस्मानी, सुश्री पूजा मिश्रा, सुश्री श्रुति पटवा, श्रीमती मंजुलता धुर्वे, श्रीमती रामेश्वरी वर्मा एवं श्री गणेश लोधी सहित अन्य शिक्षकगण भी मौजूद थे।

## विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल ने 42 लाख की लागत से आधुनिक प्रयोगशाला का किया भूमिपूजन

### 26 विद्यार्थियों को मिली निःशुल्क साइकिलें

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटेल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में 42 लाख की लागत से निर्मित होने वाली आधुनिक प्रयोगशाला (लेबोरेटरी) का विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत 26 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। विधायक श्री पटेल ने कहा कि प्रस्तावित आधुनिक प्रयोगशाला विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक विज्ञान शिक्षा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे छात्रों की वैज्ञानिक सोच, नवाचार क्षमता और प्रयोगात्मक ज्ञान को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर श्री हरिप्रताप ममार, श्री राजकुमार रघुवंशी, श्री रमाकांत शर्मा, श्री ब्रजेंद्र अग्रवाल, श्री केशव प्रसाद दीक्षित, श्री अशोक पटेल, श्री योगेंद्र अग्रवाल, श्री अरविंद जगाती, श्री मुकेश पटेल, जनपद सदस्य श्री भागवेंद्र कौरव, श्री ईश्वर गुर्जर, श्री ऋषिराज ममार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, वरिष्ठ नागरिक और छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

## दूध एवं खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, 17 नमूने जांच के लिए भेजे गए

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार जिले में दूध एवं दूध उत्पादों में मिलावट के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती कविता राठौर एवं श्रीमती सारिका दुबे द्वारा गाडरवारा, बरमान एवं नरसिंहपुर क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। जांच के दौरान गाडरवारा स्थित नारायण डेयरी एवं नायक किराना एंड जनरल स्टोर, बरमान में मोदी ट्रेडर्स, राजमार्ग स्थित राहुल किराना एंड जनरल स्टोर तथा नरसिंहपुर में गुरू कृपा किराना स्टोर से कुल 17 नमूने लिए गए। इनमें दूध के 5, तेल के 3, घी के 3, धनिया पाउडर के 2, गरम मसाला के 2, मिर्च पाउडर का एक तथा टमाटर सॉस का एक नमूना शामिल है। सभी नमूनों को जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान सभी खाद्य विक्रेताओं को खाद्य सामग्री को ढंककर रखने, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने तथा गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री एवं मिठाइयों के विक्रय के निर्देश दिए गए।

## प्रगति छात्रवृत्ति योजना में शासकीय पॉलीटेक्निक नरसिंहपुर की तीन छात्राओं का चयन

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नरसिंहपुर की तीन मेधावी छात्राओं का चयन अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (ए.आई.सी.टी.ई.) द्वारा संचालित प्रगति छात्रवृत्ति योजना के लिए हुआ है। यह छात्रवृत्ति पॉलीटेक्निक में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को कक्षा 10वीं की उत्कृष्ट मेरिट के आधार पर प्रदान की जाती है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.एम. बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित छात्राओं में सोनम यादव (कम्प्यूटर साइंस ब्रांच) ने कक्षा 10वीं में 93 प्रतिशत, संजना मिश्रा (मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट ब्रांच) ने 93.3 प्रतिशत तथा राजेश्वरी पटेल (इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच) ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इन तीनों छात्राओं को ए.आई.सी.टी.ई. की प्रगति छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत प्रति वर्ष 50,000 रुपये की छात्रवृत्ति तीन वर्षों तक प्रदान की जाएगी। प्राचार्य डॉ. बघेल ने इस उपलब्धि पर छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह योजना छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने में आर्थिक सहयोग प्रदान करती है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने बताया कि शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नरसिंहपुर में प्रवेश प्रक्रिया 14 अगस्त तक जारी है। जिले के कक्षा 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों, विशेष रूप से 10वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं से अपील की गई है कि वे महाविद्यालय में प्रवेश लेकर इस योजना का अधिकतम लाभ उठाएं।

## सूखाखेरी में कौशल प्रदर्शनी आयोजित

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** गत दिवस शास उच्च मा वि सूखाखैरी विकासखंड चीचली में युवा कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्यावसायिक पाठ्यक्रम में शामिल हुए विद्यार्थियों ने कृषि एवं सूचना संचार प्रौद्योगिकी के संबंध में पोस्टर तैयार किए साथ ही अपने कौशल का परिचय दिया । इस दौरान शिक्षको ने विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी कौशल एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक एवं उत्साहपूर्वक सम्पन्न कराने में प्राचार्य महेंद्र सिंह पटेल , डॉ संदीप कुमार मेहरा , सोनू कुमरे , नितेंद्र प्रताप सिंह राजगोंड , अमित मेहरा , सुश्री निति कौरव एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों का अहम योगदान रहा।



# प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से आंशिक संशोधन आदेश जारी

नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।

प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले में तहसीलदार, नायब तहसीलदार व प्रभारी नायब तहसीलदार और अधीक्षक भू-अभिलेख व सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख की पदस्थापना की गई थी। पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार तहसीलदार नरसिंहपुर के अंतर्गत नायब तहसीलदार बचई के लिए तहसीलदार श्रीमती रूबी खान, अपर तहसीलदार नजूल नरसिहपुर व नायब तहसीलदार नरसिंहपुर 1 के लिए नायब तहसीलदार श्रीमती अनु जैन को राजस्व न्यायालयीन कार्य के लिए और प्रभारी नायब तहसीलदार श्री प्रेम सिंह दीवान को गैर न्यायालयीन कार्य के लिए पदस्थ किया है। गोटेगांव तहसील के अंतर्गत नायब तहसीलदार बरहटा के लिए के लिए नायब तहसीलदार श्री राजेश पटवा को राजस्व न्यायालयीन कार्य के लिए और नायब तहसीलदार श्री राजीव कुमार को गैर न्यायालयीन कार्य के लिए पदस्थ किया गया है। इसके अलावा गाडरवारा तहसील के अंतर्गत सहायक अधीक्षक भू- संसाधन प्रबंधन से नायब तहसीलदार श्री राजेन्द्र कुमार ठाकुर को गैर न्यायालयीन कार्य के लिए पदस्थ किया गया है। इस आदेश को तत्काल प्रभावशील किया गया है। साथ ही पूर्व में जारी शेष आदेश को यथावत रखा गया है।

## निःशुल्क महिला सशक्त वाहिनी कक्षाओं का हुआ शुभारंभ

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण बालिकाओं के सर्वांगीण विकास एवं उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से निःशुल्क महिला सशक्त वाहिनी कक्षाओं का शुभारंभ सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक सुश्री प्रांजली मर्सकोले ने छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, लोक सेवा आयोग की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण रणनीतियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए नियमित उपस्थिति, अनुशासन एवं समर्पण के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इस पहल के अंतर्गत अब तक 47 बालिकाओं का पंजीयन हो चुका है, जबकि 53 सीटें अभी शेष हैं। इच्छुक छात्राएं पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर शीघ्र पंजीयन कर इस निःशुल्क प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर सकती हैं। कक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संचालित होंगी, जिनमें सामान्य गणित, रीजनिंग एवं सामान्य अध्ययन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही लिखित परीक्षा के साथ शारीरिक दक्षता की भी निःशुल्क तैयारी कराई जाएगी। चयनित बालिकाओं को निःशुल्क पुस्तकें, स्टेशनरी एवं आवश्यक अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी। गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन एवं संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने की दिशा में प्रेरित करेगी।

## नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान को मिली रफ्तार

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा साईंखेड़ा क्षेत्र में प्रभावी जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत संदीपनी विद्यालय साईंखेड़ा, बस स्टैंड साईंखेड़ा एवं साईंखेड़ा महाविद्यालय में आकर्षक कठपुतली शो एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को जीवंत और प्रभावशाली तरीके से प्रदर्शित किया गया, जिससे विद्यार्थियों एवं आमजन पर गहरा असर पड़ा। कलाकारों ने संदेश दिया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज की खुशहाली को भी प्रभावित करता है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उपस्थित नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।



## गायत्री मंदिर में एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** विगत दिवस जिला समन्वय समिति नरसिंहपुर का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह गोष्ठी कार्यक्रम गायत्री शक्तिपीठ गाडरवारा में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिले भर से आये गायत्री परिजनों द्वारा अपनी अपनी तहसील स्तरीय गतिविधियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।प्रशिक्षक के रूप में उपजोन प्रभारी नरेश तिवारी जबलपुर,प्रांतीय युवा मंडल प्रभारी प्रकाश सेन, थम्मन सिंह शर्मा मुख्य प्रबंध ट्रस्टी नरसिंहपुर, उपजोन प्रशिक्षण प्रभारी वृन्दावन पटेल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।अंत में सभी तहसील समन्वयकों को आगामी तीन माह के लिए मिशन से जुड़ी गतिविधियों यथा गृहे गृहे गायत्री यज्ञ, वृक्ष गंगा अभियान, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, साधना व स्वाध्याय, माता भगवती देवी जन्म शताब्दी वर्ष के आयोजन एवं शांतिकुंज में संचालित प्रशिक्षणों में सहभागिता के संकल्प निर्धारित किये गये। साथ ही नवगठित ट्रस्ट मंडल को उत्कृष्ट कार्यो हेतु प्रतिनिधित्व स्वरूप मुख्य ट्रस्टी एम सी शर्मा,सह प्रबंध ट्रस्टी सुरेश गुप्ता, सहायक राजेश कुमार कौरव को सम्मानित किया गया।

# लॉयन्स क्लब गाडरवारा शांकरी ने फिर गोद लिया शासकीय मा. विद्यालय

## छात्रों को स्टेशनरी वितरित कर किया पढ़ाई के लिए प्रेरित

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय लॉयन्स क्लब गाडरवारा शांकरी ने इस वर्ष भी लोकमत विद्यालय, गाडरवारा को गोद लेने की घोषणा की है। विगत दिवस क्लब के पदाधिकारियों ने विद्यालय पहुंचकर छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। इस दौरान बच्चों को *कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, शार्पनर* के साथ *टॉफी एवं बिस्किट* का वितरण किया गया।

क्लब सदस्यों ने विद्यालय की प्रार्चाया एवं समस्त स्टाफ से भेंट कर शिक्षा व्यवस्था एवं बच्चों की जरूरतों पर चर्चा की। क्लब ने आश्वासन दिया कि पूरे वर्ष




विद्यालय में समय-समय पर शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवा कार्य किए जाएंगे।इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष, सचिव सहित लायन पी.एस.तिवारी एवं पूर्व अध्यक्ष लायन मधुमति चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

लॉयन्स क्लब गाडरवारा शांकरी का उद्देश्य है कि गोद लिए गए विद्यालय के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ आवश्यक सहयोग प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य में योगदान दिया जाए।

## संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर

# विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर भाजपा की जिला बैठक सम्पन्न

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** संत शिरोमणि गुरू रविदास जी की 650वीं जयंती के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने की उक्त बैठक में तेन्दूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, जिला महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक राहुल कौरव, जिला उपाध्यक्ष अजय साहू, मुकेश मरैया, जिला मंत्री महेंद्र पटेल, सुश्री दुर्गेश नंदनी उइके तथा जिला कार्यालय मंत्री सुदर्शन वैद्य मंचासीन रहे।उक्त बैठक में जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक राहुल कौरव ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी




प्रस्तुत की और उनके क्रियान्वयन योजना पर प्रकाश डाला, जिससे सभी उपस्थित सदस्यों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त हुआबैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने संत रविदास जी के जीवन दर्शन और उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संत रविदास जी ने एक ऐसे आदर्श समाज बेगमपुरा का सपना देखा जहां किसी भी प्रकार का दुख, डर, भेदभाव या गरीबी न हो उन्होंने जाति ऊंच नीच, लिंग और वर्ग भेद का कड़ा विरोध किया तथा समानता पर बल दिया।इसी क्रम में गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश ने भी संत रविदास जी के उपदेशों और सामाजिक सुधारों के लिए उनके द्वारा किए गए अथक प्रयासों के बारे में अपने विचार व्यक्त किए।इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा करना और उनकी प्रभावी रूपरेखा तैयार करना था। बैठक में जिला पदाधिकारीगण, सभी मंडल अध्यक्षगण, एवं कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु गठित मंडल टोलियों के सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने सक्रिय रूप से चर्चा में भाग लिया। उक्त बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष मुकेश मरैया द्वारा एवं आभार जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम जिला सह संयोजक अजय साहू द्वारा किया गया।

## उत्कृष्ट प्रतिभाओं का हुआ चयन

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला नरसिंहपुर के वार्षिक खेल कैलेंडर सत्र 2026-27 के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय शालेय योगासन प्रतियोगिता (अंडर-14, 17 एवं 19 बालक-बालिका) का आयोजन सोमवार को स्थानीय अशासकीय क्रेयॉन इंटरनेशनल स्कूल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उदघोषणा**

रा.मा.क्र. 207 अ-20(1) सन्-2026-27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 13/08/2026 को प्रात: 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/पिता / माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | कंदेली | 4/55 | 1500 वर्गफुट | संदीप कुमार जैन आ. रमेशचंद जैन सा. कंदेली | संदीप कुमार जैन आ. रमेशचंद जैन सा. कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 06/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर

# मास्टर्स एथलेटिक संघ मध्य प्रदेश के पदाधिकारियों का चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न

कटनी (स्वतंत्रमत)

मास्टर्स एथलेटिक्स संघ मध्य प्रदेश की विशेष चुनावी सभा का आयोजन 26 जुलाई रविवार दोपहर 12:30 बजे इंडियन कॉफी हाउस बरगवां कटनी में किया गया। उपस्थित सभी खिलाड़ी व संघ सदस्यों के साथ भोजन उपरांत चुनावी सभा की शुरुआत की गई। सर्वप्रथम सभा के सभापति/कार्यक्रम अध्यक्ष भागवत प्रसाद तंतुवाय (रिटायर्ड असिस्टेंट लेबर कमिश्नर) को मंच पर आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। इसके उपरांत संघ के अध्यक्ष एम. जॉर्ज, कोषाध्यक्ष सोनी प्रसाद, संघ के संरक्षक की भूमिका में गौतमी राव अध्यक्ष कटनी जिला मास्टर्स एथलेटिक संघ व सुसे नादा वरिष्ठ खिलाड़ी, तकनीकी सलाहकार फारूक अंसारी व एम. बनर्जी कानूनी सलाहकार शिव कुमार जायसवाल को भी मंचासीन कर सम्मानित किया गया। तपश्चात सभा में उपस्थित समस्त खिलाड़ियों व संघ सदस्यों का मोतियों की माला से स्वागत किया गया। संघ अध्यक्ष एम. जॉर्ज ने मास्टर्स एथलेटिक्स संघ मध्य प्रदेश के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की व इस विशेष चुनावी सभा के आयोजन का मुख्य कारण रिक्त पदाधिकारियों के पद को योग्य व्यक्तियों द्वारा चयन कर भरा जाना बताया। चुनावी



प्रक्रिया में सर्वप्रथम उन्होंने मास्टर्स एथलेटिक संघ मध्य प्रदेश के सचिव के पद हेतु अलोक कुमार जूडराज का नाम प्रस्तावित किया, जिनके समर्थन पर सभा के सभी सदस्यों ने जोरदार तालियो की गूंज के साथ उन्हें मास्टर्स एथलेटिक्स संघ मध्य प्रदेश के सचिव पद हेतु अपनी स्वीकृति व सहमति प्रदान की। इसके पश्चात उपाध्यक्ष पद पर गुरु प्रसाद व डॉ. डी. के. मिश्रा, सह-सचिव अशोक शुक्ला, संजय गिरी व निकेश्वर पटेल का भी निर्विरोध चयन किया गया। कार्यकारी सदस्य कटनी से अशोक राव, राजेंद्र बरसैंया, बृजमोहन प्यासी, संदीप मौर्य, नवीन जग्गी, देवी प्रसाद जबलपुर से असीम जॉर्ज, राजेश उइके, अभिषेक सैमुअल, विनीत शर्मा, पॉलिन मनीषा जॉन, मंडला से संजूलता का भी निर्विरोध चयन किया गया जो संघ की सबसे बड़ी सफलता है। तत्पश्चात सभी चयनित पदाधिकारियों को पुष्पहार से सम्मानित किया गया। नव नियुक्त संघ सचिव अलोक कुमार जूडराज ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में उपस्थित सभी खिलाड़ियों व सदस्यों से भविष्य में तन, मन, धन व आत्मा से संस्था का सहयोग करने की अपील की जिस पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने आर्थिक सहयोग करना स्वीकार किया। राजेंद्र बरसैयां, संजय गिरी, राजेश पटेल, भगत राम सिंह, अशोक राव व संघ संरक्षक गौतमी राव मैडम ने संस्था के उत्तरोत्तर विकास हेतु आर्थिक सहयोग किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कटनी के पदक विजेताओं राजाराम यादव व संदीप मौर्य को शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपस्थित सदस्यों व पदाधिकारी से उनके विचार साझा किए गए। कार्यक्रम अध्यक्ष भगवत प्रसाद तंतुवाय द्वारा सभा के समापन पर सभी चयनित पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी गई। राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक संघ के सचिव रामफल शर्मा से वीडियो कॉल पर संपर्क कर उन्हें सभा के संचालन में शामिल किया गया। उनके द्वारा चयनित पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी गई। अंत में नव नियुक्त सचिव अलोक कुमार जूडराज द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का आभार प्रदर्शन कर सभा समाप्त की गई। सभा में भगत राम सिंह, विभाष पाटिल, अनिल नेमा, राजकुमार सोनखरे, सुनील रजक, राजाराम यादव, सत्येंद्र शर्मा, पिंकी प्यारेलाल निगम, हरिशंकर बाजपेई, अनिल कुमार तिवारी, स्वाति जॉर्ज, राकेश चौधरी, अमित विश्वकर्मा, प्रवीण चक्रवर्ती, संजय गुप्ता, आशीष पॉल की भी उपस्थित रही।

# फरार आरोपियों व जुआरियों पर कुठला पुलिस का प्रहार

कटनी (स्वतंत्रमत)



पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा आपराधिक गतिविधियों में अंकुश एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, उप पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में कुठला पुलिस ने मारपीट के मामले में काफी समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तारी एवं जुआरिओ पर की कार्यवाही- 18 जून को प्रार्थी राजनारायण पटेल पिता मुन्ना पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम ग्राम पटवारा की रिपोर्ट पर आरोपी मनोज पटेल, रामसुजान साहू, लवकुश साहू, ओमप्रकाश साहू निवासी कैलवारा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 508/26 धारा 296(ए),११9 (1),351(3),3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, दौरान विवेचना आरोपी मनोज पटेल, पिता रामप्रसाद पटेल उम्र 37 वर्ष निवासी कैलवारा थाना कुठला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया था जहाँ से आरोपी को जेल भेज दिया गयाए मामले के अन्य आरोपियों की पता तलाश की जा रही थी किन्तु आरोपीगण फरार थे जो 27 जुलाई को आरोपी रामसुजान साहू पिता सुन्दरलाल साहू उम्र 49 वर्ष, लवकुश साहू पिता रामसुजान साहू उम्र 21 वर्ष एवं ओमप्रकाश साहू पिता रामसुजान साहू उम्र 18 वर्ष 3 माह सभी निवासी ग्राम कैलवारा को गिरफ्तार कर आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया गया है। 26 जुलाई को पुलिस को मुखबिर से चाका बायपास स्थित राधे के टपरे के पास कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़का गया जिन्होने अपना नाम- कमल चौधरी पिता राजू चौधरी उम्र 28 वर्ष निवासी चाका थाना कुठला, शोभित साहू पिता किसन साहू उम्र 29 वर्ष निवासी मिशन चौकी हाल पुरैनी थाना कुठला जिला कटनी, आकाश कोल पिता रामजीकोल उम्र 32 वर्ष निवासी पुरैनी थाना कुठला, शेबू खान पिता बसीर खान उम्र 35 वर्ष निवासी पुरैनी थाना कुठला जिला कटनी का होना बताये मौके जिनके कब्जे एवं फड़ से 1,120 रुपये नगद एवं 52 ताश के पत्ते जप्त किए गए। आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई उक्त कार्यवाही को लेकर आरोपीगण चाका बायपास मार्ग पर राहगीरों के साथ गाली-गलौज कर हंगामा कर रहे थे, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर थाना लाया तथा उनके विरुद्ध धारा 170/126(बी), 135(3) बीएनएसएस के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर अनुविभागीय दण्डाधिकारी एसडीएम, कटनी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# विशाल विजय यात्रा निकालकर युवाओं का किया उत्साहवर्धन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** देश की राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर युवाओं द्वारा नीट एवं सीबीएसई परीक्षा में हुई अनियमितता के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए देश के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के पद से इस्तीफा करने की मांग की थी। इसके बावजूद देश की सरकार ने युवाओं बातों को गंभीरता से नहीं लिया था। जिसके बाद देश की युवाओं की गंभीर मांग को देखते हुए लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर जमीनी स्तर पर सरकार विरोध प्रदर्शन करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग थी। जिसके बाद सरकार ने शनिवार को युवाओं और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मांग को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा ले लिया। जिसके बाद युवाओं ने जश्न मनाया और देश के प्रतिपक्ष नेता एवं कांग्रेस पार्टी का आभार व्यक्त किया। वहीं दूसरी ओर जिले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह ने शनिवार शाम को विशाल विजय यात्रा निकालकर युवाओं का उत्साह वर्धन किया और पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं के अलावा बड़ी संख्या लोग उपस्थित रहे।



# ईश्वरकृपा कॉम्प्लेक्स स्थित जंक्शन बीयर बार सील

## 1.59 करोड़ रूपए बकाया न चुकाने पर नगर निगम ने लिया एक्शन, 30 दिन की मोहलत खत्म

कटनी (स्वतंत्रमत)



रेलवे स्टेशन के पास ईश्वरकृपा कॉम्प्लेक्स में संचालित जंक्शन बीयर बार पर नगर निगम प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सीलबंद कर दिया है। 1 करोड़ 59 लाख रुपये से अधिक की भारी भरकम राशि समय सीमा के भीतर जमा न करने पर आयुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर यह कदम उठाया गया। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार नगर निगम द्वारा संबंधित पक्ष को मांग सूचना पत्र तामील कराया गया था। 30 दिनों का समय बीत जाने के बाद भी जब शशि जमा नहीं की गई तो नगर निगम ने कड़ा रुख अपनाया। संस्थान पर एक करोड़ 59 लाख 28 हजार 641 रुपये की बड़ी राशि बकाया है। इतनी बड़ी राशि बकाया होने के चलते निगम प्रशासन ने परिसर को सील करने का निर्णय लिया। नगर पालिक निगम कटनी ने बकाया करों और किराए की वसूली को लेकर अपने तेवर सख्त कर लिए हैं। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 174 के तहत संबंधित पक्ष को मांग सूचना पत्र तामील कराया गया था। 30 दिनों का समय बीत जाने के बाद भी जब राशि जमा नहीं की गई, तो निगम ने कड़ा रुख अपनाया। अधिनियम की धारा 175 (1) के तहत वारंट जारी करते हुए नर्बदा कॉन टेक प्राईवेट लिमिटेड के रेलवे स्टेशन स्थित ईश्वर कृपा कॉम्प्लेक्स के जंक्शन बीयर बार परिसर पर 27 जुलाई को सीलिंग की कार्रवाई की गई।

### बिना अनुमति सील तोड़ी तो होगी कानूनी कार्रवाई

नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बिना अनुमति दुकान या बीयर बार का ताला खोलने या सील के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की गई, तो संबंधितों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निगम ने साफ किया है कि संपूर्ण बकाया राशि चुकाने के बाद ही आगे की राहत संभव होगी।

# खेलों इंडिया स्मॉल सेण्टर एथलेटिक्स वर्ष 2026-27 हेतु चयन ट्रायल आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)

विषयान्तर्गत भारत सरकार की योजना खेलो इण्डिया अन्तर्गत जिले में एथलेटिक्स खेल का खेलों इण्डिया स्मॉल सेण्टर संचालित है। जिसमें पदस्थ रेखा पटेल, खेलों इण्डिया एथलेटिक्स प्रशिक्षक के द्वारा 12 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बालक/बालिक निरंतर रूप से नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। खेलों इण्डिया स्मॉल सेण्टर में प्रवेश हेतु एथलेटिक्स खेल का चयन ट्रायल 31 जुलाई को प्रात: 11 बजे ऑर्डिनेन्स ग्राउण्ड कटनी में आयोजित किया जा रहा है जिसमें आपके अधीनस्थ विद्यालय में अध्ययनरत इच्छुक बालक/बालिकाओं को एथलेटिक्स चयन ट्रायल में सम्मिलित होने हेतु निर्देशित/प्रोत्साहित करते हुये सहभागिता कराने का कष्ट करें। सम्मिलित होने वाले 12 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बालक/बालिका खिलाडियों को पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र लेकर आना अनिवार्य है। अधिक जानकारी हेतु रेखा पटेल, खेलों इण्डिया एथलेटिक्स प्रशिक्षक के दूरभाष नंबर 8933998666 पर संपर्क किया जा सकता है।




# कटनी पुलिस का नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान जारी

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य के मार्गदर्शन में जिलेभर में संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में हाट-बाजार, बस स्टैंड, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के दौरान ग्रामीणों, युवाओं, राहगीरों, व्यापारी वर्ग एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें नशे से दूर रहने की समझाइश दी गई तथा सभी को नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु शपथ दिलाई गई। इस दौरान उपस्थित नागरिकों को नशे के सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की जानकारी देकर स्वयं एवं अपने परिवार को नशे से दूर रखने का संदेश दिया गया। अभियान के अंतर्गत चौकी बस स्टैंड द्वारा बस स्टैंड क्षेत्र में, थाना एनकेजे द्वारा बजरिया बाजार में, थाना



ढीमरखेड़ा द्वारा ग्राम रामपुर में, थाना कुठला द्वारा लमतरा में, थाना बरही द्वारा नया बस स्टैंड बरही में, थाना बड़वारा द्वारा कस्बा बड़वारा में, थाना रीठी द्वारा रीठी बाजार में, थाना कैमोर द्वारा ग्राम अमेहटा में, थाना उमरियापान द्वारा बस स्टैंड उमरियापान में, थाना स्लीमनाबाद द्वारा कस्बा स्लीमनाबाद में तथा थाना बाकल द्वारा इमलिया बाजार में जागरूकता अभियान संचालित किया गया।

## बंद मकान में चोरों का धावा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरीसानी में दिनदहाड़े चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। बेखौफ चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए अलमारी और पेटी के ताले तोड़कर सोने-चांदी के कीमती जेवरात समेत करीब 4 लाख रुपये नगद पर हाथ साफ कर दिया। घटना 26 जुलाई की बताई जा रही है। फरियादी ग्राम देवरीसानी निवासी 40 वर्षीय रमेश सिंह पिता गुलाब सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुबह करीब 8:30 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच जब घर पर कोई नहीं था, तब अज्ञात बदमाशों ने सूने मकान का फायदा उठाया। चोरों ने घर में दाखिल होकर अलमारी का ताला तोड़ दिया और सारा सामान अस्त व्यस्त कर दिया। अलमारी में रखे स्टील के डब्बे से सोने चांदी के जेवर और नगदी गायब मिले। वहीं दूसरे कमरे में रखे बड़े भाई की पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे नगद रुपये भी चोर बटोर ले गए। माधवनगर पुलिस ने फरियादी रमेश सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 331 (1) और 305 (ए) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# पुलिस ने की संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी पुलिस द्वारा जिले भर में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, चाकूबाजी, नशे एवं असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस बल द्वारा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, पार्क, सूनसान, शैडो एरिया, सार्वजनिक स्थलों तथा अन्य संवेदनशील स्थानों पर सघन चेकिंग एवं फ्रिस्किंग की गई, साथ ही देर रात तक सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक रूप से घूम रहे एवं संदिग्ध प्रतीत होने वाले व्यक्तियों से पूछताछ कर उनकी पहचान का सत्यापन किया गया तथा आवश्यक दस्तावेजों एवं उनके पास रखे सामान की विधिवत जांच की गई। जिन व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं, उनका आवश्यक



सत्यापन भी कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहनों की जांच, रात्रिकालीन गश्त एवं प्रमुख मार्गों पर सघन निगरानी रखी जा रही है जिससे अवैध गतिविधियों एवं अन्य अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। यह अभियान आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने, अपराधों की रोकथाम तथा असामाजिक एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से निरंतर जारी रहेगा।

# 20 हजार 911 हेक्टेयर क्षेत्र को मिलेगा सिंचाई का लाभ

## विजयराघवगढ़ शाखा नहर परियोजना का 85 फीसदी कार्य पूर्ण

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले की बहुप्रतीक्षित सिंचाई परियोजना विजयराघवगढ़ शाखा नहर का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा मैदानी निरीक्षण और इस सिंचाई परियोजना की सतत् समीक्षा की वजह से कार्यों में गति आई है। बरगी दांयी तट मुख्य नहर से जुड़ी इस परियोजना के तहत अब तक लगभग 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिससे क्षेत्र के किसानों को जल्द ही व्यापक सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने की उम्मीद है। वहीं शेष निर्माण कार्य प्रगति पर है। कार्यपालन यंत्री सहज श्रीवास्तव के मुताबिक परियोजना के अंतर्गत दांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 153.050 से निकलने वाली विजयराघवगढ़ शाखा नहर (आर.डी.) 0.00 से 57.17 कि.मी. एवं इसकी सम्पूर्ण वितरण प्रणाली का निर्माण किया जा रहा है। इस योजना के पूर्ण होने पर जिले की मुडवारा एवं विजयराघवगढ़ तहसील सहित मैहर जिले के कुल 20,911 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा। यह निर्माण कार्य मेसर्स फलोदी कन्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर्स प्रा. लि. इंदौर द्वारा किया जा रहा है। परियोजना की अनुबंध राशि 224.49 करोड़ रुपये है, जिसकी अवधि 22 जुलाई 2022 से 36 माह निर्धारित की गई थी। हालांकि कार्य की प्रगति को देखते हुए अब इसकी संभावित पूर्णता तिथि 21 जुलाई 2027 निर्धारित की गई है। विजयराघवगढ़ शाखा नहर की कुल लंबाई 42.90 कि.मी. में से लगभग 40.80 कि.मी. कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष करीब 1.5 कि.मी. कार्य निर्माणाधीन है। मिट्टी कार्य 42 कि.मी. तक तथा लाईनिंग कार्य 41.4 कि.मी. तक पूरा कर लिया गया है। नहर से संबंधित 91 संरचनाओं में से 87 का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 4 संरचनाएं अभी निर्माणाधीन हैं। भू-अर्जन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। परियोजना के अंतर्गत कुल 35 माइनरों में से 16 माइनर पूर्ण हो चुके हैं, 13 में कार्य प्रगतिरत है तथा 6 माइनर शेष हैं। वितरण प्रणाली के तहत 171.70 कि.मी. में से 152.56 कि.मी. मिट्टी कार्य और 118.68 कि.मी. लाईनिंग कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही 481 संरचनाओं में से 351 का निर्माण पूरा किया जा चुका है। वितरण प्रणाली के अंतर्गत भू-अर्जन का अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष 2.407 हेक्टेयर भूमि के प्रकरण धारा-11 के तहत प्रकाशन हेतु तहसीलदार विजयराघवगढ़ को जांच प्रतिवेदन के लिए प्रेषित किए गए हैं। परियोजना पर अब तक कुल 195.43 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं, जिसमें 188.01 करोड़ रुपये कार्यमद एवं 7.42 करोड़ रुपये मूल्य समायोजन के रूप में शामिल हैं।

# 10 दिनों में मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

## स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम एवं आईटीआई की कक्षाएं शुरू कराने एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

कटनी (स्वतंत्रमत)

शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाने एवं शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में आईटीआई की कक्षाएं शुरू कराने की मांग को लेकर एनएसयूआई द्वारा तहसीलदार ढीमरखेड़ा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अजय खटिक की उपस्थिति में सागर शुक्ला एवं अवध यादव के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने यह ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शासन से मांग की गई कि क्षेत्र के विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा





में शीघ्र ही स्नातकोत्तर विषयों के पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाएं तथा आईटीआई की कक्षाएं भी शुरू कराई जाएं। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अजय खटिक ने कहा कि शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उपलब्ध नहीं होने के कारण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए अन्य जिलों एवं शहरों का रुख करना पड़ता है। इससे विद्यार्थियों को आर्थिक, सामाजिक एवं आवागमन संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि शासन एवं प्रशासन को छात्र-छात्राओं की इस महत्वपूर्ण मांग पर तत्काल सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। एनएसयूआई ने शासन-प्रशासन को 10 दिनों का समय देते हुए चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समयावधि में दोनों मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो छात्र हित में एनएसयूआई द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। इस अवसर पर मध्यप्रदेश सोशल मीडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष शशांक गुप्ता गोलू, ब्लॉक अध्यक्ष आनंद मिश्रा, कमलेश रजक, सत्यम द्विवेदी, सौरभ पांडे, प्रमोद कंहर, अतुल त्रिपाठी, राहुल पटेल, शिव नामदेव, राधा पटेल, मुस्कान काछी, सपना काछी, सोनम यादव, अंजली बर्मन, शालिनी लोधी, साक्षी, अनामिका, शैलेश लोधी, रिचा काछी, काजल साहू, रिया लोधी, ज्योति लोधी, शानू काछी, गीता रजक, साधना लोधी, सुमित लोधी, रोहित काछी, अमित पटेल, साहिल काछी, लक्ष्मी लोधी, अनिमेष यादव सहित एनएसयूआई के कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मुथुपंडी राजा ने भारोत्तोलन में जीता रजत पदक

ग्लासगो (स्कॉटलैंड)

भारतीय भारोत्तोलक मुथुपंडी राजा ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग स्पर्धा में कुल 286 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक अपने नाम किया। रविवार देर रात हुए मुकाबले में 25 वर्षीय भारोत्तोलक राजा मुथुपंडी ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में कुल 286 किलोग्राम (127 किग्रा स्नैच 159 किग्रा क्लीन एंड जर्क) भार उठाया। राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का यह चौथा पदक है मलेशिया के मुहम्मद अजनिल बिदिन ने 299 किग्रा वजन उठाकर रिकॉर्ड प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं पापुआ



न्यू गिनी के मोरेया बारू ने कांस्य पदक जीता। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु के रहने वाले मुथुपंडी राजा का जन्म 12 जनवरी 2000 को हुआ था और वे इंडियन रेलवेज का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने 2017 कॉमनवेल्थ यूथ/जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर अपनी पहचान बनाई और फिर 2019 और 2022 में राष्ट्रीय खिताब जीते। 2024 में, उन्होंने 61 किग्रा कैटेगरी में कुल 289 किग्रा वज़न उठाकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। 2025 में, उन्होंने कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप (296 किग्रा) में रजत पदक जीता और नॉर्वे के फ़ोर्डे में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में 299 किग्रा (130 किग्रा स्नैच 169 किग्रा क्लीन एंड जर्क) का अपना नया पर्सनल बेस्ट स्कोर बनाया। इस चैंपियनशिप में वे 65 किग्रा कैटेगरी में 9वें स्थान पर रहे, जिससे वे लॉस एंजिल्स 2028 की ओर बढ़ रहे भारत के टॉप पुरुष वेटलिफ्टर्स में से एक बन गए।

## तेजस शिर्से पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में



तेजस शिर्से ने सोमवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रमंडल खेल 2026 में पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ के राउंड 1 हीट में तीसरा स्थान हासिल कर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। आज यहां आयोजित हुई पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में तेजस शिर्से की शुरुआत थोड़ी खराब रही, लेकिन तेजस ने ज़बरदस्त वापसी करते हुए 13.76 सेकंड समय के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया। तेजस शिर्से का निजी सर्वश्रेष्ठ (जो नेशनल रिकॉर्ड भी है) 13.27 सेकंड है। वे आज रात 2.15 बजे होने वाले 110 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में इसके आस-पास का समय निकालने की उम्मीद करेंगे।



## 25मी पिस्टल इवेंट में ईशा सिंह ने जीता स्वर्ण

### मनु भाकर ने कांस्य पदक

हांगझोऊ (चीन)(वार्ता)। भारत की बेहतरीन पिस्टल निशानेबाज ईशा सिंह और मनु भाकर ने यहां आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन में महिलाओं की 25मी पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। ईशा ने फाइनल में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 40 हिट के साथ स्वर्ण पदक पक्का किया, जबकि पेरिस 2024 में दो ओलंपिक मेडल जीतने वाली मनु भाकर ने कड़े मुकाबले का सामना करते हुए एक अहम शूट-ऑफ जीता और 28 हिट के साथ कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय टीम ने क्वालिफिकेशन राउंड में ही अपनी छाप छोड़ दी थी। मनु भाकर 586-20× के शानदार स्कोर के साथ क्वालिफाइंग स्टैंडिंग में टॉप पर रहीं, जबकि ईशा सिंह 585-18× के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं और आसानी से आठ निशानेबाजों वाले फाइनल में जगह बनाई। एशियाई खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता राही सरनोबत ने 582-16× का स्कोर किया, जबकि सिमरनप्रीत कौर बरार (576-20×) और अभिदन्या अशोक पाटिल (573-16×) ने रैंकिंग पॉइंट्स ओनली (आरपीओ) स्टेटस के तहत खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन किया। इस सीजन की शुरुआत में म्यूनिख में वर्ल्ड कप में रिकॉर्ड-तोड़ स्वर्ण पदक जीतने के बाद मानसिक दबाव से उबरने के बारे में बात करते हुए ईशा सिंह ने कहा,यह मैच मेरे लिए बहुत दबाव वाला था क्योंकि मेरे पास पहले से ही एक पदक था। आप अपनी स्पर्धा में जितना बेहतर करते हैं, आपको उतनी ही ज़्यादा प्रतिष्ठा का बोझ महसूस होता है जिसे आपको पार करना होता है। मुझे खुशी है कि मैं आज इससे उबर पाई और शुक्रगुजार हूं कि मुझमें इसे सहने की क्षमता थी। मुझे हांग्जो में मुकाबला करना बहुत पसंद है। एशियाई खेलों के दौरान हुए मुकाबले को याद करते हुए, जहां मैंने चार पदक जीते थे, मैं यहां वापस आने के लिए बहुत उत्साहित थी। फाइनल हॉल की रेंज, लाइटिंग और माहौल से वाकिफ होना निश्चित रूप से मेरे पक्ष में रहा।

## सचिन सिवाच और अंकुश क्वार्टर-फ़ाइनल में





सचिन सिवाच और अंकुश राष्ट्रमंडल खेलों के मुक्केबाजी मुकाबलों के क्वार्टरफाइनल में पहुँच गए हैं। सचिन ने इंग्लैंड के विलियम हेविट को 4-1 से हराकर पुरुषों के 60 किग्रा वर्ग के क्वार्टर-फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की की। यह भारतीय बॉक्सर बुधवार को क्वार्टर-फ़ाइनल में बोत्सवाना के ट्रेज़र मोरेमी का सामना करने के लिए रिंग में उतरेगा। अंकुश ने एंटीगा और बारबुडा के ज़लान जान को 5-0 से हराकर शानदार शुरुआत की और पुरुषों के 80किग्रा वर्ग के क्वार्टर फ़ाइनल में प्रवेश किया।

### *गुरिंदरवीर सिंह पुरुषों की 100 मीटर दौड़ से बाहर*

राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुरिंदरवीर सिंह सोमवार को राष्ट्रमंडल खेल 2026 में पुरुषों की 100 मीटर दौड़ के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गए हैं। गुरिंदरवीर कॉमनवेल्थ गेम्स में 10 सेकंड से कम समय में दौड़ पूरी करने के बड़े इरादे के साथ आए थे, लेकिन हीट्स में उनका 10.39 सेकंड का समय सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करने के लिए नाकाफी रहा। सभी ग्यारह हीट्स के बाद, गुरिंदरवीर 73 धावकों में 28वें स्थान पर रहे और प्रतियोगिता से बाहर हो गए, क्योंकि केवल शीर्ष-17 समय वाले धावक ही सेमीफाइनल में पहुंच पाए। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए निर्धारित मानक समय 10.24 सेकंड का समय था।

***कैम मैकएवॉय 50मी. फ्रीस्टाइल स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक***- ओलंपिक चैंपियन, वर्ल्ड चैंपियन, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर ऑस्ट्रेलिया के कैम मैकएवॉय ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता रविवार को हुए मुकाबले में मैकएवॉय ने 20.97 सेकंड के शानदार समय के साथ रेस पूरी की, जबकि उनके साथी तैराक फ्लिन साउथैम (21.44) और जेमी जैक (21.47) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। लेन 3 से तैरते हुए, मैकएवॉय रॉकेट की तरह ब्लॉक से निकले और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 0.47 सेकंड आगे रहते हुए सबसे पहले फिनिश लाइन तक पहुंचे और शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

## भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स में पांचवां मेडल



**ग्लासगो।** भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में पांचवां मेडल जीत लिया है। ज्ञानेश्वरी यादव ने महिला 53 केजी वेटलिफ्टिंग इवेंट में कुल 199 किलोग्राम (88 केजी स्नैच + 111 केजी क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इसके साथ ही वेटलिफ्टिंग में भारत का यह चौथा और कुल मिलाकर पांचवां मेडल हो गया। नाइजीरिया की ओनोमे ओमोलोला डिडीह ने 206 किलोग्राम (93+113) वजन उठाकर गेम्स और कॉमनवेल्थ रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता। 23 साल की ज्ञानेश्वरी ने स्नैच में 88 केजी उठाकर नया गेम्स रिकॉर्ड बनाया। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने पहले 103, फिर 107 और आखिरी प्रयास में 111 केजी उठाया। कुल 199 केजी के साथ उन्होंने सिल्वर पक्का किया। हालांकि, डिडीह ने 113 केजी उठाकर 206 केजी के कुल वजन के साथ गोल्ड अपने नाम कर लिया। भारत अब मेडल टैली में आठवें स्थान पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया 17 गोल्ड सहित 39 मेडल के साथ पहले स्थान पर है।

## आदित्य ने सेपांग इंटरनेशनल सर्किट पर अपनी पहली इंटरनेशनल रेस जीती

सेपांग (मलेशिया)

भारतीय रेसर आदित्य पटनायक ने रविवार देर रात मशहूर सेपांग इंटरनेशनल सर्किट पर गोल्ड विओस चैंपियनशिप मलेशिया के राउंड 3 में स्पोर्टिंग क्लास में शानदार जीत हासिल की। आदित्य ने प्राइज़ मनी के तौर पर 15,000 मलेशिया रिंग्गित जीते। मुंबई के इस युवा ड्राइवर ने रेस 1 में तीसरा स्थान हासिल किया और फिर रेस 2 जीतकर राउंड 3 में पोडियम पर टॉप स्थान पक्का किया। लगातार 2 साल तक पोलो कप इंडिया में वाइस-नेशनल चैंपियन रहने के बाद, इंटरनेशनल कार रेसिंग के अपने पहले ही साल में यह उनकी पहली इंटरनेशनल कार रेसिंग जीत है। रेयो रेसिंग के आदित्य, जो पूर्व एफ़ 1 रेसर



एलेक्स यंग की टीम एक्सल स्पोर्ट्स के लिए गाड़ी चला रहे थे, क्वालिफाइंग में चौथे स्थान पर ही रह पाए। बारिश और बदलते मौसम के कारण स्पोर्टिंग क्लास में 21 कारों के ग्रिड के लिए क्वालिफाइंग काफी मुश्किल हो गया था। रेस 1 की शुरुआत में आदित्य कुछ स्थान पीछे हो गए क्योंकि शुरुआती कुछ मोड़ों पर आगे चल रही कारों का झुंड 4 कारों की चौड़ाई में चल रहा था। इसके बाद पूर्व भारतीय नेशनल कार्टिंग चैंपियन का मलेशिया के ताज ऐमन के साथ कड़ा मुकाबला हुआ। हालांकि, ऐमन और आदित्य से आगे लेव ज़ुआन यान ने जीत हासिल की। रेस 1 में टॉप 8 में रहने वाले ड्राइवरों की स्थिति रेस 2 की शुरुआत के लिए उलट दी जाती है। आदित्य के तीसरे स्थान पर रहने का मतलब था कि उन्हें छठे स्थान से शुरुआत करनी थी। आदित्य ने अच्छी शुरुआत की और कुछ स्थान ऊपर चढ़े; तीसरे लैप तक वे तीसरे स्थान पर आ गए। कुछ देर के लिए सेफ्टी कार का दौर चला और जब रेसिंग फिर से शुरू हुई, तो आदित्य ने एक बार फिर बढ़त बनाई और दूसरे स्थान पर आ गए। इसके बाद एडम मिकाइल के साथ ज़बरदस्त मुकाबला हुआ और आखिरकार आदित्य ने उन्हें पीछे छोड़ते हुए रेस में बढ़त बना ली। आदित्य ने फिर अपनी बढ़त और बढ़ा ली, लेकिन एक बार फिर सेफ्टी कार को बुलाना पड़ा। आदित्य ने अपनी बढ़त बनाए रखी और मिकाइल तथा आरिफ़ आज़मी से आगे रहते हुए अपनी पहली इंटरनेशनल जीत हासिल की। आदित्य पटनायक ने कहा, पहली रेस पूरी तरह से कांटे की टक्कर वाली थी, और दूसरी रेस इस साल की मेरी सबसे बेहतरीन रेस बन गई - मुकाबला करके और जीत के लिए बढ़त हासिल करना बहुत शानदार अनुभव था। मलेशिया में आदित्य के साथ मौजूद और उन्हें कोचिंग दे रहे रेयो रेसिंग के सीईओ सौरव बंद्योपाध्याय ने कहा, आदित्य ने उन सभी कैटेगरी में खुद को साबित किया है जिनमें उन्होंने रेस की है। इंटरनेशनल रेसिंग के अपने पहले ही सीज़न में - चाहे वह कार्टिंग हो, फॉर्मूला कार हो या अब वियोस चैलेंज - उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

## एच एस प्रणय और उन्नति हुड्डा ताइपे ओपन में करेंगे भारतीय टीम की अगुवाई

**ताइपे सिटी (वार्ता)।** एच एस प्रणय और उन्नति हुड्डा मंगलवार से शुरु हो रहे ताइपे ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। 28 जुलाई से दो अगस्त चलने वाली बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 स्पर्धा में लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी की गैर-मौजूदगी में, मौजूदा समय में 36वीं रैंकिंग और आठवीं वरीयता वाले एच एस प्रणय भारत के लिए पुरुष एकल ड्रॉ में स्पर्धा करेंगे। वहीं महिला एकल में भारत को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु की कमी खलेगी। वे व्यस्त समय के बाद ब्रेक ले रही हैं। महिला एकल ड्रॉ में तीसरी वरीयता प्राप्त और दुनिया



की 24वें नंबर की खिलाड़ी उन्नति हुड्डा सबसे ऊंची रैंकिंग वाली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी लगातार पांच बार पहले दौर में बाहर होने के बाद चीनी ताइपे पहुंची हैं और अपनी बेहतरीन फॉर्म में वापसी की उम्मीद कर रही हैं। तन्वी शर्मा जुलाई में पहली बार कोर्ट पर वापसी कर रही हैं। पिछले महीने वे ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन दोनों में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थीं। महिला एकल टीम में देविका सिहाग, मालविका बंसोड़ और अनमोल खरब भी शामिल हैं। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी इस टूर्नामेंट से बाहर हैं, क्योंकि सात्विक पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन के दौरान लगी कंधे की चोट से उबर रहे हैं। दुनिया के 77वें नंबर के खिलाड़ी भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बू भारत की पुरुष युगल चुनौती पेश करेंगे।

## टाटा पावर का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ बढ़ा

**मुंबई (वार्ता)।** देश की बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक टाटा पावर ने चालू वित्त वर्ष में मजबूत शुरुआत करते हुए 30 जून, 2026 को समाप्त पहली तिमाही के लिए 1,401 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ (पीटीए) दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि पहली तिमाही में कंपनी का राजस्व बढ़कर 18,898 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल इसी अवधि से 8 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान कंपनी का परिचालन लाभ आठ प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,249 करोड़ रुपये रहा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) को तेजी से अपनाए जाने के बीच, टाटा पावर घरेलू विनिर्माण, बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं, सीमा-पार स्वच्छ ऊर्जा साझेदारियों तथा ऊर्जा भंडारण समाधानों में रणनीतिक निवेश कर रही है। कंपनी पम्प्ड हाइड्रो स्टोरेज, बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) और हाइब्रिड ऊर्जा समाधानों के माध्यम से ग्रिड की मजबूती और विश्वसनीयता बढ़ाने की दिशा में अपनी क्षमताओं का विस्तार कर रही है। इन प्रयासों से वाणिज्यिक, औद्योगिक और घरेलू उपभोक्ताओं को भरोसेमंद स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

## इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 21 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली

भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद की एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका, जर्मनी, चीन, सिंगापुर और ओमान जैसे देशों से मजबूत मांग के कारण भारत का इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात इस वर्ष जून माह में 11.48 अरब डॉलर के स्तर पर रहा जो पिछले वर्ष इसी महीने की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। पिछले वर्ष जून में इंजीनियरिंग निर्यात यह 9.51 अरब डॉलर था। ईईपीसी इंडिया की एक विज्ञप्ति के अनुसार ओमान



को इंजीनियरिंग निर्यात जून में सालाना आधार पर पाँच गुना से अधिक बढ़कर 25.9 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया जबकि चीन को निर्यात सालाना आधार पर 74 प्रतिशत की बढ़कर 36.15 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया।अमेरिका अब भी भारत के इंजीनियरिंग सामानों का सबसे बड़ा विदेशी बाजार बना हुआ है जहां जून कुल 1.95 अरब डॉलर का निर्यात हुआ। जून में भारत के इंजीनियरिंग निर्यात में पश्चिम एशिया के कुछ बाजारों को छोड़ सभी प्रमुख बाजारों में वृद्धि दर्ज की गई। पश्चिम एशिया में कुल मिला कर निर्यात बढ़ा। क्षेत्र में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब को निर्यात में कमी हुई। इसके बावजूद, भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लागू होने के बाद ओमान को निर्यात में 420 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई, जिससे पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका (वाना) क्षेत्र में कुल मिला कर इंजीनियरिंग निर्यात वृद्धि बनी रही । इस दौरान तुर्किये को भारत का इंजीनियरिंग निर्यात जून में भी बढ़ा जबकि पिछले वर्ष इस बाजार में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई थी। ईईपीसी इंडिया की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस वर्ष जून में 34 में से 27 इंजीनियरिंग उत्पाद श्रेणियों (पैनल) में निर्यात वृद्धि दर्ज की गई।

## केशव चंद्र ने खान मंत्रालय के सचिव का कार्यभार संभाला



**नयी दिल्ली (वार्ता)** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी केशव चंद्र ने सोमवार को केंद्रीय खान मंत्रालय के सचिव का कार्यभार संभाला। वह अगमुट कैडर के 1995 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार सचिव केशव चंद्र ने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की खनन क्षेत्र में प्रमुख सरकारी पहलों और गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक के दौरान, वरिष्ठ अधिकारियों ने सचिव को मंत्रालय के विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों और पहलों के बारे में जानकारी दी। इनमें खनिज अन्वेषण, खनिज ब्लॉकों की नीलामी और संचालन, महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज तथा खनन एवं खनिज क्षेत्र के अन्य प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। सचिव ने खनिज क्षेत्र को मजबूत करने के लिए मंत्रालय की प्रमुख पहलों के समन्वित प्रयासों और प्रभावी कार्यान्वयन के महत्व पर बल दिया।

## शेयर बाजारों में पांच दिन बाद लौटी तेजी

### सेंसेक्स एक फीसदी चढ़ा

मुंबई (वार्ता)

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह लगातार पांच दिन की गिरावट के बाद सोमवार को रौनक लौट आयी और प्रमुख सूचकांक करीब एक प्रतिशत ऊपर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 776.01 अंक (1.02 प्रतिशत) चढ़कर 76,835.78 अंक पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह इसमें 2,091 अंक की गिरावट दर्ज की




गयी थी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 228.50 अंक (0.96 प्रतिशत) की बढ़त में 23,995.95 अंक पर रहा। पिछले सप्ताह पांच दिन में यह 566.85 अंक लुढ़क गया था। अमेरिका ने शांति वार्ता की गुंजाइश बनाने के लिए ईरान पर हमले रोकने की घोषणा की है। इससे दुनिया भर में शेयर बाजारों में आज तेजी रही। घरेलू स्तर पर प्रमुख सूचकांकों के अलावा निवेशकों ने वृहत बाजार में भी पैसा लगाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.28 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.31 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। चौतरफा लिवाली के बीच सभी सेक्टरों में तेजी रही। आईटी, मीडिया और रियल्टी सेक्टरों के सूचकांक दो प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा, स्वास्थ्य और रसायन समूहों के सूचकांक भी एक से दो प्रतिशत तक मजूबत हुए। एनएसई में जिन 3,446 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,259 के शेयर हरे निशान में और 1,071 के लाल निशान में रहे अन्य 116 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 28 के शेयर बढ़त में रहे। इटरनल का शेयर 5.63 प्रतिशत उछल गया। इंडिगो में 4.94 फीसदी, इंफोसिस में 3.66, बजाज फाइनेंस में 3.50, एशियन पेंट्स में 2.72, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.48, बजाज फिनसर्व में 2.02 और मारुति सुजुकी में दो प्रतिशत की तेजी देखी गयी। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1.98 प्रतिशत , टीसीएस का 1.83 , सन फार्मा का 1.67, ट्रेंट का 1.65, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.40, टाइटन का 1.23 और एनटीपीसी का 1.01 प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, बीईएल, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारती एयरटेल के शेयर भी हरे निशान में रहे। एचडीएफसी बैंक का शेयर गिरावट दर्ज की गयी। वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 1.15 प्रतिशत, हांगकांग का हैंग सेंग 0.98 प्रतिशत और जापान का निक्केई 0.50 प्रतिशत की बढ़त में रहा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.13 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.65 प्रतिशत ऊपर था।

# किसानों को वैज्ञानिक खेती और समृद्ध भविष्य से जोड़ने का जरिया है बलराम कृषि महोत्सव : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 82.70 लाख से अधिक किसानों को 3308 करोड़ रूपए अंतरित

भोपाल (स्वतंत्र मत)



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को प्रदेश के किसानों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने खंडवा जिला मुख्यालय में हुये बलराम कृषि महोत्सव में प्रदेश के 82 लाख 70 हजार से अधिक किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत 3308 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से अंतरित किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई उन्नत कृषि पर केंद्रित कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, खेती-किसानी को लाभदायी बनाने और कृषि को आधुनिक स्वरूप देने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बलराम कृषि महोत्सव केवल एक आयोजन न होकर किसानों को नई तकनीक, वैज्ञानिक खेती और समृद्ध भविष्य से जोड़ने का व्यापक अभियान है। यह किसानों का अपना कार्यक्रम है, किसान इसका अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी खेती को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खंडवा की बात ही अलग है। अतीत का खानदेश अब कई खासियतों के लिए मशहूर है। यहाँ की काली मिट्टी फसलों के लिए सोने जैसी है। इसीलिए यहां की फसलें भी सोने के भाव बिकती हैं। खंडवा जिले के हर खंड में किसानों की मेहनत से खुशहाली है। बात खेती-किसानी की हो, या जल और पर्यावरण बचाने की, खंडवा हर मामले में अव्वल है। यहां के परिश्रमी किसानों ने अपनी उद्यमशीलता और नवाचारों से पूरे देश और प्रदेश में खेती का एक अलग ही स्टैंडर्ड मॉडल सेट किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से अनुरोध करते हुए कहा कि बलराम कृषि महोत्सव आपका अपना महोत्सव है। इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि परम्परागत खेती अब गुज़रे ज़माने की बात हो गई है। अब आधुनिक और उन्नत खेती का दौर है। किसान बंधु अपने खेत की मिट्टी की जांच करायें। मिट्टी की उत्पादकता के अनुसार ही फसल लें। बहुत अधिक रायायनिक उर्वरकों का उपयोग करने से बचें, जितनी जल्दी हो सके, प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर बढ़ें। फसल विविधीकरण अपनाएं। एक ही किस्म की फसल के स्थान पर एक ही समय में खेत में एकाधिक फसल लें। इससे किसानों के खेतों में नई फसल किस्मों की हरियाली आयेगी, साथ ही आमदनी भी बढ़ेगी।

### किसानों के प्रति सरकार के मन में अगाध श्रद्धा और सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार लगातार किसान कल्याण के लिए महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। किसान अपनी मेहनत और पसीने से धरती से अन्न उगाते हैं और भूखों को अनाज उपलब्ध कराते हैं। किसानों के प्रति हमारी सरकार के मन में अगाध श्रद्धा और सम्मान है। किसान भाइयों को आज एक साथ 4000 रुपए सम्मान निधि के रूप में उनके बैंक खातों में भेजे गए हैं।

### किसानों की आय दोगुना करने का संकल्प

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की क्षमताओं को पहचानती है। भारत वह देश है, जो अपनी परम्पराओं में वसुधैव कुटुम्बकम का भाव रखते हुए संपूर्ण विश्व को एक परिवार मानता है। हमारी संस्कृति जियो और जीने दो पर विश्वास करती है। भगवान बलराम कृषि क्षेत्र के पहले देवता हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुना करने के लिए हम वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। इसमें प्रदेश के विभिन्न अंचलों में बलराम कृषि महोत्सव मनाये जा रहे हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह किसानों के प्रति हमारी संकल्प शक्ति का ही परिणाम है कि आज प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़कर 65 लाख हैक्टेयर हो गया है, जो कि वर्ष 2002-03 से पहले मात्र 44 लाख हैक्टेयर था। पिछले ढाई साल में सिंचाई का रकबा 10 लाख हैक्टेयर से अधिक बढ़ चुका है। राज्य सरकार ने कृषि क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लिए किसानों को बिजली, पानी, बेहतर सड़कें, प्राकृतिक खेती और आधुनिक खेती से जोड़ा है। किसान भाई अब ड्रोन से खेतों में खाद-बीज का छिड़काव कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसी वर्षाकाल के बाद किसानों को रात के साथ दिन में भी सिंचाई के लिए बिजली दी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार दूध उत्पादन को प्रोत्साहित कर रही है। दूध उत्पादन को वर्तमान 9 प्रतिशत से बढ़ाकर हमने 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है।

### अगले माह से मिलेगी सरकारी रोडवेज बसों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रुपए की सौगात मिल रही है। हर महीने रक्षाबंधन मनता है। अगले महीने से प्रदेश के नागरिकों को सरकारी रोडवेज बसों की सौगात मिलेगी। यह गरीब, किसानों के कल्याण का समय है। प्रदेश में गरीब-जरूरतमंदों को इलाज के लिए एयर एंबुलेंस उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण से जुड़े सभी धार्मिक स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। सिंहस्थ 2028 के आयोजन की तैयारियों के साथ ही ओंकारेश्वर धाम में भी 3 हजार करोड़ की लागत से विकास कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है और खंडवा और निमाड़ क्षेत्र को मां नर्मदा का विशेष आशीर्वाद मिला हुआ है। निमाड़ के किसानों को सिंचाई के लिए मां नर्मदा का जल मिल रहा है। दो दिन बाद गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश को नए सांदीपनि विद्यालयों की सौगात मिलेगी। प्रदेश में पहले चरण में 275 सांदीपनि विद्यालय स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 136 बनकर तैयार हो चुके हैं और 105 विद्यालयों का लोकार्पण भी हो चुका है। दूसरे चरण में हम 200 नये सांदीपनि विद्यालय बनायेंगे।

### हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि आने वाले 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस से पहले हर घर तिरंगा अभियान चलेगा और सभी लोग इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, मदनलाल ढींगरा जैसे सभी वीरों के बलिदान का स्मरण करें।

### प्रमुख घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खण्डवा में पुलिस बटालियन की स्थापना करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मूंदी से खंडवा के बीच नई सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 15 सितंबर से पहले टेंडर जारी कर दिए जाएंगे। बलराम कृषि महोत्सव की स्मृति के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को किसानों ने हल भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जैविक, हाईटेक खेती और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान बंधुओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों और सोशल मीडिया एन्फ्लुएंसर्स को भी सम्मानित किया।



# विकास और जनसेवा हमारी प्राथमिकताः राज्य मंत्री गौर

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि नागरिकों की अपेक्षाओं को पूर्ण करना तथा उनकी समस्याओं का स्थाई समाधान निकालना ही जनप्रतिनिधियों की वास्तविक प्रतिबद्धता है। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री कृष्णा गौर सोमवार को गोविंदपुरा क्षेत्र के विभिन्न विकास एवं बुनियादी निर्माण कार्यों के भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जन-जन की सुविधाओं के विस्तार और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम में अयोध्या एक्सटेंशन कॉलोनी में राजा मेडिकल स्टोर के पास 43 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाली सीसी सड़क तथा लेक सिटी कॉलोनी की मंदिर वाली गली में 33 लाख रुपये की लागत के सीसी सड़क निर्माण कार्य का विधि-विधानपूर्वक शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त भेल नगर स्थित अर्धनारीश्वर शिव मंदिर परिसर में 6 लाख रुपये की लागत से कल्चरल हॉल निर्माण, मानक विहार में सी-3 फिटनेस क्लब के समीप 10 लाख रुपये की लागत से आरसीसी नाली तथा जेपी कॉलोनी में हनुमान मंदिर के पास 6 लाख रुपये की लागत से आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भी भूमि - पूजन हुआ। राज्यमंत्री गौर ने निर्माण एजेंसियों एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वीकृत समस्त निर्माण कार्यों को तय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए, जिससे क्षेत्रवासियों को शीघ्र इन सुविधाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

## दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन आज से

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** गुरु पूर्णिमा पर गायत्री प्रज्ञापीठ बड़ी देवी मंदिर के पास दमोह में 28 एवं 29 जुलाई को दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा के आशीर्वाद से संपन्न होगा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 28 जुलाई को प्रातः 7 बजे से सूर्योदय से सूर्यास्त तक गायत्री मंत्र जप एवं साधना होगी। सायं 5 बजे से सुंदरकांड का सामूहिक पाठ एवं भजन संध्या तथा तत्पश्चात दीपयज्ञ का आयोजन किया जाएगा। द्वितीय दिवस 29 जुलाई को प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक यज्ञ हवन का आयोजित होगा। इसके उपरांत भंडारे महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने एवं गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, भवन निर्माण सामग्री में दबने से युवक की मौत



हटा (स्वतंत्र मत)

दमोह-हटा स्टेट मार्ग पर स्थित लुहारी गांव के पास रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली हटा से कुआंखेड़ा महदेले गांव भवन निर्माण सामग्री लेकर जा रही थी। ट्रॉली में निर्माण सामग्री के साथ बैठे लालसिंह पिता अर्जुन सिंह (33 वर्ष), निवासी कुआंखेड़ा महदेले ट्रॉली पलटने से सामग्री के नीचे दब गए, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही हटा थाना पुलिस 112 मौके पर पहुंची जहां ड्यूटी डा आरपी कोरी ने मृत घोषित कर दिया और शव को पंचनामा कार्यवाही के लिए पुलिस को सूचना दी गई एवं पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया ।हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसा निर्माणाधीन सीसी सड़क पर ट्रॉली का संतुलन बिगड़ने और नीचे उतरने के कारण हुआ प्रतीत हो रहा है। घटनास्थल की स्थिति से भी निर्माणाधीन सड़क हादसे की एक प्रमुख वजह मानी जा रही है। हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। हटा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि हादसा चालक की लापरवाही, सड़क निर्माण की स्थिति अथवा अन्य किसी कारण से हुआ।

# स्कूल के सामने पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दो मासूमों की मौत

**हटा (स्वतंत्र मत)।** दमोह जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में पानी से भरे करीब 15 फीट गहरे गड्ढे में डूबने से दो नाबालिग बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव के एक युवक द्वारा पेट्रोल पंप निर्माण के लिए करीब दो वर्ष पहले यह गड्ढा खुदवाया गया था, जिसे खुला छोड़ दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान सोनू यादव (10 वर्ष), पिता लखन यादव और भविष्य यादव (11 वर्ष), पिता संजू यादव के रूप में हुई है। सोनू कक्षा पांचवीं और भविष्य कक्षा छठवीं का छात्र था। दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए हटा सिविल अस्पताल लाए गए। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि सेमरा गांव में हीरालाल यादव की जमीन पर रजपुरा निवासी कनछेदी जैन द्वारा पेट्रोल पंप खोलने के उद्देश्य से करीब दो वर्ष पहले बड़ा गड्ढा खुदवाया गया था। बारिश के कारण गड्ढा पूरी तरह पानी से भर गया था। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार गड्ढा भरवाने या सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की, क्योंकि यह स्कूल के सामने स्थित है और बच्चों के लिए खतरा बना हुआ था, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। सोमवार दोपहर दोनों बच्चे अन्य बच्चों के साथ खेल रहे थे। इसी दौरान वे पानी से भरे गड्ढे में गिर गए और डूबने लगे। साथ मौजूद बच्चों ने शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीण गड्ढे में उतरकर दोनों बच्चों को बाहर निकालकर तत्काल हटा सिविल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही रजपुरा थाना पुलिस और हटा एसडीओपी कृष्णपाल सिंह सिविल अस्पताल पहुंचे तथा परिजनों से घटना की जानकारी ली। अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच और नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। रजपुरा थाना प्रभारी शिवनारायण यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया जानकारी के अनुसार संबंधित गड्ढा पेट्रोल पंप निर्माण के लिए खुदवाया गया था। पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दोनों बच्चों की मौत हुई है। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। परिजनों द्वारा लगाए गए सभी आरोपों की जांच कर तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



# कारगिल विजय दिवस पर भाजपा युवा मोर्चा ने निकाला कैंडल मार्च

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा दमोह द्वारा कारगिल युद्ध के अमर शहीदों की स्मृति में रविवार शाम घंटाघर, दमोह पर कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर के आव्हान पर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा पटैल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कैंडल मार्च में शामिल लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर भारत माता के वीर सपूतों के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को नमन कियझं भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष वर्षा रैकवार ने कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों ने अपने अद्वितीय पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान से देश का गौरव बढ़ाया है। उनका त्याग प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है और राष्ट्र सदैव उनका ऋणी रहेगा। नगर दीनदयाल मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया ने कहा कि कारगिल के अमर शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत की सीमाओं की रक्षा की। उनका बलिदान देशवासियों के लिए राष्ट्रभक्ति, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का सर्वोच्च उदाहरण है। कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा पटैल ने कहा कि मां भारती की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर सैनिकों का बलिदान सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। भाजपा सदैव वीर सैनिकों के सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध रही है।




# नशा मुक्ति के लिए भगवती मानव कल्याण संगठन एवं जिला पुलिस प्रशासन का बहुत ही सराहनीय कार्य

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** वर्तमान समय में समाज के समक्ष यदि सबसे गंभीर सामाजिक चुनौतियों में से किसी एक का नाम लिया जाएए तो वह है लोगों में तेजी से बढ़ती नशे की प्रवृत्ति शराब, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट, बीड़ी, मादक पदार्थों तथा अन्य नशीले पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नष्ट कर रहा है बल्कि परिवारों की खुशियां सामाजिक मर्यादाएं और राष्ट्र की प्रगति भी इससे प्रभावित हो रही है। इस गंभीर विषय पर अथाई आमचौपरा मार्ग पर स्थित श्रीदेव रासबिहारी राधाकृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथाव्यास रवि शास्त्री ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्तिगत बुराई नहीं बल्कि पूरे समाज को भीतर से खोखला करने वाली विकृति है जिससे बचना और दूसरों को बचाना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है श्रीमद्भागवत महापुराण मनुष्य को संयमए सदाचार, आत्मसंयम और ईश्वर भक्ति का मार्ग दिखाती है जिस हृदय में भगवान के नाम का रस बस जाता है। वहां नशे के लिए कोई स्थान नहीं रहता मनुष्य का वास्तविक आनंद प्रभु के स्मरण, सत्संग, सेवा और सच्चे संस्कारों में है न कि क्षणिक सुख देने वाले नशीले पदार्थों में आज नशे के कारण अनेक परिवार आर्थिक, मानसिक और सामाजिक संकटों का सामना कर रहे हैं।

# पटेरा में रात भर बिजली कटौती से आक्रोशित जनता का हंगामा

## विद्युत मंडल का घेराव कर किया धरना प्रदर्शन

पटेरा (स्वतंत्र मत)



पटेरा क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जारी मनमानी बिजली कटौती से परेशान होकर आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्युत मंडल के सामने जोरदार धरना प्रदर्शन और घेराव किया। रात करीब 2 बजे से शुरू हुआ यह जनआक्रोश सुबह तक जारी रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि लोड रिलीज के नाम पर पूरी-पूरी रात बिजली आपूर्ति बाधित रखी जा रही है जिससे भीषण गर्मी में बुजुर्गों, बच्चों, मरीजों और विद्यार्थियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय पटेरा थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस प्रशासन द्वारा जब बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। इसके बाद दमोह जिला स्तरीय विद्युत अधिकारियों से फोन पर वार्ता की गई जहां से सुचारू बिजली आपूर्ति का आश्वासन मिलने के बाद ही मामला शांत हो सका। बाद में मौके पर पहुँचे विधायक प्रतिनिधि भरत पटेल ने भी आक्रोशित लोगों को समझाया और भरोसा दिलाया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समान रूप से बिजली सप्लाई सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय निवासियों ने कनिष्ठ अभियंता विद्युत वितरण केन्द्र को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि अकारण और बिना पूर्व सूचना के रात में बिजली कटौती बंद नहीं की गई तो क्षेत्रवासी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे गांव-गांव से सैकड़ों ग्रामीणों ने धरना दिया गया है।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 27/7/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हरप्रीत सिंह बुट्टर पिता श्री स्व. अजीत सिंह बुट्टर ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक 955/2 डॉ.पान्डे के सामने एपीआर बिलहरी संपत्ति के पिन क्रमांक 1000389611 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1250 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1200 व.फु प्रथम तल 1200 व.फु पर निम्न दस्तावेज हक त्यागपत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री अजांत सिंह पिता श्री सरदार राम सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 27/7/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अनुराधा साहू पति श्री आशीष साहू ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक 1090/18 टाईप बी संपत्ति के पिन क्रमांक 1000386866 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1000 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 579 व.फु प्रथम तल 577 व.फु द्वितीय तल 248 व.फु पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज (1) श्रीमती तरुपमा मिश्रा पति श्री संदीप मिश्रा (2) श्री सौरभ मिश्रा पिता स्व. राधारमण मिश्रा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 27/7/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विशाल केवट पिता श्री शिव कुमार केवट ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक दुर्गा नगर भटौली संपत्ति के पिन क्रमांक 1000383300 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 300 व.फु सीमेंट सीटों पर निम्न दस्तावेज अनुबंधित विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती लक्ष्मी सेन पति स्व. श्री प्रहलाद सेन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 27/7/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री निर्मल सिंह बुट्टर पिता स्व. श्री सरदार अजीत सिंह ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक 748/3 दशमेश टॉवर रांझी संपत्ति के पिन क्रमांक 1000381346 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1800 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1350 व.फु प्रथम तल 1350 व.फु द्वितीय तल 1350 व.फु पर निम्न दस्तावेज हक त्यागपत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री सरदार अजीत सिंह पिता श्री राम सिंह बुट्टर का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**



## दो एक्सप्रेस ट्रेनों का होगा ठहराव

### निशातपुरा को मिली बड़ी रेल सुविधा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । पश्चिम मध्य रेल के निशातपुरा भोपाल रेलवे स्टेशन पर दो महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की शुरुआत की जा रही है। इस अवसर पर 28 जुलाई, मंगलवार को शाम 5 बजे निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे डॉ. अंबेडकर नगर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा मालवा एक्सप्रेस तथा जबलपुर-वेरावल एक्सप्रेस के निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर नियमित ठहराव का शुभारंभ करेंगे।

## आरोपी फरार, तलाश में जुटी पुलिस

### अवैध रूप से ले जायी जा रही देशी शराब जप्त

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । पाटन थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध कार्यवाही की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि शहपुरा तरफ से ग्रे रंग की टोयटा कोरोला एल्टिस कार जिसमे आगे नम्बर प्लेट नहीं है में अवैध रूप से अधिक मात्रा मे शराब लोड कर ले जायी जा रही है। सूचना पर तत्काल सुरईया तिराहे के आगे घेराबंदी की गयी, शहपुरा की ओर से कार आते दिखी रोकने पर कार का चालक एवं कार मे बैठा एक व्यक्ति पुलिस को देख कर कार को कुछ दूर रोकर कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये।





# कारगिल के अमर वीरों को नमन राष्ट्रभक्ति से सराबोर हुआ शाला परिसर






### बीएमडी हितकारिणी शाला में कारगिल दिवस पर आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बाबू मनमोहन दास हितकारिणी हायर सेकेंडरी एवं हितकारिणी चिल्ड्रन्स एकेडमी, दीक्षितपुरा में देशभक्ति, शौर्य और राष्ट्रीय गौरव से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों एवं शिक्षकों ने कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके अदम्य साहस, त्याग और सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके साथ ही विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति के वातावरण से गुंजायमान हो उठा।

***देशभक्ति से ओतप्रोत रहीं छात्रों की प्रस्तुतियाँ***- छात्रों ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के शौर्य और पराक्रम पर आधारित भाषण, ओजपूर्ण कविताएँ, आकर्षक पोस्टर तथा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों में देशप्रेम और राष्ट्र गौरव की भावना का संचार किया। शिक्षकों ने छात्रों को कारगिल युद्ध के इतिहास, भारतीय सेना की वीरता तथा विजय के महत्व की विस्तृत जानकारी भी दी।

#### वीर शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध के अमर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने वीर जवानों के अद्वितीय बलिदान को नमन करते हुए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यालय की प्राचार्य माधुरी शुक्ला, उपप्राचार्य डॉ. सचिन कुमार पैंडके तथा हेड मिस्ट्रेस नमिता सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें उन वीर सैनिकों की याद दिलाता है जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सम्मान की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# ब्याज के पैसों के विवाद में युवक की निर्मम हत्या

### दो सगे भाइयों ने लाठी-डंडों से पीटा, आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



बरगी थाना क्षेत्र के मनकेड़ी गांव में ब्याज के रुपए मांगने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना रविवार देर रात की है। घायल युवक की सोमवार सुबह मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर दो सगे भाइयों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक अशोक उइके मजदूरी करता था। साथ ही गांव के कुछ लोगों को जरूरत पड़ने पर ब्याज पर छोटी रकम भी उधार देता था।पुलिस के अनुसार, गांव के विमल नेताम ने करीब चार महीने पहले अपनी बाइक अशोक के पास 9,500 में गिरवी रखी थी। दोनों के बीच यह तय हुआ था कि यदि अशोक बाइक चलाएगा तो ब्याज नहीं लिया जाएगा। रविवार शाम विमल के बेटे लालू नेताम और दिनेश नेताम रुपए देकर बाइक छुड़ाने पहुंचे। इसी दौरान अशोक ने 10 प्रतिशत के हिसाब से ब्याज की राशि मांगी। दोनों पक्षों के बीच इसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दोनों भाइयों ने अशोक के घर में ही लाठी-डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और बाइक लेकर मौके से फरार हो गए।

***इलाज के दौरान मौत***- घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से अशोक को बरगी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, अशोक की मां ने थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि मृतक अशोक उइके मजदूरी के साथ गांव में ब्याज पर रुपए भी उधार देता था। बाइक गिरवी रखने और रुपए लौटाने के दौरान ब्याज को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 19 हजार की रिश्वत लेते ग्राम रोजगार सहायक गिरफ्तार

### लोकायुक्त की कार्रवाई, पट्टा देने के लिए मांगे थे 20 हजार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



लोकायुक्त टीम जबलपुर ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बरगी क्षेत्र के ग्राम तिनसी में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक दिलीप कुमार साहू को 19 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्राम पंचायत में जमीन के पट्टे के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में रिश्वत मांग रहा था। लोकायुक्त के अनुसार, ग्राम तिनसी निवासी 36 वर्षीय राजकुमारी परस्ते ने मकान निर्माण के लिए पंचायत से जमीन का पट्टा दिए जाने का आवेदन किया था। आरोप है कि आवेदन पर कार्रवाई करने के बजाय ग्राम रोजगार सहायक दिलीप साहू ने कहा कि पहले एनओसी बनेगी और इसके लिए 20 हजार रुपए देने होंगे, तभी काम होगा। रिश्वत देने में असमर्थ राजकुमारी ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त जबलपुर से की। शिकायत का सत्यापन कराया गया, जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। सत्यापन के दौरान आरोपी ने 20 हजार की मांग घटाकर 19 हजार रुपए लेने पर सहमति जताई। इसके बाद लोकायुक्त टीम ने सोमवार, 27 जुलाई 2026 को जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी ने ग्राम पंचायत भवन तिनसी में फरियादी से 19 हजार रुपए की रिश्वत ली, लोकायुक्त पुलिस ने उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7, 13(1)(बी) एवं 13(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई का नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक रेखा प्रजापति ने किया। टीम में निरीक्षक राहुल गजभिये सहित लोकायुक्त संगठन के अन्य अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। लोकायुक्त टीम मामले की जांच कर रही है।

# टेंट हाउस की तीसरी मंजिल में भभकी आग

### शॉर्ट सर्किट से गोदाम में लगी आग, लाखों का सामान खाक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



बल्देवबाग-उखरी रोड स्थित पारस टेंट हाउस की चार मंजिला इमारत में सोमवार शाम भीषण आग लग गई। यह आग शाम करीब साढ़े पांच बजे इमारत की तीसरी मंजिल पर बने गोदाम में शॉर्ट सर्किट से लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिसकी लपटें खिड़कियों से बाहर निकलने लगीं और धुएं का गुबार दूर से दिखाई दिया। टेंट हाउस के संचालक और कर्मचारियों ने शुरुआत में अग्निशमन यंत्रों से आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, गोदाम में टेंट और कपड़े जैसे ज्वलनशील सामान होने के कारण आग तेजी से फैल गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। आग की गंभीरता को देखते हुए 6 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और 20 से अधिक पानी के टैंकरों को आग बुझाने के काम में लगाया गया। नगर निगम की दमकल टीम ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। इस अग्निकांड में तीसरी मंजिल का पूरा गोदाम और उसमें रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस और दमकल विभाग की टीम अब आग से हुए कुल आर्थिक नुकसान का आकलन कर रही है।

## निरीक्षण करने शहर पहुंची रेलवे बोर्ड के महानिदेशक सेफ्टी की टीम

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। रेल संचालन में सर्वोच्च सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेलवे बोर्ड के महानिदेशक (संरक्षा) हितेंद्र मल्होत्रा, कार्यकारी निदेशक संरक्षा (सिविल) राहुल श्रीवास्तव तथा पश्चिम मध्य रेल के प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी मनोज गुरुमुखी द्वारा जबलपुर मंडल के विभिन्न परिसरों का उच्चस्तरीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान टीम ने जबलपुर कोचिंग डिपो क्रू लॉबी, आरआरआई, यार्ड आदि का सघन निरीक्षण किया।

# बैंक डकैती में एक और आरोपी गिरफ्तार

### 60 लाख का सोना और देशी पिस्टल जब्त



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। 11 अगस्त 2025 को खितौला स्थित इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में हुई डकैती के मामले में जबलपुर पुलिस ने एक और आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब 350 ग्राम सोने के जेवर और घटना में प्रयुक्त एक देशी पिस्टल बरामद की गई है। जब्त सोने की कीमत लगभग 60 लाख रुपए बताई जा रही है। हालांकि पुलिस को अभी भी 7 किलो 800 ग्राम सोना बरामद करना बाकी है। क्राइम ब्रांच की टीम सोमवार को आरोपी छोटू उर्फ सरमन मेहतो (23) निवासी ग्राम मयरा, थाना इमामगंज, जिला गया (बिहार) को गिरफ्तार कर जबलपुर लाई। उसे कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि सरमन मेहतो, डकैती के मास्टरमाइंड सुनील पासवान का करीबी सहयोगी था। वह लूट का सोना अपने पास रखता था और बाद में उसे अलग-अलग जगह बेचने में मदद करता था। खितौला डकैतीकांड में अब तक 13 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। करोड़ों रुपए के सोने की बरामदगी के लिए एमपी पुलिस की टीम अभी भी बिहार में डेरा डाले हुए है।

## एमयू का हिस्सा तथा डेयरी साइंस कॉलेज छिनने से आमजनता में आक्रोश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। जबलपुर से छिनी गई संस्थाओं की संख्या में एमयू का बड़ा हिस्से की तथा डेयरी साइंस कॉलेज की जबलपुर से शिफ्टिंग जुड़ गई है। दिनों दिन यह संख्या बढ़ने से जनता में भारी आक्रोष फैला हुआ है। अब इसकी भरपाई जबलपुर को उपराजधानी का दर्जा देकर की जाये, यह मांग उठी है। जनसंगठनों की हुई बैठक में डॉ. पी. जी. नाजपांडे ने बताया की जबलपुर को उपराजधानी बनाओ, इस मुद्दे पर हुए बड़े आंदोलन से जबलपुर की उपेक्षा पर अंकुश लगा था, लेकिन यह आंदोलन बाद में ठप्प पड़ने से राज्य सरकार द्वारा जबलपुर की अनदेखी बढ़ गई। फलस्वरूप यहां से संस्थाओं का शिफ्टिंग फिर से शुरू हो गया है।

विधानसभा सचिवालय द्वारा 20 जुलाई को म.प्र. राजपत्र में प्रकाशित विधेयक से स्पष्ट हो गया है की उज्जैन एमयू धन्वंतरि के नाम से कहलाया जायेगा। लेकिन जबलपुर एमयू को बगैर नाम का रखकर यह केवल स्वास्थ्य विवि के नाम से कहलाया जायेगा।

बैठक में रजत भार्गव, टी. के. रायघटक, सुभाष चंद्रा, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, वेदप्रकाश अधौलिया, डी. के. सिंग, संतोष श्रीवास्तव, मनीष शर्मा, पी.एस. राजपूत, के.पी. सोनी, व्ही. एन. कमलकर, एड. घनश्याम सोनकर, एड. प्रशांत साहू आदि उपस्थित थे।

# विक्टोरिया अस्पताल को स्वास्थ्य क्षेत्र में मिली बड़ी सौगात

### जिला अस्पताल में एमआरआई केंद्र का हुआ लोकार्पण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)





शासकीय सेठ गोविंददास (विक्टोरिया) जिला चिकित्सालय में सोमवार को आधुनिक एमआरआई केंद्र का भव्य लोकार्पण किया गया। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और उत्तर-मध्य जबलपुर विधायक डॉ. अभिलाष पांडेय ने फीता काटकर इस सुविधा का शुभारंभ किया। जिला अस्पताल प्रदेश का ऐसा चौथा जिला अस्पताल बन गया है, जहां मरीजों को रियायती दरों पर एमआरआई की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इससे पहले प्रथम चरण में भोपाल, इंदौर और ग्वालियर में यह सुविधा शुरू की जा चुकी है। एमआरआई केन्द्र में आयुष्मान भारत कार्डधारकों के लिए एमआरआई की सुविधा पूरी तरह मुफ्त रहेगी। वहीं सामान्य मरीजों के लिए इसकी दरें सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम की दरों से भी 33 प्रतिशत सस्ती रखी गई हैं। यह एमआरआई मशीन कृष्णा डायग्नोस्टिक्स के सहयोग से लगभग 7.5 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित की गई है। शहर के हृदय स्थल में स्थित होने के कारण इसका सीधा लाभ जबलपुर और आसपास के ग्रामीण व पड़ोसी जिलों से आने वाले मरीजों को मिलेगा।

***रियायती दरों पर मिलेगी सुविधा***- लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि जिला अस्पताल के स्तर पर एमआरआई की सुविधा उपलब्ध होना एक बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार कर रही है। विधायक डॉ. अभिलाष पांडेय ने बताया कि 7.5 करोड़ की लागत से स्थापित यह मशीन आमजन को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा जबलपुर वासियों के लिए यह बेहद राहत भरी खबर है। कृष्णा डायग्नोस्टिक के माध्यम से मरीजों को बहुत ही रियायती दरों पर यह सुविधा दी जा रही है।

***इनकी रही उपस्थिति*** - कार्यक्रम में कैंट विधायक अशोक रोहाणी, बरगी विधायक नीरज सिंह, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, संयुक्त कलेक्टर सृष्टि प्रजापति, सीएमएचओ डॉ. नवीन कोठारी, डॉ. रत्नेश कुरारिया, डॉ. विनीता उप्पल, डॉ. जया श्रीवास्तव, डॉ. नीता पाराशर, अस्पताल प्रबंधक अरुण शाह और कृष्णा डायग्नोस्टिक्स की टीम सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**